अत्र दीक्षागुरूणां कृपयैव ब्रूमहे-प्रत्याहारज्ञानविषयक एवान्योन्याश्रयः। नायमन्योन्याश्रयः पदार्थज्ञानविषयकः। तृतीयेन कल्पेन भगवान् भाष्यकारः सङ्केतविशेषगर्भकेण भङ्ग्यन्तरेण वा साक्षादच्-पदार्थज्ञापनद्वारेण साक्षाद्-हल्पदार्थबोधं प्रस्तौति।पश्यत्येष महर्षिसूत्रम् ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः इति। ये वै भवन्त्यूकालाः, ये च पुनः ह्रस्वदीर्घप्लुताः- ते नूनं स्वरपदवाच्या एव, त एव च पुनरत्र सूत्रे महता आचार्येण अच्-पदवाच्यतया प्रतिष्ठापिताः। तर्कणापि क्रियेत चेत्-नेदमच-पदं स्वार्थात् स्वरात् कम्पते। एषा हि महती सूक्ष्मेक्षिका भगवतः पाणिनेः अन्योन्याश्रयदोषसम्भावनाप्रतियोगिकात्यन्ताभावं प्रति। द्वयोरेव भगवतोः सूत्रव्याख्यानाभ्यां नयनान्युन्मील्य प्रथमचरणस्थमपि सूत्रं पश्यन्तु धीराः। तच्च हलोऽनन्तराः संयोगःइति। ये खलु आनन्तर्येण संयुक्ताः, अवश्यं तानि हल-पदवाच्यव्यञ्जनानि। अनन्ताः सन्त्युदाहरणानि-राष्ट्रम्, इन्द्रः, सुद्ध्युपास्य इति। सूत्रं विश्वतोमुखम् इति न विस्मर्त्तव्यम्।

सिद्धे शब्दार्थे नास्त्यन्योन्याश्रयः। जातो वाक्यार्थबोधः सूत्रस्य। किन्तु पुनराशङ्कते मनीषा-यद्येवं तर्हि व्यञ्जनमन्त्यम् इत्येव सूत्रयेत्। अत्रोच्यते-अन्योन्याश्रयदोषभञ्जनमात्रप्रयोजनः कल्पः, तत्र च सफलल एव सर्वथा। प्रत्याहारेणैव व्यवहरेत्-इत्यस्ति ढक्कानिनादकृतादेशः तदनुसारिणी पाणिनिप्रतिज्ञा च।तयैव रीत्या सूत्रनिर्माणे शास्त्रज्ञाने च सौकर्यम्। तथैव शिवसूत्रजालसम्पृक्ततापि।

हल-प्रत्याहारो निर्मातव्यः। किम्प्रयोजनकमिदं निर्माणम्? द्विर्बद्धं सुबद्धं भवति, आर्षत्वात्, पुण्यजनकत्वाद् भागवतत्वाच्चेति ब्रूमः। एवं हि प्रत्याहारविषयकान्योन्याश्रयस्थितौ कल्पद्वयेन बोधव्यवस्थापनं तृतीयेन च तद्धः।

श्रीमहाराजैः महती, विशाला, गूढाभिप्रायोद्घाटिनी च श्रीरामभद्रीयावृत्तिर्व्यधायि, श्लोकेष्वपि तानि तत्त्वानि निक्षिप्य प्रवाहेण च तत्त्वप्रकाशाः प्राकाटिषत पुनश्च तत्रैव नयनप्रसादिनीमिव रामप्रसादिनीं राष्ट्रियामारचय्य श्रीगुरुचरणान् प्रति हार्दाः आर्द्रभावाः न्यवेदिषतेति कृत्वा पुनः पुनः प्रणामाञ्जनीन् समर्प्य विरमामि।

भवच्चरणन्निष्ठः

**विभागाध्यक्षः,व्याकरणविभागः,**
**ज.रा.रा.सं.वि.वि.जयपुरम्**

# शोधपत्र लेखन

**डॉ. इन्दिरा खत्री**

एक शोधकर्त्ता जब अपना शोध कार्य पूर्ण करता है, त् वह शोध के लाभ को जन-जन तक या तत्सम्बन्धी परिक्षेत्र के लोगों को उससे परिचित कराना चाहता है और शोध से प्राप्त दिशा पर विद्वज्जनों का प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण जानना चाहता है, ऐसी स्थिति में सहज सर्वोत्तम विकल्प दिखता है - शोधपत्र। सम्पूर्ण शोध ग्रन्थ को सार रूप में सरल, बोधगम्य, शीघ्र अधिगम योग्य बनाने के लिए शोधपत्र का प्रयोग किया जाता है, ऐसे कई शोधपत्र, शोधपत्रिकाओं का हिस्सा बन जाते हैं, एवम् ज्ञानपिपासुओं की ज्ञानक्षुधा की तृप्ति का कार्य करते हैं । इससे जन जन तक इसका लाभ पहुँचना सुगम हो जाता है, सेमीनार में इन्ही शोधपत्रों का वाचन होता है।

**शोधपत्र से आशय (Meaning Of Research Paper)**

शोधपत्र, शोध रिपोर्ट या शोधकार्य का व्यावहारिक प्रस्तुति योग्य सार आलेख है, जो परिणाम को अन्तिम रूप में समेट कर भविष्य की दिशा के निर्धारण में सहयोगोन्मुख है । प्रो. एस.पी. गुप्ता ने अपनी पुस्तक ''अनुसंधान संदर्शिका'' में बताया है-

''पत्र-पत्रिकाओं (Journals) में प्रकाशित होने वाले अथवा संगोष्ठियां (Seminars) व सम्मेलनों (Seminars) में वाचन हेतु तैयार किये गए अनुसन्धान कार्य विषयक लेखों को प्रायः अनुसंधानपत्रक (Conferences) का नाम दिया जाता है।

इस विषय में एक अन्य शिक्षाशास्त्री डॉ0 आर0 ए0 शर्मा ने अपनी पुस्तक ''शिक्षा अनुसन्धान के मूल तत्व एवं शोधप्रक्रिया'' में लिखा है-

''शोधप्रपत्र लिखना कठिन कार्य है, क्योंकि यह कार्य आलोचनात्मक, सृजनात्मक तथा चिन्तन स्तर का है । शोधप्रपत्र लेखन में एक विशिष्ट प्रक्रिया का अनुसरण करना होता है, जिसमें समुचित क्रम को अपनाया जाता है'' ।

अतः उक्त आलोक में कहा जा सकता है, कि शोधप्रपत्र सम्पूर्ण शोध के परिणाम व सुझाव से युक्त वह प्रपत्र है, जो स्व-विचार के स्थान पर तथ्य निर्धारण हेतु तत्पर शोध-आधारित दृष्टिकोण से सम्बन्ध रखता है ।

**शोधप्रपत्र के प्रकार (Types Of Research Paper)-**

काल व शोध के प्रकार के आधार पर शोधपत्र के प्रकारों का निर्धारण विद्वज्जनों द्वारा किया गया है । कुछ विशेष प्रकारों को इस प्रकार क्रम दे सकते हैं-

1. शंका-समाधानमूलक या तार्किक शोधपत्र (Argumentative Research Paper)
2. कारणान्वित एवं प्रभावान्वित शोधपत्र (Cause and Effect Research Paper)
3. विश्लेणात्मक शोधपत्र (Analytical Research Paper)
4. परिभाषिक शब्दमीमांसामूलक शोधपत्र (Definition Research Paper)
5. तुलनात्मक शोधपत्र (Contrast Research Paper)
6. व्याख्यात्मक शोधपत्र (Interpretive Research Paper)

**शोधप्रपत्र का प्रारूप (Research Paper Format)-**

शोधपत्र लिखने का कोई पूर्व निर्धारित प्रारूप सभी प्रकार के शोध हेतु निर्धारित नहीं है । शोधकर्त्ता का सम्यक् दृष्टिकोण ही शोधप्रपत्र का आधार बनता है, फिर भी अपूर्णता से बचने हेतु सभी प्रमुख बिन्दुओं को सूचीबद्ध कर लेना चाहिए । दिशा, प्रवाह, अनुभव, अवलोकन इत्यादि सभी दृष्टियों से शोधपत्र को प्रभावी बनाने में मदद मिलती है। सामान्यतः शोधप्रपत्र प्रारूप में अधोलिखित बिन्दुओं को आधार बनाया जा सकता है-

**(अ) भूमिका/प्रस्तावना -**

कई पहलुओं से, प्रस्तावना दरअसल मूल अवधारणा को ही प्रकारान्तर से लिखना है - अपने बृहत्तर विषय से परिचय कराते हुए शुरुआत करिए, फिर जिस क्षेत्र को आपने शोध केन्द्रित माना है, उस ओर पाठक का ध्यान खींचें, अन्त में विषय-वाक्य को रखें । ठीक वे ही वाक्यांश जिनका प्रयोग आपने मूल अवधारणा में किया है ।

**(ब) विषयवस्तु -**

यद्यपि आप कक्षाकक्ष या कार्यसम्बन्धी दिशानिर्देशों से बंधे हो सकते हैं, पर शोधपत्र परियोजना में अपने विषय का चुनाव पहला और सबसे महत्वपूर्ण सोपान है । आपका शीर्षक मनचाहा हो सकता है या फिर कुछ ठोस सीमाओं की माँग कर सकता है, इसकी परवाह किये बिना दिमाग में कुछ प्रश्नों को रखना महत्वपूर्ण होगा; क्या इस विषय पर पर्याप्त शोध मौजूद है? क्या यह विषय पर्याप्त, नया या अद्वितीय है, जिस पर मैं नयी राय दे सकता हूँ ? क्या यह मेरे उद्देश्य के लिए प्रासंगिक है ?

कुछ ऐसा चुनें जो आपको पसंद हो, जब भी संभव हो, ऐसा विषय चुनें जिसके प्रति आप आवेग महसूस करते हों । जिसमें आपको मजा आता हो, उसके बारे में लिखने पर यह अंतिम दस्तावेज में निस्संदेह झलकेगा और इस बात की संभावना बढ़ जाती है, कि जिसका आप लुत्फ उठाते हैं, उसके बारे में एक पेपर लिखने में सफल होंगे ।

**(स) मुख्य अंश–**

शोध का विषय लेने के बाद, अगला कदम शोध की शुरुआत है । शोध कई प्रकार के होते हैं, जैसे वेब पेज, जर्नल आलेख, किताबें, विश्वकोश, साक्षात्कार और ब्लॉग पोस्ट इत्यादि । अपने विषय पर मूल्यपरक शोध और अंतर्दृष्टि देने वाले आनुक्रमिक स्रोतों की खोज में समय दीजिए । केवल 1–2 स्रोतों पर ही निर्भर न रहें; कम से कम पांच स्रोतों के उपयोग की कोशिश करें ।

प्रयोग–आधारित (इम्पिरिकल) शोध को ढूँढ़े: जहाँ भी संभव हो, श्रेष्ठ जनों द्वारा समीक्षा किये हुए (peer review) प्रयोगाश्रित शोध को देखें । ये आपकी रुचि के क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा लिखे वे लेख या किताबें हैं, जिनका काम इस क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञों द्वारा पढ़ा जाना और पारित किया जाना है । ये किसी वैज्ञानिक जर्नल या ऑनलाइन खोज के द्वारा ढूँढ़े जा सकते हैं ।

पुस्तकालय जाएँ: अपने स्थानीय पुस्तकालय या विश्वविद्यालय के पुस्तकालय जाएँ । यद्यपि ये पुराने जमाने की तरह लग सकता है, पर किताबों से लेकर अखबार, पत्रिकाओं और जर्नल तक मददगार शोधसामग्री से पुस्तकालय भरा होता है । लाइब्रेरियन से भी मदद मांगने में संकोच न करें । वे शोध में प्रशिक्षित होते हैं और जानते हैं, कि आपके विषय से सम्बन्धित सब कुछ कहाँ होगा ।

ऑनलाइन खोजें : सर्च इंजन का इस्तेमाल करके शीर्ष तीन परिणाम चुनना जरूरी नहीं है, कि सबसे बेहतर शोध का तरीका क्या होगा। आलोचनात्मक दृष्टि से हर स्रोत को पढ़िए और निर्धारित कीजिए कि वह कहाँ तक वैध है । ऑनलाइन वेबसाइट, ब्लॉग, या फोरम के लिए केवल तथ्य प्रकाशित करना जरूरी नहीं है, इसलिए इस बात को जाँच लें कि जो सूचना आपको मिली है वह विश्वसनीय है या नहीं।

आम तौर पर, वेबसाइट जिनके नाम के अंत में .edu, .gov, या .org होता है, ऐसी सूचनाएं रखती हैं, जिन्हें इस्तेमाल किया जा सकता है । ऐसा इसलिए है कि ये वेबसाइट स्कूलों, सरकार या उन संगठनों की होती हैं, जो आपके विषय से सम्बन्धित हैं ।

अपनी खोज का प्रश्न बार–बार बदलें, ताकि आपके विषय पर अलग–अलग तरह के खोज–परिणाम मिलें । अगर कुछ भी मिलता नजर न आये तो ऐसा हो सकता है कि आपकी खोज का प्रश्न अधिकाँश लेखों के शीर्षक से मेल नहीं खा रहा है, जो आपके विषय पर है ।

एकेडमिक डेटाबेस का इस्तेमाल कीजिये : कुछ खास सर्च इंजन या अकादमिक डेटाबेस उपलब्ध हैं, जो हजारों पीअर रिव्यूड (विशुद्ध पुनर्विलोकन) या वैज्ञानिक जर्नल, पत्रिकाओं और किताबों को खंगालते हैं । यद्यपि इनमें से अधिकाँश सशुल्क सदस्यता की मांग करते हैं, पर यदि आप किसी कॉलेज के छात्र हैं, तो आपको अपने विश्वविद्यालय की सदस्यता के माध्यम से इनके निःशुल्क इस्तेमाल की सुविधा मिल सकती है।

ऐसे डेटाबेस ढूंढ़िए जो आपके विषय को ही इंगित करते हों। उदाहरण के लिए Psyclnfo एक ऐसा डेटाबेस है, जो केवल मनोविज्ञान और समाजशास्त्र के क्षेत्र में ही विद्वानों द्वारा किये काम को सम्मिलित करता है। सामान्य खोज के मुकाबले यह आपको अपने अनुरूप शोध सामग्री पाने में मदद करेगा ।

अपने शोध में रचनात्मक हो जाएँ : यदि आप अपने विषय पर एक सचमुच बेहतरीन किताब या जर्नल ढूंढ़ लेते हैं, जो आपके विषय के बिल्कुल उपयुक्त हो, तो उसके अंत में दी गयी ग्रन्थ–सूची, उद्धृत सामग्री–सूची और सन्दर्भों को ढूँढ़ने की कोशिश कीजिए। इसमें आपके विषय से सम्बंधित बहुत सी अन्य किताबें और जर्नल होंगे ।

अपने शोधपत्र को उद्धरण विधियों में ढालें : सभी शोधप्रबन्धों को किसी न किसी विधि में उपनिबद्ध किया जाता है ताकि शैक्षिक चोरी से बचा जा सके । अपने शोध के विषय और अध्ययन–क्षेत्र के आधार पर आपको अलग–अलग प्रकार कि फोर्मेटिंग विधियों को चुनना होगा MLA, APA और शिकागो (Chicago) विधियाँ; ये तीन सबसे अधिक इस्तेमाल में लायी जाने वाली उद्धरण–विधियाँ हैं और ये निर्धारित करती हैं कि अंत: पाठीय उद्धरण या फुटनोट कैसे इस्तेमाल किये जायेंगे तथा आपके शोधपत्र में

सूचनाओं का क्या क्रम होगा।

MLA फॉर्मेट को विशेष रूप से साहित्यिक शोध–पत्रों के लिए इस्तेमाल किया जाता है और इनमें 'उद्धृत सामग्री' की एक सूची अंत में जोड़नी होती है, इस विधि में अंत:पाठीय उद्धरण प्रयोग किये जाते हैं।

APA फॉर्मेट का उपयोग सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में लिखे जाने वाले शोधपत्रों के लिए शोधकर्त्ताओं द्वारा किया जाता है, और इनमें भी अंत:पाठीय उद्धरण देने होते हैं। इनमें निबंध का अंत "सन्दर्भ" पृष्ठ के साथ होता है, और मुख्य भाग के अनुच्छेदों के बीच में उपशीर्षक का प्रयोग भी किया जा सकता है।

शिकागो फोर्मेटिंग का प्रमुखतः ऐतिहासिक शोधपत्रों के लिए उपयोग किया जाता है और इसमें अंत:पाठीय उद्धरण के स्थान पर पृष्ठ के नीचे फुटनोट (पादटिप्पणी) का प्रयोग होता है और साथ ही एक 'उद्धृत सामग्री' और सन्दर्भों का पृष्ठ जुड़ता है।

**(द) परिणाम –**

अच्छे शोधप्रपत्र के गुण (Qualities Of a Good Research Paper) या अच्छे शोधप्रपत्र की विशेषताएं (Characteristics Of a Good Research Paper) या अच्छे शोधप्रपत्र के लाभ (Advantage Of a Good Research Paper) - शोधप्रपत्र लिखना और सम्यक् सन्तुलित शोधप्रपत्र लिखने में अन्तर है, अतः प्रभावी शोधपत्र लिखने हेतु आपकी जागरूकता के साथ निम्न गुण, विशेषताओं का होना आवश्यक है तभी समुचित लाभ प्राप्त होगा –

1. नवीन ज्ञान से संयुक्तीकरण।
2. शोधकार्यों से सम्बन्धित दृष्टिकोण का सम्यक् विकास।
3. पुनः आवृत्ति से बचाव।
4. परिश्रम को उचित दिशा।
5. विभिन्न परिक्षेत्र के शोधों से परिचय।
6. समीक्षा में सहायक।
7. विशेषज्ञों के सुझाव जानने का अवसर।
8. शक्ति व धन की मितव्ययिता।
9. अनुभव में वृद्धि।
10. प्रसिद्धि में सहायक।

**निष्कर्ष लिखें:** अब जब आपने सावधानीपूर्वक अपने साक्ष्यों के आधार पर काम पूरा कर लिया है, तो एक निष्कर्ष लिखें जो आपके खोजे गए परिणाम को संक्षिप्त रूप से पाठकों के समक्ष रखे और जो समाप्ति का आभास देता हो। अपने विषय वाक्य को संक्षिप्त तरीके से दोबारा रखते हुए शुरुआत कीजिये, फिर जिन बिन्दुओं को आपने शोधपत्र में समेटा है उन्हें पाठकों को याद दिलाएं। धीरे–धीरे अपने विषय से बाहर निकलते हुए अपनी खोज के अपेक्षाकृत व्यापक सन्दर्भ और तात्पर्य पर जोर देते हुए एक बृहत्तर आलेख से समाप्त कीजिए।

आपके निष्कर्ष का लक्ष्य, साधारण शब्दों में, इस प्रश्न का उत्तर देना है, "तो क्या?" ध्यान रखें, कि पाठक आखिरकार महसूस करे कि उसे कुछ प्राप्त हुआ है।

कई कारणों से अच्छा नुस्खा तो यह है कि, निष्कर्ष को भूमिका के पहले लिख लिया जाये। पहली बात तो यह है, कि जब प्रमाण आपके दिमाग में ताजा हों, तो निष्कर्ष लिखना ज्यादा आसान होता है। उससे भी बड़ी बात यह है, सलाह दी जाती है कि आप निष्कर्ष में अपने सबसे चुनिन्दा शब्द और भाषा का सशक्त रूप से प्रयोग करें और फिर उन्हीं विचारों को भिन्न शब्दों में अपेक्षाकृत कम वेग के साथ भूमिका में रख दें, न कि इसका उल्टा करें! यह पाठकों पर ज्यादा स्थायी प्रभाव डालेगा।

सम्पूर्ण शोधपत्र लेखन के पश्चात् यदि शोध मानदण्डों के अनुरूप सन्दर्भग्रन्थसूची भी दे दी जाए, तो दूसरे शोधकर्त्ताओं को उस विषय में अधिक जानने की इच्छा की संपूर्ति हो सकेगी।

**सन्दर्भ–ग्रन्थ**

1. अनुसंधान संदर्शिका – प्रो. एस.पी. गुप्ता, एस.सी.ई.आर.टी
2. शिक्षा अनुसन्धान के मूल तत्व एवं शोधप्रक्रिया – डॉ. आर. ए. शर्मा, प्रभात प्रकाशन
3. सामाजिक अनुसंधान – राम आहूजा, रावत पब्लिकेशन्स

**सह आचार्य (हिन्दी)**
**राज. महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर**

# क्रियात्मक अनुसंधान एवं शोधविधि

**डॉ. कैलाश चन्द्र बुनकर**

**सारांश**

विषय विशेष के बारे में बोधपूर्ण तथ्यान्वेषण तथा यथासम्भव सामग्री संकलित कर सूक्ष्मतर विश्लेषण -विवेचन और नए तथ्यों, नए सिद्धान्तों के उद्घाटन की प्रक्रिया शोध कहलाती हैं। शोध के लिए अन्य पारिभाषिक/पर्यायवाची शब्द है-अनुसंधान, गवेषणा, खोज, अन्वेषण,मीमांसा, अनुशीलन, परिशीलन, आलोचना रिसर्च आदि। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवैदी के अनुसार स्थूल अर्थों में उसी नवीन और विस्मृत तत्वों के अनुसंधान को शोध कहते हैं। सार्थक, जीवन की समझ एवं समय समय पर उस समझ का पूनर्मूल्यांकन, नवीनीकरण का नाम ज्ञान है, और ज्ञान की सीमा का विस्तार शोध कहलाता है। पी.वी.यंग के अनुसार नवीन तथ्यों की खोज, प्राचीन तथ्यों की पुष्टि, तथ्यों की क्रमबद्धता, पारस्परिक सम्बन्धों तथा कारणात्मक व्याख्याओं के क्रियात्मक अनुसंधान अध्ययन विधि का व्यवस्थित स्वरूप शोध कहलाता है।किसी समस्या का तात्कालिक या त्वरित समाधान क्रियात्मक अनुसंधान कहलाता है। हमारा यह संसार प्राकृतिक एवं चमत्कारिक अवदानों से परिपूर्ण है। अनन्तकाल से यहाँ तथ्यों का रहस्योद्घाटन और व्यवस्थित अभिज्ञान का अनुशीलन होता रहा है। कई तथ्यों का रहस्योद्घाटन तो दीर्घ अन्तराल के निरन्तर शोध से ही सम्भव हो सका है। जाहिर है कि इन तथ्यों की खोज और उसकी पुष्टि के लिए शोध की अनिवार्यता बनी रही है। इस जिज्ञासु प्रवृत्ति ने मानव में शोध-प्रक्रिया को जन्म दिया। शोधकर्ता सदा ही एक सुचिन्तन खोजप्रवृति का उद्गम बना रहा है। वास्तव में किसी सत्य को निकटता से जानने के लिए शोध एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। शोध की महत्ता मानव समुदाय की सोच की संगत, विविधता से सम्बद्ध है, मानव-समुदाय की रूचि, प्रकृति, व्यवहार, स्वभाव, और योग्यता के आधार पर यह भिन्नता परिलक्षित होती रही है। मानवीय व्यवहारों की अनिश्चित प्रकृति के कारण जब हम व्यवस्थित ढंग से किसी विषय प्रसंग का अध्ययन कर किसी निष्कर्ष पर आना चाहते है, तो शोध अनिवार्य हो जाता है।

महत्वपूर्ण शब्द

**क्रियात्मक अनुसंधान, समस्या, शोधविधि', साहित्य।** **सानन्दमानन्दवने वसन्तं, आनन्दकन्दं हतपापवृन्दम्। वाराणसीनाथमनाथनाथं, श्रीविश्वनाथं शरणं प्रपद्ये।।**

विषय विशेष के बारे में बोधपूर्ण तथ्यान्वेषण तथा यथासम्भव सामग्री संकलित-कर सूक्ष्मतर विश्लेषण -विवेचन और नए तथ्यों, नए सिद्धान्तों के उद्घाटन की प्रक्रिया शोध कहलाती हैं। शोध के लिए अन्य पारिभाषिक/पर्यायवाची शब्द है-अनुसंधान, गवेषणा, खोज, अन्वेषण,मीमांसा, अनुशीलन, परिशीलन, आलोचना रिसर्च आदि। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवैदी के अनुसार स्थूल अर्थों में उसी नवीन और विस्मृत तत्वों के अनुसंधान को शोध कहते हैं। सार्थक, जीवन की समझ एवं समय समय पर उस समझ का पूनर्मूल्यांकन, नवीनीकरण का नाम ज्ञान है, और ज्ञान की सीमा का विस्तार शोध कहलाता है। पी.वी.यंग के अनुसार नवीन तथ्यों की खोज, प्राचीन तथ्यों की पुष्टि, तथ्यों की क्रमबद्धता, पारस्परिक सम्बन्धों तथा कारणात्मक व्याख्याओं के क्रियात्मक अनुसंधान अध्ययन विधि का व्यवस्थित स्वरूप शोध कहलाता है।

**मृत्तोयैः शुद्श्यते शोध्यं नदी वेगेन शुद्ध्यति। अद्भिर्गात्राणि शुध्यन्ति मनः सत्येन शुध्यति।।**

(इति मनु.-5.108/1.09)

**क्रियात्मक अनुसंधानः-**

किसी समस्या का तात्कालिक या त्वरित समाधान क्रियात्मक अनुसंधान कहलाता है। इसमें किसी स्थानीय परिवेश या दैनिक जीवन से सम्बंधित व्यवहारिक समस्याओं को रखा गया है। जिन्हें लम्बे समय तक टाला नहीं जा सकता है। इसे एक शैक्षिक नवाचार में रखा गया है। क्रियात्मक अनुसंधान (Action RE+SEARCH)दो शब्दों से मिलकर बना है। (पुनः खोजना) अर्थात् बार-बार खोजकर समस्या का सर्वश्रेष्ठ हल निकालना ही अनुसंधान है। सामान्य रूप से क्रियात्मक अनुसंधान में विद्यालय से सम्बंधित शैक्षिक समस्याओं

का हल खोजा जाता है। अमेरिका में 1930 के दशक में समाजशास्त्र एवं शिक्षाशास्त्र में क्रियात्मक अनुसंधान का सर्वाधिक प्रयोग हुआ है। इस शब्द का प्रयोग सबसे पहले 1930 में लगभग एक दशक तक अमेरिकी शिक्षाशास्त्री कोलियर ने किया।

क्रियात्मक अनुसंधान पर अमेरिका के कोलंबियो विश्वविद्यालय के प्रोपेसर स्टीफेन एम कोरे ने किया, इन्होने 1953 में क्रियात्मक अनुसंधान पर पहली पुस्तक RESEARCH To IMPROVE SCHOOL PRACTICE की रचना कर क्रियात्मक अनुसंधान पर बहुत कार्य किया गया है। अतः इन्हें क्रियात्मक अनुसंधान का जनक कहा गया है। 1962 में NCERT नई दिल्ली में आकर लगभग दो वर्ष तक क्रियात्मक अनुसंधान का प्रचार प्रसार किया।

अतः इनके माध्यम से भारत में क्रियात्मक अनुसंधान का आगमन हुआ तथा वर्तमान में क्रियात्मक अनुसंधान का प्रचार, प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर (NCERT एवं राज्य स्तर पर SIERT तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जा रहा है।

**क्रियात्मक अनुसंधान के क्षेत्रः –**

1. विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/शिक्षा केन्द्र आदि की समस्याओं का तात्कालिकहल खोजना।
2. समस्या जहाँ से पैदा हुई है, उसका हल भी वहीं खोजना।
3. संस्था के कार्मिकों द्वारा ही समस्याओं का समाधान करना ।
4. कार्मिकों मे वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करते हुए विद्यार्थियों को संस्था में बिना किसी बाधा के उचित वातावरण में शिक्षा प्रदान करना।
5. शैक्षिक समस्याओं पर तत्काल सामूहिक रूप से कार्य करना, जिससे अच्छी तरह से उसका निदान हो सकें।
6. विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के विकास के लिए उचित वातावरण प्रदान करते हुएसमस्या को जड़ से समाप्त करना।
7. समाजिक समस्याओं से अलग शैक्षिक समस्याओं का व्यावहारिक हल निकालना।

**क्रियात्मक अनुसंधान की प्रक्रिया :–** यह अनुसंधान विषय विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया जाता है बल्कि अनुसंधानकर्ता संस्था के प्राचार्य, शिक्षक, प्रबन्धक, व अन्य कार्मिक करते हैं। क्रियात्मक अनुसधान में मुख्यतः विद्यार्थियों से सम्बन्धित/समस्याओं पर ध्यान दिया जाता है।

यथाः– 1. अनुशासनहीनता से सम्बन्धित समस्याओं पर ध्यान दिया जाता है।

2. संस्था में नियमितरूप से देर से आने की समस्या, कक्षा से भाग जाना इत्यादि।

3. दैनिकरूप से गृहकार्य न करने की समस्या, समय विभाग चक्र सम्बन्धी समस्या इत्यादि।

4. बैठक व विषयगत समस्या समाधानार्थ व्यवस्था।

इन समस्याओंका समाधान तत्काल संस्था के कार्मिकों द्वारा किया जाता है, जिससे उत्पन्न समस्या के समाधान हेतु अनुसंधान प्रारम्भ हो सके।

**क्रियात्मक अनुसंधान की विशेषताएँ–**

1. क्रियात्मक अनुसंधान में समस्या का तत्काल समाधान होता है।
2. क्रियात्मक अनुसंधान केवल वही व्यक्ति कर सकता है, जो उस समस्या से प्रत्यक्ष रूप से जुडा होता है।
3. इस अनुसंधान की विषयवस्तु दैनिक या व्यावहारिक जीवन से सम्बन्धित होती है।
4. क्रियात्मक अनुसंधान का उद्देश्य संस्था की कार्य–प्रणाली में सुधार करना होता है।
5. क्रियात्मक अनुसंधान बहुत ही सीमित तथा निर्धारित समय में पूरा किया जाता है।

**निदानात्मक क्रियात्मक अनुसंधान :**–जब किसी शोध–समस्या का उद्देश्य समस्या के कारणों को जानकर उसे दूर करने का प्रयास करना होता है। त् उसे निदानात्मक क्रियात्मक अनुसंधान कहा जाता है।

**सहभागी क्रियात्मक अनुसंधानः**–जब किसी शोध–समस्या को उस समस्या से सम्बन्धित सभी व्यक्ति मिलजुल कर हल करने का प्रयास करते हैं तो उसे सहभागी क्रियात्मक अनुसंधान कहा जाता है।

यथाः–पर्यावरण कार्यक्रम को संस्था में प्रभारी बनाने के लिए जब शिक्षक, छात्र तथा संस्था से जुडे सभी लोग उस पर मिलजुल कर कार्य करते है, वह सहभागी क्रियात्मक अनुसंधान कहलाता है।

**अनुभूतिमूलक अनुसंधानः**– जब किसी समस्या को महसूस करने वाला स्वयं ही उस समस्या को हल करने का प्रयास करता है वह अनुभूतिमूलक अनुसंधान कहलाता है।

**प्रयोगात्मक क्रियात्मक अनुसंधानः**– जब किसी अनुसंधान को करने के पश्चात् उससे प्राप्त परिणाम के प्रभाव को दूसरों पर देखा जाता है, तो उसे प्रयोगात्मक क्रियात्मक अनुसंधान कहा जाता है।

**जैसेः**– शिक्षा प्रक्रिया में नवाचारों के प्रयोग का प्रभाव छात्रों में देखा जाता है।

**क्रियात्मक अनुसंधान के दोषः–**

1. शिक्षक कई बार परिस्थितिवश प्रभावी अनुसंधान नहीं कर पाते है तथा कभी कभी शिक्षण प्रक्रिया को भी बाधित करना पड़ जाता है।
2. एक ही समस्या पर सभी कार्मिक कार्य करते हैं तो विचारों में समानता नहीं पाई जाती है।
3. क्रियात्मक अनुसंधान में वस्तुनिष्ठता का अभाव भी रहता है।
4. विश्वसनीयता का अभाव भी होता है, तथा समयाभाव में समस्या पर प्रभावी रूप से कार्य नहीं हो पाता है।
5.. प्रत्येक समस्या पर अनुसंधान करना संभव नहीं हो पाता हैं।

**’शोध–विधि’ :–** शोध प्रक्रिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष प्रक्रिया का प्रथम सोपान् होता है। यहीं से शोध की दिशाएँ खुलती हैं। पूरे शोध की सफलता शोधार्थी द्वारा निर्धारित शोध–समस्या पर ही निर्भर होती है। शोध–समस्या सामान्य अर्थों में सैद्धान्तिक या व्यावहारिक सन्दर्भों में व्याप्त वह कठिनाई होती है, जिसका समाधान शोधार्थी अपने शोध के दौरान करना चाहता है। शोध समस्याएँ निर्धारित करते समय हर शोधार्थी को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए–

1. कोई न कोई व्यक्ति, समूह अथवा संगठन हर वातावरण की समस्या से अवश्य सम्बद्ध रहता है।
2. समस्या समाधान हेतु शोधार्थियों को कम से कम दो कार्य–प्रणालियों के साथ आगे बढना चाहिए।
3. कार्यप्रणाली का प्रयोग करते हुए ध्यान रखना चाहिए, कि हर समस्या के कम से कम दो सम्भावित परिणाम सामने हो, जिनमें से एक की तुलना में शोधार्थी को दूसरा परिणाम अधिक उपयुक्त लगता हो।
4. शोधार्थी के समक्ष कम से कम एक ऐसा परिणाम अवश्य हो जो उसके उद्देश्य को अच्छी तरह पूर्णता प्रदान करता हों।
5. कार्य–प्रणालियाँ समान न हो एक दूसरे से भिन्न हों, किन्तु वेलक्षित उद्देश्यों पर आधारित कार्य करने की सुविधा देने वाली हों। शोध–समस्या निर्धारित करते समय शोध करने वाले के उद्देश्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

शोध की रूप रेखाः– शोध संकल्पना तैयार करने पश्चात् हर शोधार्थी अपने अनुभवजन्य सकंल्पना की जाँच हेतु एक शोध–

प्रारूप बनाता है। यह क्रिया उस स्थापत्य अभियन्ता के उद्गम् जैसी होती है जो भवन–निर्माण से पूर्व तत्सम्बन्धी सारी व्यवस्था करता है–मकान का उद्देश्य , स्वरूप, संकल्पना, सरंचना, सामग्री के स्रोत, संसाधन, अनुमानित व्यय, पूर्व, पश्चात् की जनप्रतिक्रियाएँ सारी बातों का अनुमानित निर्णय वह पूर्व में ही कर लेता है, अर्थात् अपनी योजना का एक आदर्श आधार वह तैयार कर लेता है। शोध–

प्रारूप वस्तुतः शोध के प्रारम्भ से अन्त तक की अभिकलित कार्य योजना है, जिसमें शोधार्थी की पूरी कार्यपद्धति दर्ज

रहती है। आत्मस्फुरण से, अभिज्ञान से अथवा पर्यवेक्षक एवं सन्दर्भों के सहयोग से, जैसे भी हो, शोध प्रारूप के रूप में शोधार्थी वस्तुतः अपने लिए एक स्वनिर्मित विधान पंजीकृत कराता है, जिसका अनुसरण करते हुए वह अपने लक्षित उद्देश्य तक पहुँच जाने को आश्वस्त हो पाता है। प्रारूप बनाते समय शोधार्थी अपने अध्ययन के सामाजिक एवं आर्थिक सन्दर्भ का भी विशेष ध्यान रखता है। शोध प्रारूप दरअसल शोध से पूर्व किये गए निर्णयों की एक ऐसी श्रृंखला है, जो पूरे शोधकार्य के दौरान शोधार्थी की गतिविधियों को मार्गनिर्देश देती रहती है। निर्णय के क्रियान्वयन की स्थिति आने के पूर्व निर्णय निर्धारित करने की प्रक्रिया को रसेल लिंकोन एकॉफ शोध प्रारूप कहते हैं।

शोध-विषय, शोधार्थी, शोधपर्यवेक्षक तथा उपलब्ध सामग्री ही अन्ततःकिसी शोध-प्रारूप के निर्धारक तत्व होते हैं, इन्हीं घटकों की गुणवत्ता से शोध प्रारूप और शोध की गुणवत्ता रेखांकित होती हैं। प्रारूप में तथ्य-संग्रह के स्रोत-दस्तावेज,पुस्तक, सर्वेक्षण, पत्रिका, वेबलिंक, इन्टरनेट आदि और अध्ययन के प्रकार ऐतिहासिक, तुलनात्मक, मिश्रित आदि पद्धति की सूचनाएँ रहती हैं। शोध की विधियाँ-सर्वेक्षण विधि,सांख्यिकीयविधि आदि तथा शोध के विभिन्न चरणों की निर्धारित समयावधि का उल्लेख भी यथा सम्भव वहाँ होता है।

**शोध का महत्व**ः-शोध के महत्व को सामान्य तौर पर हम निम्नलिखित रूप में देख सकते हैं।

1. शोध मानव-ज्ञान को दिशा प्रदान करता है ज्ञान-भण्डार को विकसित एवं परिमार्जित करता है।
2. शोध से व्यावहारिक समस्याओंका समाधान होता है।
3. शोध से व्यक्तित्व का बौद्धिक विकास होता है, तथा यह सामाजिक विकास में सहायक होता है।
4. शोध जिज्ञासा मूलक प्रवृत्ति की सन्तुष्टिकरता है एवं अनेक नवीन कार्यविधियां, उत्पादों को विकसित करता है।
5. शोध पूर्वाग्रहों के निदान और निवारण में सहायक होता है, तथा ज्ञान के विविध पक्षों में गहनता और सूक्ष्मता प्रदान करता है।

जॉन बेस्ट के कथनानुसार सांस्कृतिक उन्नति का रहस्य शोध में निहित है। शोध नए सत्यों के अन्वेक्षण द्वारा अज्ञान मिटाता है, सच की प्राप्ति हेतु उत्कृष्टतर विधियाँ और श्रेष्ठ परिणाम प्रदान करता है। किसी शोध को बेहतर शोध कहने के लिए आवश्यक है कि उसमें सामान्य अवधारणाओं के उपयोग द्वारा शोध के उद्देश्यों को स्पष्टता से परिभाषित किया गया हो। शोध -प्रक्रिया की व्याख्या इतनी स्पष्ट हो कि सम्बद्ध प्रकरण पर आगामी शोध -दृष्टि निखरे और परवर्ती शोधार्थी उस दिशा में अनुप्रेरित हों।

शोध -प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कोई शोधार्थी अपने ही शोध की कमियाँ उजागर करने में संकोच न करें शोध में उपयोग किये गए आँकडे और सामग्रियाँ विश्वसनीय हों। सुपरिभाषित पद्धतियों और निर्धारित नियमों के अनुपालन के साथ किए गए शोध की प्रस्तुति में शोधार्थी की विलक्षण क्षमता के साथ सुव्यवस्थित तार्किक कौशल स्पष्ट दिखें।

**शोध के प्रमुख सोपान**ः-शोध के प्रमुख चार सोपान होते हैंः-

1. ज्ञान क्षेत्र की किसी समस्या को सुलझाने की प्रेरणा।
2. प्रासंगिक तथ्यों का संकलन।
3. तार्किक विश्लेषण एवं अध्ययन
4. निष्कर्ष की प्रस्तुति ।

**शोध की विशेषताएँ-** वस्तुनिष्ठता, क्रमबद्धता, तार्किकता, वैज्ञानिकदृष्टिकोण, यथार्थता, निष्पक्षता, विश्वसनीयता, प्रामाणिकता, तथ्यान्वेषण समयावधि का उल्लेख एवं अनुशासनबद्धता, सन्दर्भों की सत्य प्रतिकृति आदि किसी भी बेहतर शोध की अनिवार्य विशेषताएँ होती हैं।

**शोध के उद्देश्यः-**

1. विज्ञान सम्मत कार्यविधि और बोधपूर्ण तथ्यान्वेषण द्वारा विषय, प्रसंग, घटना, व्यक्ति एवं सन्दर्भ के बारे में सूचित समस्याओं, शंकाओं, सुविधाओं का निराकरण करना।
2. विस्तृत और अलक्षित तथ्यों को आलोकित करना, नए तथ्यों की खोज करना।

3. लक्षित विषयवस्तु, घटना, व्यक्ति, समूह स्थिति का सही-सही विवरण जुटाना।

4. सकंलित सामग्रियों का अनुशीलन, विश्लेषण करना, उनके अनुषंगी प्रकरणों से परिचित होना, एकाधिक प्रसंगों के साम्य-वैषम्य का बोध प्राप्त करना।

शोध दृष्टिकोणः- 1. मात्रात्मक दृष्टिकोण 2. आनुमानिक दृष्टिकोण 3. अनुकरणात्मक दृष्टिकोण

4. उपयोगात्मकदृष्टिकोण 5. गुणात्मक दृष्टिकोण

शोध-प्रकिया उन क्रियाओं अथवा चरणों का क्रमबद्ध विवरण है जिसके द्वारा किसी शोध को सफलता के साथ सम्पन्न किया जाता है। शोध प्रक्रिया के कई चरण होते हैं। शोध प्रक्रिया में प्रत्येक चरण एक दूसरे पर निर्भर होता है।

शोध-प्रक्रिया के विविध चरणः-1. विषय निर्धारण। 2. शोधसमस्या निर्धारण। 3. सम्बधित साहित्य का व्यापक सर्वेक्षण। 4. प्राक्कलन का निर्माण। 5. शोध की रूपरेखा तैयार करना। 6. तथ्यसंग्रह तत्व विश्लेषण। 7. परिकल्पना की जाँच सामान्यीकरण एवं व्याख्या।

**शोध प्रतिवेदन तैयार करनाः-** शोध-विषय चयनोपरान्त प्रणाली को अपनाते हुए शोधकर्ता स्वयं अपना विषय तय करता है। परन्तु शोध योजनाबद्ध तरीके का हो, उसकी कोई संस्थानिक सम्बद्धता हो, किसी शैक्षिक संस्था से संचालित, सम्पोषित हो , उस स्थिति में विषय की चयन प्रणाली संस्थानिक हो जाती है। फिर शोध हेतु शोधार्थी को विषय वह संस्था देती है। सूचीबद्ध चयन प्रणाली में विषय निर्धारित करते समय शोध-पर्यवेक्षक और शोधार्थी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे प्रसंग में शोधार्थी और पर्यवेक्षक आपसी सहमति से शोध विषय निर्धारित करते है। इस प्रकार से शोध प्रणाली अपनाते हुए दिशा निर्देशानुसार शोध समस्याओं का निराकरण करते हुए कार्य आगे बढाते रहते हैं। पूरे शोध की सफ्फलता शोधार्थी द्वारा निर्धारित शोध समस्या पर ही निर्भर होती है। शोध समस्या सामान्य अर्थो में सैद्धान्तिक व्यावहारिक सन्दर्भों में व्याप्त वह कठिनाई होती है, जिसका समाधान शोधार्थी अपने शोध के दौरान करना चाहता है। कार्यप्रणाली का प्रयोग करते हुए ध्यान रखना चाहिए कि हर समस्या के कम सेकम दो सम्भावित परिणाम सामने हो, जिनमें से एक की तुलना में शोधार्थी को दूसरा परिणाम अधिक उपयुक्त लगता हो। अभिप्राय यह कि शोधार्थी के समक्ष कम से कम एक ऐसा परिणाम अवश्य हो, जो उसके उद्देश्य को पूर्ण करता हो।

**निष्कर्षः**-हमारा यह संसार प्राकृतिक एवं चमत्कारिक अवदानों से परिपूर्ण है। अनन्तकाल से यहाँ तथ्यों का रहस्योद्घाटन और व्यवस्थित अभिज्ञान का अनुशीलन होता रहा है। कई तथ्यों का रहस्योद्घाटन तो दीर्घ अन्तराल के निरन्तर शोध से ही सम्भव हो सका है। जाहिर है कि इन तथ्यों की खोज और उसकी पुष्टि के लिए शोध की अनिवार्यता बनी रही है। इस जिज्ञासु प्रवृत्ति ने मानव में शोध-प्रक्रिया को जन्म दिया। शोधकर्ता सदा ही एक सुचिन्तन खोजप्रवृति का उद्‌गम बना रहा है। वास्तव में किसी सत्य को निकटता से जानने के लिए शोध एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। शोध की महत्ता मानव समुदाय की सोच की संगत, विविधता से सम्बद्ध है, मानव-समुदाय की रूचि, प्रकृति, व्यवहार, स्वभाव, और योग्यता के आधार पर यह भिन्नता परिलक्षित होती रही है।मानवीय व्यवहारों की अनिश्चित प्रकृति के कारण जब हम व्यवस्थित ढंग से किसी विषय प्रसंग का अध्ययन कर किसी निष्कर्ष पर आना चाहते है, तो शोध अनिवार्य हो जाता है।

**''हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्। तत् त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये ।।'' इति (ईशा. मंत्रा-15)**

**सन्दर्भः-**

1. शोध प्रविधि 2. शोधविद्या विज्ञान 3. ईशा -मन्त्रः15 4. मनु-5/100 5. संस्कृत शोध प्रविधि

**प्राचार्य**

**राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय, चीथवाड़ी (जयपुर)**

**मो0नं0- 9828546213**

# शोध परियोजना निर्माण विधि

डा. सुरेश चन्द्र गुप्ता

**नमः साम्बं शिवं ब्रह्म वाचस्पतिं सरस्वतीं। सुबुद्धेश्च प्रदातारं नमामि कुलदेवताम्।।**

**जयपुरोऽपरा काशी ख्यातोऽस्ति जगतीतले। देशविविधराज्येभ्यो विद्वांसोऽत्र समागताः।।**

**संस्कृतशिक्षणायात्र महाराजस्य नामतः। रामसिंहद्वितीयेन विद्वत्संरक्षणाय वै।।**

**महाविद्यालयो तेन साहित्यास्यानुरागिणा। वेदधर्मादि पाठार्थं संस्कृतस्य सुचालितः।।**

**महाविद्यालयेऽस्मिन् च ज्ञानिनः सुप्रतिष्ठिताः। अनेके ह्यभवन्तेषां नामानि संस्मराम्यहम्।।**

**अनुसन्धानप्रक्रियासिद्धान्तस्य विषयिकी। द्विदिवसात्मिका गोष्ठी कर्मकारैः सुयोजिता।।**

**शोधनिर्माणमादाय किंचिद्विलिखितं मया। सभायाः परितुष्ट्यै च हिन्द्यां प्रस्तूयते ननु।।**

**सूचयन्तु पुनस्ते मां यद्यभवनशुद्धयः। किमपि यदि ग्राह्यं स्यात् सेवन्तां तं मनीषिणः।।**

किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समृद्धि में वहाँ होने वाले शोधकार्य सुनिश्चित सहभागिता निभाते हैं। 'शोध' शब्द दिवादिगणीय 'शुध्-शोधने' धातु से 'घञ् प्रत्यय करने पर बनता है, जिसका अर्थ है- शुद्धिसंस्कार।1 अनुसंधान, तुलना, अनुशीलन, परिशीलन, परिशोधन, सर्वेक्षण, अन्वेषण, गवेषणा इत्यादि इसके अपर पर्याय हैं-2

**पर्येषणा परीष्टिश्चान्वेषणा च गवेषणा।।अमरकोष2/32**

किन्तु सामान्यतया शोध के लिए 'अनुसंधान' शब्द का ही प्रयोग होता है। अनुसंधान का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है- 'अनुसंधीयतेऽनेन इति अनुसंधानम्' अर्थात् 'किसी लक्ष्य को सामने रखकर दिशा विशेष में बढ़ना।'3 अनु व सम् उपसर्गपूर्वक धा धातु से ल्युट्प्रत्यय करने पर अनुसंधानशबीव्युत्पत्ति होती है जिसका सामान्य अर्थ है- पूर्वकृत कार्य में सम्यक् रूप से-'गुणावगुण, अच्छे बुरे का परीक्षण।

शोध को अंग्रेजी में रिसर्च (Research) कहते हैं। 'रिसर्च' शब्द 'रि सर्च' से मिलकर बना है, जिसमें 'रि' का अर्थ है 'बार-बार' तथा 'सर्च' का अर्थ है- 'खोजना'। इस प्रकार शाब्दिक व्युत्पत्ति के आधार पर रिसर्च शब्द उस प्रक्रिया को द्योतित करता है जिसमें शोधार्थी किसी तथ्य विशेष का बारम्बार पर्यवेक्षण करते हुए उसके सम्बन्ध में तथ्यों को एकत्रित करता है तथा इन विचारों का भली-भांति विश्लेषण कर तत्सम्बन्धी सम्यक् निष्कर्ष प्रस्तुत करता है।

तात्पर्य यह है कि शोध या रिसर्च अध्ययन का वह महत्त्वपूर्ण साधन है जिसके द्वारा किसी उपयोगी विषय को लेकर समुचित एवं सुनियोजित पद्धति से उसमें निहित नितान्त गूढ़ तत्त्वों का व्यवस्थित व वैज्ञानिक विवेचन किया जाता है। वस्तुतः शोध वस्तुस्थितिस्थापक, अनपेक्षिततथ्यनिवारकपद्धतिसमन्वित वह विधि है जिसमें सन्दर्भों के सम्यक् परीक्षणोपरान्त समस्या का समुचित समाधान प्रस्तुत किया जाता है-

**नामूलं लिख्यते किंचिद्, नानपेक्षितमुच्यते। विश्लिष्याश्लिष्य सन्दर्भान्, समस्या समाधीयते।।5**

शोध के आयाम-शोध के आयाम तत्त्वों से तात्पर्य उनउपकरणों से है, जिनके द्वारा शोधकार्य सम्पादित किये जाते हैं। सुन्दर, सुव्यवस्थित एवं सारगर्भित शोधकार्य के लिए शोध के घटक तत्त्व अतिमहत्त्वपूर्ण होते हैं-

Knowledge of these and many other facts of modern methodology of research are very important not only for research workers but also for readers of research studies. Researchers should be aware that no reputed scientific journals would publish their work if they have not followed proper research methodology.6

शोध निर्माण विधि को इस प्रकार समझ सकते हैं-

1. विषय-निर्वाचन - 'शोध के लिए विषय का चुनाव अत्यावश्यक है'।7 विषय-निर्वाचन शोध की प्रथम-प्रक्रिया है,

क्योंकि विषय रूपी भूमि पर शोध-प्रबन्ध रूपी भव्य-भवन निर्मित होता है। विषय शोध का आधारभूत बीज है। अतः इसके चयन में पर्याप्त धैर्य, योग्यता व बुद्धिमत्ता की जरूरत होती है। विषयचयन की तीन पद्धतियाँ हैं-1 स्वच्छन्दप्रणाली, 2योजनाबद्धप्रणाली एवं 3सूचीबद्धप्रणाली।8

1.1 स्वच्छन्दप्रणाली-इस प्रणाली को वैयक्तिकीपद्धति भी कहते हैं। शोधविषयनिर्वाचन में इस पद्धति का विशेष महत्त्व है क्योंकि शोधार्थी स्वतंत्रतापूर्वक रुचि के अनुसार वांछित एकाधिक विषयों का चयन कर निर्देशक की सहायता से स्वयोग्यतानुरुप एवं उपयोगी विषय का चयन कर लेता है। इस पद्धति से जहाँ मनोनुकूल विषयचयन होने से शोधार्थी प्रसन्नता एवं लगनपूर्वक शोधकार्य करने में प्रवृत्त होता है, कभी-कभी विषय समाजोपयोगी न होने से निरर्थक हो जाता है। अतः इस पद्धति में इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि विषय मनोनुकूल होने के साथ-साथ समाज व राष्ट्रोपयोगी हो।

1.2 योजनाबद्धप्रणाली-यह पद्धति समीचीन होती है। शोधविश्वविद्यालय, शोधसंस्थान या शोधपरिषद् द्वारा विषयों की क्रमबद्ध सूची तैयार कर शोधार्थी को उसकी रुचि, योग्यता तथा कार्यक्षमतानुसार पूर्वनिर्मित शोधविषयसारणी में से विषय दे दिया जाता है। उदाहरणार्थ-'आयुर्वेद के परिप्रेक्ष्य में अष्टांग-हृदय', तथा 'चरकसंहितावर्णित चिकित्सापद्धति का समालोचनात्मक अध्ययन' इत्यादि।

1.3 सूचीबद्धप्रणाली-जिस प्रकार स्वच्छन्दप्रणाली शोधार्थीपरक होता है उसी प्रकार सूचीबद्धप्रणाली शोधनिर्देशकाश्रित होता है। शोधनिर्देशक अपनी अभिरुचि, योग्यता तथा विशेषज्ञता के क्षेत्रों से विषय का चयनकर शोधार्थी को प्रदान कर देते हैं। यह पद्धति तीनों पद्धतियों में सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि इस पद्धति में अनुभवी शोध-निर्देशक, स्व-पाठित शोधार्थी की क्षमता एवं अभिरुचि के अनुसार विषय प्रदान करता है। अतः इस पद्धति पर विशेष बल दिया जाना चाहिए।

2. संक्षिप्त रूप-रेखा निर्माण - किसी भी विषय के प्रतिपादनार्थ संक्षेपतः विषय-सम्बन्धी बिन्दुओं को स्पष्ट करना 'संक्षिप्त रूप-रेखा' है। 'ज्ञान की किसी महत्त्वपूर्ण एवं नवीन उपलब्ध या नवीन व्याख्या की संभावना से सम्पन्न विषय या रूप की प्राक्कल्पित, तर्कसंगत, संक्षिप्त, व्यवस्थित, आधारभूत एवं सांगोपांग सूत्ररचना या रेखांकन, शोधरूपरेखा है।'

General view, estimate a brief orderly outline of Çording a quick general view, a summary of completed film: 9

अर्थात् शोधविषय को निश्चित तथा मर्यादित करने के लिए विभिन्न अध्यायों, शीर्षकों तथा उपशीर्षकों में विभाजित कर शोधकार्य का कच्चा खाका तैयार करना ही 'रूप-रेखा' है।

रूपरेखा के द्वारा ही विषय का गठन, गुणविस्तार, उसके प्रति दृष्टिकोण, महत्ता और सम्यक्संभावित निष्कर्षों की स्पष्ट झलक प्राप्त होती है। जिस तरह विषयनिर्वाचन कठिन एवं दुःसाध्य है, उसी प्रकार यह भी, क्योंकि विषय अज्ञात होने से शोधार्थी का अज्ञान बना रहता है। अतः निर्देशक की सहायता से वह शोधार्थी इसे बनाने में प्रवृत्त होता है। इसमें विषय से सम्बन्धित एक सूची तैयार करनी होती है और इसके अध्ययनोपरान्त विषय का संक्षिप्तीकरण प्रारम्भ होता है। उदाहरणार्थ-'महाकविकालिदास के ग्रन्थों का समालोचनात्मक अध्ययन' इत्यादि विषय से सम्बद्ध रूप-रेखा। रूप-रेखा में निम्न तथ्यों का सम्यक् समावेश अपेक्षित होता है-

2.1 भूमिका - भूमिका में चुने हुए विषय के महत्व व आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए वर्तमान समय में विषय की उपयोगिता क्या है, इस बात को स्पष्ट किया जाना चाहिए। इसमें इस बात पर भी बल दिया जाना चाहिए कि विषय अज्ञात रहने से अभी तक अवशिष्ट है अतः इस पर कार्य किया जाना उचित है।

2.2 क्षेत्र - क्षेत्र में यह बतलाया जाना चाहिए कि प्रस्तावित विषय का क्षेत्र अतिव्यापक है किन्तु मैंने इसे संक्षिप्त कर दिया है जिसकी एक विशेष वजह है।

2.3 पद्धतियाँ - शोध की मुख्यरूप से आठ पद्धतियाँ हैं - ;पद्ध शास्त्रीय, ;पपद्ध तुलनात्मक, ;पपपद्ध समस्यामूलक, ;पअद्ध क्षेत्रीय अध्ययन, ;अद्ध वर्गीय अध्ययन, ;अपद्ध ऐतिहासिक, ;अपपद्ध दार्शनिक, ;अपपपद्ध भाषा-वैज्ञानिक। शोधार्थी को इनमें से किसी एक पद्धति का चयनकर यह बतलाना चाहिए कि मैं इस पद्धति का आश्रय ले रहा हूँ।

2.4 अध्यायविभाजन - चुने हुए विषय को विविध भागों/उपभागों में विभाजित करना 'अध्यायविभाजन' है। अध्याय-

विभाजन करते समय शोध–प्रबन्ध को दो भागों या पक्षों में विभाजित कर देना चाहिए– ऐतिहासिक पक्ष तथा सैद्धान्तिक पक्ष।

–1. ऐतिहासिक पक्ष – यह लेखक परक होता है। इसमें लेखक के जीवन–स्थान, काल–निर्धारण तथा रचनाओं इत्यादि का उल्लेख होता है।

–2. सैद्धान्तिक पक्ष – लेखक के विचारों एवं सिद्धान्तों से सम्बन्धित इस पक्ष में पदों का अर्थ, लक्षण, व्युत्पत्ति, परिभाषा, विश्लेषण इत्यादि का समावेश होता है।

2.5 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची – इसमें शोध विषय से सम्बन्धित मुख्य व गौण ग्रन्थों, कोशों आदि का उल्लेख करना चाहिए।

3. सामग्री–संकलन एवं स्रोत – शोध प्रक्रिया में शोधार्थी सर्वाधिक सक्रिय सामग्री–संकलन करते समय होता है। अनुसंधानकर्ता सामग्री को सर्वाधिक महत्त्व देता है। यह शोधप्रक्रिया का तृतीय चरण है अर्थात् विषय चयन व रूपरेखा निर्माणोपरान्त सामग्रीसंकलन कार्यारम्भ होता है। रूपरेखा में अंकितबिन्दुओं के अनुसार ही शोध–सामग्री का संकलन किया जाता है। क्योंकि सामग्री संकलन का कार्य दुष्कर, श्रमसाध्य, व्ययसाध्य व विवेकपूर्ण है अतः शोधार्थी का विवेकी, विचारशील एवं परिश्रमी होना अत्यावश्यक है।

समागी मौलिक एवं अनुदित दो माध्यमों से संकलित की जा सकती है। मौलिकता पर शोधार्थी को विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके दो स्रोत हैं – अन्तरंग स्रोत व बहिरंग स्रोत।1

3.1 अन्तरंग स्रोत–शोधव्य विषय से सम्बन्धित तथ्य अन्तरंग स्रोत हैं। यथा–किसी के व्यक्तित्वकृतित्व शोध के सन्दर्भ में समस्त तल्लेखक की कृतियाँ अन्तरंग स्रोत कहलाएंगी।

3.2 बहिरंग स्रोत–अन्तरंग स्रोत से प्राप्त तथ्यों की पुष्टि तथा प्रामाणिकता के लिए बहिरंग स्रोत की आवश्यकता पड़ती है। बहिरंग स्रोत निम्नवत् हैं –

(1) प्रकाशित ग्रन्थ, प्राप्त पुरस्कार,सम्मान,उपाधि इत्यादि। इनकी प्राप्ति पुस्तकालय, राष्ट्रीय पुस्तकालय, विश्वविद्यालयों से सम्बन्धित पुस्तकालय आदि से की जा सकती है।पुस्कालय/प्रकाशक से विषयसम्बन्धी प्रकाशित किन्तु दुर्लभ ग्रन्थों को प्राप्त किया जा सकता है।

(2) अप्रकाशित ग्रन्थ – तन्जौर (आन्ध्र) ग्रन्थागार, खुदा बख्स पुस्तकालय पटना, बम्बई, इत्यादि स्थलों से अप्रकाशित ग्रन्थ (पाण्डुलिपियाँ) प्राप्त की जा सकती हैं।

(3) रिपोर्ट – विभिन्न विषयों पर प्रकाशित होने वाले शासकीय–अशासकीय रिपोर्ट के द्वारा भी शोध सामग्री प्राप्त की जा सकती है।

(4) संस्मरण – डायरी, आत्मकथा या यात्राविवरण आदि से भी चयनित विषय की सामग्री प्राप्त हो जाती है।

(5) गजेटियर – इनसे भी शोधार्थी शोध–विषयक सामग्री प्राप्त कर सकता है। ब्रिटिश कालीन भारत सरकार द्वारा इम्पीरियल तथा डिस्ट्रिक्ट गजेटियर प्रकाशित किये गये थे11, जिनमें शोध–सम्बन्धी महत्वपूर्ण सामग्री संकलित थे।

(6) पत्र–पत्रिकाएं – पत्र–पत्रिकाओं से शोध–सम्बन्धी सामग्री प्राप्त हो जाती है।

(7)व्यक्ति – व्यक्तियों से साक्षात् भेंट या पत्राचार माध्यम से भी सामग्री प्राप्त की जा सकती है।

4. सामग्री–संकलन की पद्धतियाँ – शोधसामग्रीसंग्रह की 'कार्यविधि' अथवा 'ढंग' सामग्रीसंकलन की पद्धति कहलाती है। ये मुख्यतया द्विविध हैं – आसनकार्य पद्धति एवं क्षेत्रीय कार्य पद्धति।12

4.1 आसन–कार्य–पद्धति – इस पद्धति में एक ही स्थान पर एकाधिक पुस्तकों से सामग्री–संग्रह का कार्य किया जाता है। इस पद्धति में सामग्री मुख्यतः दो स्रोतों से प्राप्त होती है– पुस्तकालय तथा संग्रहालय। आसन पद्धति के द्वारा सामग्री–संकलन करते वक्त दो कार्य–विधियां प्रयुक्त होती हैं– कार्ड कार्य–विधि एवं रजिस्टर विधि।

(i) कार्ड कार्य–विधि–ग्रन्थ की रूप रेखा में परिकल्पित अध्यायों के विषयों तथा विषयों के अंगों और उपांगों के आधार पर

प्रत्येक विषय से सम्बद्ध संकेत पृथक–पृथक कार्डों पर अंकित कर लेने से सामग्री का संकलन हो सकता है। इसके द्वारा मुख्यतः पूर्ववर्ती कवियों के उस विषय से सम्बन्धित मत, विद्वानों के मतों की आलोचना, प्रतिपाद्य–विषय के प्रमाणरूप में अथवा विवेचनार्थ संस्कृत या किसी भी विषय के मूल उद्धरण तथा समय–समय पर स्वतः स्फुरित स्वविचार लिख लिया जाता है। इस विधि के उपस्थापनार्थ एकाधिक आकार के कार्ड उपलब्ध हैं, किन्तु '64' आकार के कार्ड का प्रयोग सर्वाधिक प्रचलित एवं समीचीन है।

(ii) रजिस्टर कार्य–विधि – कार्ड–पद्धति से अनभिज्ञ शोधार्थी इस पद्धति का आश्रय लेते हैं। इस विधि में एक या एक से अधिक, बड़े आकार पंजिकाओं पर अनुसंधाता अनुसंधेय सामग्री का संकलन करता है। यह पद्धति, कार्ड पद्धति की अपेक्षा कठिन एवं समयव्यय युक्त होता है।

4.2 क्षेत्रीय–कार्य–पद्धति – लोक–साहित्य तथा लोक–भाषा सम्बन्धी शोध–कार्यों के लिए इस पद्धति का प्रयोग होता है। 13 इस पद्धति में सूचकों तथा यन्त्रों द्वारा शोध–सामग्री का संकलन किया जाता है।

5. सामग्री–शोधन तथा वर्गीकरण–शोध–प्रक्रिया में सामग्री संग्रह के पश्चात् तथ्य–परीक्षण की आवश्यकता पड़ती है। संकलित–सामग्री के उपयोग के पूर्व उसकी उपादेयता, वास्तविकता व मौलकता की परीक्षा कर लेनी चाहिए। यह न केवल शोध–प्रक्रिया को वरन् शोधार्थी के बौद्धिकस्तर, तथ्यस्तर व ज्ञानस्तर को भी परिमार्जित करता है। अतः जहाँ भी अर्थ के विषय में सन्देह हो वहाँ तत्काल व्याकरणग्रन्थ तथा शब्दकोश का सहयोग लेना चाहिए। इस सन्दर्भ में शब्दकल्पद्रुम, वाचस्पत्यम्, आप्टे–कोश, पं. चारुदेव शास्त्री का शब्दापशब्द–विवेक आदि का उल्लेख किया जा सकता है। **जिस प्रकार जौहरी रत्नों की खान से उत्तम व उपयोगी रत्न को छाँट लेता है, उसी प्रकार समझदार शोधार्थी तथ्यसमूह में से उत्तम, प्रामाणिक तथा वैज्ञानिक तथ्यों का परीक्षणोपरान्त चयन कर लेता है।** इस प्रक्रिया से परीक्षित सामग्री निर्मल, स्पष्ट, सुश्रृंखलित तथा निर्भ्रान्त होती है और इस प्रकार के शोधतथ्य न केवल शोधलेखन अपितु सम्पूर्ण शोधप्रविधि तथा शोधस्तर को भी मूल्यांकित करते हैं।

भलीभाँति परीक्षित सामग्री का रूप एवं गुण के आधार पर वर्गीकरण किया जाता है। वर्गीकरण का मतलब श्रेणीबद्ध करने से है। वर्गीकरण में अधिकाधिक गुणगत एकता या समानता पर ध्यान दिया जाता है। वर्गीकरण द्वारा सामग्री के आवश्यक संक्षेपीकरण के साथ–साथ सम्पूर्ण शोधसामग्री व्यवस्थित हो जाती है।

6. प्रस्तुतीकरण/व्याख्या/विवेचना – उपयुक्त तथ्यों के शोधन एवं चयनोपरान्त यह पद्धति प्रारम्भ होती है। संकलित एवं वर्गीकृत सामग्री की महत्ता एवं उपादेयता स्थापित करने के लिए उसकी व्याख्या करने की आवश्यकता पड़ती है। किन्तु इस कार्य हेतु शोधार्थी को विवेकसम्पन्न, विषयमर्मज्ञ व विवेचनात्मक दृष्टिकोण युक्त होना चाहिए क्योंकि अन्तरंग एवं बहिरंग दोनों श्रोतों से प्राप्त सामग्री का गहनता से विश्लेषण करना पड़ता है। इसके द्वारा शोधार्थी शोधविषय को विवेचित कर उसकी अस्पष्टता व दुरुहता को एक स्वच्छ स्थिति में प्रस्तुत कर देता है। व्याख्या या विश्लेषण के द्वारा ही शोध विषय के अंग–प्रत्यंगो का सम्यक्, सुन्दर व सुस्पष्ट विवेचना संभव हो पाती है। ध्यातव्य है कि व्याख्या के द्वारा न केवल अस्पष्ट अर्थों का बोधन, अपितु इस अर्थ के कारणों, उद्देश्यों एवं अन्य अनिश्चित परिणामों का भी पता चल जाता है।

शोधार्थी को प्रस्तुतीकरण करते समय व्यक्तिगत स्वार्थ एवं भावनाओं का पूर्णतः परित्याग करना चाहिए। प्रतिपादन क्षमता का शोध में विशेष महत्त्व है। अतः शोधार्थी को अक्षय शब्दभण्डार, वाक्यरचनानैपुण्य तथा प्रवाहमयी किन्तु सारगर्भित शैली से सम्पन्न होना चाहिए। व्याख्या में पादटिप्पणी, टिप्पणी, संकेतसन्दर्भ, उद्धरण, संकेताक्षरसूची इत्यादि का समावेश भी आवश्यकतानुसार कर लेना चाहिए।

7. शोधप्रबन्ध का कलेवरनिर्माण – शोध के आयामों में प्रस्तुत घटक तत्त्व का विशिष्ट स्थान है। शोधप्रबन्धकलेवरनिर्माण करते समय अनावश्यक विस्तार से बचना चाहिए। प्रत्येक शोधप्रबन्ध के मुख्य रूप से निम्न–विभाजन हो सकते हैं14–

(1) मुख–पृष्ठ, (2) भूमिका या प्राक्कथन, (3) उपक्रमाध्याय या प्रांरम्भिक अध्याय, (4) संकेत–सूची या संक्षेप सूची, (5) विषय–सूची, (6) मुख्य विषयवस्तु सम्बन्धी अध्याय, (7) उपसंहार या निष्कर्ष सम्बन्धी अध्याय (8) अनुक्रमणिका, (9) ग्रन्थसूची तथा शोधपत्रिकासूची।

8. निष्कर्ष या उपसंहार – शोधप्रक्रिया के सर्वाधिक सतर्कता एवं समझदारी से युक्त इस चरण में शोधार्थी को इस तथ्य को स्पष्ट करना पड़ता है कि उसके द्वारा सुगठित प्रस्तुत शोधसाधना से समाज, देश व राष्ट्र को क्या मिलेगा। शोधार्थी को शोध–प्रक्रिया–सम्पन्न करते वक्त स्व–परिश्रम व स्वानुभव से प्राप्त समस्त महत्त्वपूर्ण व शिक्षाप्रद तथ्यों का विशद, स्पष्ट व सारगर्भित विवेचन निष्कर्ष अथवा

उपसंहार में करना पड़ता है। यतः मौलिकता के अभाव में निष्कर्ष न केवल अपूर्ण अपितु नगण्य भी हो जाते हैं अतः इसमें मौलिक विचारों,एवं सिद्धान्तों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

9. सन्दर्भ ग्रन्थ-सूची - शोध-प्रबन्ध में साक्षात् और परोक्ष रूप से प्रयुक्त ग्रन्थों की सूची को सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची कहते हैं। साक्षात् ग्रन्थों से अभिप्राय उन ग्रन्थों से है जिनसे मूल विषय की प्राप्ति होती है तथा जिनका मूलपाठ में प्रवेश कराया जाता है। उदाहरणार्थ पण्डित मोहनलाललिखित-पद्मिनी,पत्रदूतम्,रसकपूरमित्यादि भाषाओं से प्राप्त तथ्य। साक्षात् ग्रन्थ को दो भागों में बाँटा जा सकता है - मूलग्रन्थ एवं सहायक ग्रन्थ। मूलग्रन्थ वे ग्रन्थ हैं जिनके अभाव में शोध-प्रबन्ध की पूर्णता की आशा ही नहीं की जा सकती है। यथा- 'पण्डितमोहनलालपाण्डेय की व्यक्तित्वकृतित्वसमीक्षा' इस विषय हेतु मोहनलालपाण्डेय के समस्त मौलिक ग्रन्थ मूलग्रन्थ हैं किन्तु इन्हीं मूलग्रन्थों से प्राप्त इतिहास, अध्ययन-सामग्री, चाहे किसी भी भाषा में निबद्ध हों सहायकग्रन्थ की श्रेणी में रखे जाते हैं।

असाक्षात् या परोक्ष ग्रन्थ वे हैं जिनको अध्ययन काल में पढ़ा गया, देखा गया, विचार किया गया किन्तु उनका शोध-प्रबन्ध के मूल-पाठ में प्रवेश नहीं कराया गया।

ग्रन्थ-सूची बनाते समय आधार ग्रन्थों, आलोच्य ग्रन्थों, विषय से सम्बद्ध ग्रन्थों, कोशों तथा शोध पत्रिकाओं आदि का वर्णानुक्रमपूर्वक सूची देनी चाहिए। ग्रन्थसूची बनाने का सबसे प्रचलित पद्धति है कि सर्वप्रथम ग्रन्थ का नाम, मूल-लेखक का नाम, अनुवादक या व्याख्याकार का नाम, प्रकाशक का नाम तत्पश्चात प्रकाशन वर्ष होना चाहिए। उदाहरणार्थ -

ग्रन्थ लेखक व्याख्याकार प्रकाशन/प्रकाशक वर्ष काव्यप्रकाश मम्मट विश्वेश्वर ज्ञानमण्डल लिमिटेड वाराणसी 1968

यदि ग्रन्थ अप्रकाशित है तो प्रकाशन स्थल के स्थान पर उपलब्धि स्थल और पाण्डुलिपि की संख्यादि का उल्लेख किया जाना चाहिए। शोध-पत्रिकाओं के सन्दर्भ में पत्रिकाओं के नाम वर्णानुक्रम से इसके बाद प्रकाशक तथा प्रकाशन स्थान आदि दिये जाने चाहिए।

1. परिशिष्ट - परिशिष्ट शब्द 'परि' उपसर्गपूर्वक 'शिष्' धातु से 'क्त' प्रत्यय करने से निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ- छोड़ा हुआ, बचा हुआ या सम्पूरक होता है।15 अतः परिशिष्ट से अभिप्राय शोध-प्रबन्ध के पूरक तत्त्वों से है। कोई ऐसी सूचना जो शोधार्थी अपने शोध प्रबन्ध में देना चाहता है परन्तु किसी कारणवश नहीं दे पाया है उसे वह परिशिष्ट में समायोजित करता है। परिशिष्ट में शोध-प्रबन्ध में प्रस्तुत श्लोक/मन्त्रादि को वर्णानुक्रम से दिया जाना चाहिए।

उपरोक्त शोध के आयामतत्त्व शोधार्थियों के शोधकार्य निष्पादन में अत्यन्त सहायक व उपयोगी हैं। अतः उच्चस्तरीय शोधकार्य के सम्पादनार्थ इनका पूर्ण ज्ञान अत्यावश्यक है।

**संदर्भ-संकेत**

1. आप्टे, वामन शिवराम, संस्कृत-हिन्दी कोश, पृ. 1/31. 2. शर्मा, विनय मोहन, शोध-प्रविधि, पृ.3.
3. नगेन्द्र, अनुसंधान का स्वरूप, पृ.97.
4. मल्लिनाथकृत किरातार्जुनीम् की टीका के प्रारम्भिक अंश से उद्धृत।
5. सिन्हा, सावित्री, अनुसंधान का स्वरूप, पृ.55.
6. सिंह, तिलक, नवीन शोध विज्ञान, पृ. 116.
7. शर्मा, विनय मोहन, शोध-प्रविधि, पृ.49.
8. वही, पृ.52.
9. सिंह, तिलक, नवीन शोध-विज्ञान से गृहीत।
10. वही, पृ.138.
11. मिश्र, मण्डन (प्रधान सम्पां.), अन्वेषणा, पृ.11.
12. आप्टे, वामन शिवराम, संस्कृत हिन्दी कोश, पृ. 59.
13. पद्मिनी
14. पत्रदूतम्
15. रसकपूरम्
16. नतिततिः

**सह-आचार्य**

**राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर**

**मो.: 8560027911**

# वैदिक साहित्य में नूतन शोध की आवश्यकता

**विनय चन्द्र झा**

शोध खोज अनुसंधान रिसर्च अन्वेषण गवेषण ये सारे प्रायं एक ही अर्थ को पुष्ट करते हैं। प्रारंभ से ही मनुष्य की जिज्ञासा प्रश्न एवं शंका समाधान की आदत रही है। भारत में हमारी शास्त्रार्थ प्रणाली, श्लाका परीक्षा, शास्त्रचर्चा परस्पर शास्त्रीय वाद-विवाद हमारे लौकिक एवं वैदिक संस्कृत साहित्य के अजस्र स्रोत को पुष्ट करते रहे हैं। भारतीय चिन्तन, विचार, विवेक के आधार हमारी संस्कृति के 16 संस्कार वैदिक साहित्य लौकिक साहित्य आचार व्यवहार षड्-वेदांग, उपांग, पुराणोपपुराण, आरण्यक, उपनिषद्, ब्राह्मण, प्रातिशाख्य संहिता धर्मशास्त्र इतिहास, धर्मसूत्र, श्रोतसूत्र, युद्धविद्या शिल्पविद्या एवं अन्य सभी वाङ्मयों में पर्याप्त शोध की आवश्यकता है यही सतत् प्रक्रिया मानव के मस्तिष्क प्रवाह के चिन्तन का परिणाम है। ऋषि मुनियों ने इस पर पर्याप्त विवेकपूर्ण चिन्तन और मनन कर हम मानवों को यह सुअवसर प्रदान किया है कि हम भी इस सुपन्थ पर निरपेक्ष, निस्वार्थ एवं निर्भय होकर इस अनुसन्धान कार्य को आगे बढ़ाएँ।

आधुनिक युग में भी वेद के ऊपर कई भाष्य ग्रन्थ लिखे गये हैं पाश्चात्य तथा पौर्वात्य दोनों विद्वानों ने इस पर कार्य किया है। पाश्चात्य विद्वानों ने जिन्होंने वेद के ऊपर व्याख्यान अथवा अनुवाद किया उनमें प्रमुख है 1. फ्रीडिक रोजेन, जी स्टीवेन्सन, एडवर्ड रोएर, एम एलांगलोईस, एलुडविंग, मैक्समूलर, ओल्डेनवर्ग, थ्योडोर बेनफे, एच. ग्रासमेन, एच. ग्रिफिथ, ए बेबर, ए. बी. कीथ, एल. वी. श्रोदर ब्लुम फील्ड, ह्वीट्नी आदि। कलान्द आदि विद्वानों ने श्रौत तथा ब्राह्ममण ग्रन्थों के ऊपर भी व्याख्यान ग्रन्थ लिखे। मैक्डानल राथ प्रभृति विद्वानों ने अनेक दिशाओं में कार्य किया।

प्राचीन एवं आधुनिक युग में भी भारतीय मनीषियों ने वेद व्याख्यानों के क्षेत्र में बहुत बड़ा कार्य किया है जिनमें सायण, उबट, महीधर, बेंकट स्वामी आदि और आधुनिक काल में श्री दयानन्द सरस्वती, अरविन्द, पं. ज्वाला प्रसाद, श्री रामगोविन्द त्रिवेदी, श्री दामोदर सातवलेकर, विद्यानन्द विदेह, डा. एच. डी. वेलंकर, डा. एच. एस. भावे, लक्ष्मण स्वरूप बी. के. राजवाडे, वेंकट सुवैया, स्वामी गंगेश्वरानन्द, आचार्य विश्वबन्धु, मधुसूदन ओझा, मोतीलाल शास्त्री, वीरेन्द्र कुमार आदि।

व्याकरण शास्त्र में विद्वानों द्वारा बहुत सारे अनुसन्धान कार्य किया गया है परन्तु वैयाकरणों द्वारा वैदिक शाखाओं तत्तत् शाखाओं के स्वरविषयक निर्धारण उदात्त अनुदात्त स्वरित तथा प्रातिशाख्यों के ऊपर पर्याप्त कार्य नहीं किया गया है। स्वर भी तो व्याकरण का ही अंश है बिना स्वर के लोक में भी शब्द नहीं होते हैं लौकिक संस्कृत में भी स्वर द्वारा ही। उच्चावच स्वरों के द्वारा ही क्रोध स्नेह घृणा डांटने का बोध होता है माता-पिता बड़ों की वाणी स्वरों के माध्यम से ही सारे भाव द्योतित होते हैं, परन्तु आज विद्यालय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में लौकिक वैदिक स्वर विषयक अध्ययन अध्यापन नगण्य ही है जिसके कारण वेदार्थ करने में बडे-बडे वैदिक-साहित्यिक वैयाकरण भी असमर्थ ही हैं, केवल वेदमन्त्रों का उच्चारण एवं गान करने से वेदार्थ फल अधिगम नहीं होगा। अपितु वेदाभ्यास प्रारंभ करने से पहले ही उदात्त-अनुदात्त स्वरित प्रचय, निचय, एकस्वरादि, आद्युदात्त अन्तोदात्त तत्पुरूष, बहुब्रीहि आदि का बोध होना चाहिए एतदर्थ हम व्याकरण अध्येताओं के स्वरों के विषय पर भी नया शोध, खोज, अनुसन्धान करना चाहिए।

उदाहरण के लिए ''कर्त्ता'' यह पद तृन् प्रत्ययान्त है आद्युदात्त है नित् होने के कारण। नित् स्वर आद्युदात्त होता है इस कर्त्ता शब्द का अर्थ होता है सम्यक् रूप से कार्य सम्पादन करने वाला व्यक्ति। जबकि दूसरा ''कर्त्ता'' लुड. लकार की क्रिया है अन्तोदात्त है। इस विषय में महाभाष्य में पतंजलि कहते हैं- 2. पस्पशाह्निक

**दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह स वाग् वज्रोयजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रु स्वरतोऽपराधात्।।**

जैसे ''इन्द्र शत्रुः'' शब्द के विरोध के कारण विरूद्धार्थ हो जाता है। ''इन्द्र शत्रुः'' तत्पुरूष समास में तो अन्तोदात्त3 होता है। इन्द्र अर्थात् सूर्य का शत्रु मेघ बढ़कर विजयी हो। जबकि ''इन्द्र शत्रुः'' यहाँ बहुव्रीहि समास में पूर्वपद प्रकृति स्वरत्व4 से आद्युदात्त स्वर होता है, और शत्रु शब्द का अर्थ यही है कि शान्त करने वाला या काटने वाला5 निरूक्त अध्याय - 2 इन्द्रौऽस्य शमयिता वा शातयिता वा। अतएव तत्पुरूष समास में तो इन्द्र नाम सूर्य का शत्रु शान्त करने वाला मेघ है और बहुव्रीहि समास में सूर्य जिसका शत्रु शान्त करने वाला या काटने वाला है।

ऐसा अन्य पदार्थ मेघ आया। जो पुरूष सूर्य को शान्त करने वाला मेघ है इस अभिप्राय से ''इन्द्रशत्रु'' शब्द का उच्चारण करना

चाहता है तो उसको अन्तोदात्त उच्चारण करना चाहिए, परन्तु जो यह आद्युच्चारण कर देवे तो उसका अभिप्राय ही नष्ट हो जाएगा क्योंकि आद्युदात्त उच्चारण से बहुव्रीहि समास में मेघ को शान्त करने वाला सूर्य अर्थ होगा।

स्वर के महत्त्व के विषय में6

**अन्धकारे दीपिकाभिर्गच्छन्न स्खलति कचित्। एवं स्वैरः प्रणीतानां भवन्त्यर्थाः स्फुटा इति।। बेंकट माधव**

जैसे अन्धकार में मशालों की सहायता से चलता हुआ पुरूष कहीं ठोकर नहीं खाता उसी प्रकार स्वरों की सहायता से किये गये अर्थ स्फुट सन्देह रहित होते हैं।

लौकिक शब्दों का अर्थ अभिधा, लक्षणा एवं व्यंजना द्वारा जाना जा सकता है किन्तु ऋषियों द्वारा दृष्ट मन्त्रगत पद किस प्रतीक का बोधक है यह जानना अत्यन्त दुष्कर है, इसलिए ऋषियों की वाणी को ''निण्य, गूढ़, रहस्य'' आदि नामों से उद्धृत किया गया है। ऋषि स्वयं कहते हैं-7

**ऋचों अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधिविश्वे निषेदुः। यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति स इतद्विदुस्त इमे समासते।।**

अर्थात् परम व्योम में स्थित अक्षर में सम्पूर्ण ऋचाएँ एवं देवगण निवास करते हैं, उस अक्षर को जो नहीं जानता वह ऋक्ब के पाठ मात्र से क्या कर सकता है? जो उस तत्त्व को जानते हैं वे ही उस रहस्य तक पहुँच सकते हैं। अतएव हमें वेद के स्वर विषयक अनुसन्धान, शोध, खोज में सिद्धहस्त होना चाहिए, अभी भी कुछ प्राचीन पुराने वैदिक विद्वान भारत में छुपे हुए हैं, उन्हें खोजकर हमें मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए। स्वर विषयक अनुसन्धान करने से 101 यर्जुवेद की शाखाएँ एक हजार सामवेद शाखाएँ, 21 ऋक्ब शाखाएँ एवं नौ शाखाएँ अथर्ववेद के रहस्यों का पता चल सकेगा।

एक अन्य ऋषि के द्वारा ऋग्वेद में यह मन्त्र साक्षात्कार किया गया जिस मन्त्र को महाभाष्यकार पतंजलि पस्पशाह्नि में व्याकरण के गौण प्रयोजन में प्रस्तुत करते हैं - 8

**उतत्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुतत्वः श्रृण्वन्न श्रृणोत्येनाम्। उतो त्वस्मै तन्वं विसस्त्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः।।**

अर्थात् जो व्यक्ति मन्त्रगत पद के बाह्यस्वरूप को दर्शन करता है उच्चारण एवं श्रवण करता है, वह उस वाणी को देखता हुआ भी नहीं देखता, सुनता हुआ भी नहीं सुनता है। जो व्यक्ति उस मन्त्र के ऋषि अभिप्रेत अर्थ को जानता है उसके सामने वह मन्त्ररूप वाणी अपने सत्यस्वरूप को प्रकट करते है, जिस प्रकार ऋतु स्नाता पत्नी सुन्दर वस्त्र से सुसज्जित होकर अपने पति के समक्ष पूर्णरूप से समर्पित करती है। इस मन्त्र से यह तथ्य ध्वनित होता है कि ऋषियों ने जिन शब्दों का प्रयोग किया है वह सामान्य प्रतीत होता है परन्तु उनका अर्थ गूढ़ रहस्यपूर्ण है।

अतएव हमें वेदों के स्वरविषयक व्याकरण प्रातिशाख्यों पाणिनि स्वर वैदिक प्रक्रिया, सायण, उवट, महीधर, दयानन्द सरस्वती, मधुसूदन ओझा मधुसूदन सरस्वती, मोतीलाल शास्त्री एवं पाश्चात्य विद्वानों के स्वर विषयक किये गये महान् कार्यों का शोधन, परिमार्जन, अन्वेषण, गवेषण खोज कर इसमें एक समूह बनाकर कार्य का सम्पादन अवश्य करना चाहिए। स्वर विषयक कार्यों का दिग्दर्शन और सहायता लेने के लिए महावैयाकरण युधिष्ठिर मीमांसक, ब्रज बिहारी चौबे एवं ब्रह्मदत्त जिज्ञासु आदि महानुभावों के पुस्तकों द्वारा अनुदेशित मार्गों का अनुसरण करना चाहिए।

स्वर व्यत्यय होने पर यास्क ने इंगित किया है - 9

**स्थाणुरयं भारहारः किलाभूदधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम् योऽर्थज्ञ इत सकलं भद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूत पाप्मा।।**

अतः अब समय आ गया है कि हम सब को लौकिक वैदिक काव्यों का तुलनात्मक, समीक्षात्मक, समालोचनात्मक, अध्ययन करना चाहिए। समाज में इनसे क्या फर्क, परिवर्तन नयापन हो रहा है इस प्रकार की शोध प्रविधियों का प्रयोग किया जाय। इन्टर डिसप्लीनरी शोध जैसे वैदिक सूक्तों का वाल्मीकि रामायण, महाभारत, उत्तर रामचरित रघुवंश आदि का तुलनात्मक, समीक्षात्मक अध्ययन, महाभारत यजुर्वेद धनुर्विद्यादि शास्त्रों का तुलनात्मक, समालोचनात्मक अध्ययन। वास्तुशास्त्र स्थापत्य कला का साम्य वैषम्यात्मक अध्ययन धर्मसूत्र श्रौत्रसूत्र, वास्तु एवं सिविल अभियान्त्रिकी क्षेत्रों का तुलनात्मक अध्ययन। पाणिनि व्याकरण चान्दव्याकरण, काशकृत्स्न व्याकरण, तुलनाविमर्शात्मक अध्ययन, शाकटायन जैनेन्द्र व्याकरण का तुलनात्मक साम्यात्मक

वैषम्यात्मक अध्ययन की आवश्यकता है। इस वैज्ञानिक यान्त्रिक युग में संस्कृत वाड्मय में विमानादि सूत्र भारद्वाज विमान सूत्र एवम् अन्तरिक्ष विज्ञान तथा आधुनिक यन्त्रविज्ञान का तुलनात्मक विमर्श की आवश्यकता है। न्याय वैशेषिक दर्शन एवं आधुनिक भौतिक शास्त्रीय दोनों की समान दृष्टि। वैदिक छन्द एवम् लौकिक छन्दों का अध्ययन। विधिशास्त्र धर्मशास्त्र एवं नीतिशास्त्रों का अध्ययन। आधुनिक अर्थशास्त्र राजनीतिशास्त्र एवं प्राचीन कौटिल्य अर्थशास्त्रादि का अध्ययन।

अध्ययन संस्कृत भाषा के स्थान, प्रयत्न, ध्वनि और उच्चारण को अंग्रेजी, फ्रेन्च, स्पेनिश आदि भाषाओं के साथ तुलनात्मक। ध्वनिविज्ञान, पद विज्ञान, वाक्यविज्ञान, शब्द-अर्थविज्ञान, अक्षरविज्ञान शब्द ब्रह्म जैसे सनातन विचारों का अन्य तत्समकक्ष भाषाओं के साथ तुलनात्मक विमर्श की आवश्यकता है। यह कार्य कठोर है अतएव दो चार के समूह के साथ भी शोध करने की आवश्यकता पड़ेगी जिसे अनुमत किया जाना आवश्यक होगा। इसी प्रकार साहित्यिक विषयों में इन्टरडिसिप्लीनरी शोध की आवश्यकता है। ''स्वस्ति पन्थामनुचरेम सूर्याचन्द्रमसाविव'' इसका अनुसरण करते हुए संस्कृत वाड्मय में अपरिमित, अथाह शोध की संभावना है इसे कूटस्थ मन से स्वीकार करते हुए हमें शोध की ओर प्रवृत्त होना चाहिए। 10

**इतिहास पुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्। बिभेदल्पश्रुताद् वेदो मामयं प्रहरिष्यति।।**

अर्थात् इतिहास पुराण की सहायता से वेदों का उपबृंहण करना चाहिए। जो इतिहास पुराण नहीं जानते वे अल्पश्रुत हैं। वेद उनसे डरता है कि कहीं वे अल्पश्रुत, वेदों की भवना को नष्ट न कर दे। वेद की वाणी इतनी गूढ़ थी कि उसके प्रतीकों का भव समझना सामान्य व्यक्ति क्या विद्वानों के लिए भी कठिन था। अतः सभी का अनुशीलन, परिशीलन, अन्वेषण, गवेषण एवं शोध करने की आवश्यकता है। रेडमेन मोरी के अनुसार नूतन ज्ञान की प्राप्ति के लिए व्यवस्थित प्रयास ही अनुसन्धान है। अतः वैदिक व्याकरण में स्वरों का शब्दार्थ और वाक्यार्थ के साथ क्या सम्बन्ध है? वेदार्थ में शास्त्र का ज्ञान कितना आवश्यक है, इसकी उपेक्षा के क्या दुष्परिणाम होते हैं, कैसे स्वर पाठ हो, पदपाठादि विकृत पाठों में क्यों, कैसे स्वर-व्यवस्था हो इसके विषय में भी तुलनात्मक स्वर विषयक अनुसन्धान की आवश्यकता है। वेदों के शाखा प्रतिशाखाओं में उच्चारण की भिन्नता और क्षेत्रीय उच्चारण की भिन्नता की भी शोध में परिगणना होनी चाहिए। किस वेद के किस शाखा में किस प्रकार हस्तस्वरादि का संचालन होवे यह भी शोध का विषय होना चाहिए। आगे समय कठिन आ रहा है संस्कृत अध्ययन करने वाले अध्येता तो मिल जाएँगें, परन्तु वेदादि शास्त्रों को परिवृंहण करने वालों की कमी होने वाली है, अतएव इसका ध्यान रखते हुए हमें वैदिक व्याकरण एवं वैदिक साहित्य के शोध की ओर उन्मुख अवश्य होना चाहिए।

आजकल अनेक मनचले अनधीतशास्त्र वेद की वेदार्थ में स्वरों की अनुपयोगिता की घोषणा करने की धृष्टता करते हैं। अतः हमें सावधान होना चाहिए और मनोयोग पूर्वक वैदिक अनुसन्धान कार्य में संलग्न होना चाहिए।

**संदर्भ –**

1 वेद व्याख्या की दिशाएँ ब्रज बिहारी चौबे पृष्ठ – 22

2. महाभाष्य पस्पशह्निक

3. समासस्य (सौवर 62) सुत्र से

4. बहुव्रीहि प्रकृत्या पूर्वपदम् (सौवर 64) सूत्र से

5. निरूक्त अध्याय – 2 इन्द्रोऽस्य शमयिता वा शातयिता

6. वैदिक स्वर मीमांसा पृष्ठ – 9 युधिष्ठिर मीमांसक चतुर्थ संस्करण

7. ऋग्वेद 01, 164/9

8. ऋग्वेद 01/171/04

9 निरूक्त 1/18

10 महाभारत – महा., आदिपर्व 1, 273

**एसोसियेट प्रोफेसर, प्राचार्य राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय,**

**कुण्डगेट, सावर अजमेर (राजस्थान)**

# अनुसंधान के विविध आयाम

**डॉ. रणजीत कुमार झा**

अनुसंधीयते इति अनुसंधानम् इस व्युत्पत्ति से किसी व्यापक अर्थ में अनुसंधान अथवा शोध किसी भी क्षेत्र में ज्ञान की खोज करना या विधिवत गवेषणा करना होता है। अनुसंधीयते इति अनुसंधानम् व्युत्पत्ति के अनुसार अनु और सम् उपसर्ग पूर्वक धा धातु से ल्युट् प्रत्यय करने पर इस शब्द की निष्पत्ति होती है। पुनः पुनः अन्वेषण ही तो अनुसंधान है। अंग्रेजी भाषा का रीसर्च शब्द भी इसी व्युत्पत्ति का अनुसरण करता है। 'री' का अर्थ अगेन, और 'सर्च' का मतलब एक्सप्लोर होता है। अनुसंधान एक प्रक्रिया है जिसमें शोधप्रविधि का प्रयोग किया जाता है। इसमें एक निष्कर्ष तक पहुँचने की क्षमता होती है जो ज्ञान व बुद्धि में सहायक है। मनुष्य को अधिक प्रभावशाली बनाने तथा किसी भी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से हल करने के लिए अत्यन्त सहायक होती है।

ऐसे ही ''शोधनं शोधः'' शुध धातु से भाव में घञ् प्रत्यय करने पर शोध शब्द की निष्पत्ति होती है। वह दस्तावेज़ जो किसी शोधार्थी द्वारा किये गये शोध को विधिवत प्रस्तुत करता है, वह शोधप्रबंध, डिजर्टेशन या थिसिस कहलाता है, और गवेषणा का तात्पर्य किसी बात या विषय का मूल रूप या वास्तविक स्थिति जानने के लिए उस बात या विषय का किया जानेवाला अध्ययन और अनुसंधान होता है। निश्चित ही किसी विषय का अच्छी तरह अनुशीलन करके उसके संबंध में नये तथ्यों का पता लगाना ही गवेषणा है। इसे अनुसंधान, अन्वीक्षण, अन्वेषण, अन्वेषणा, खोज, रीसर्च, शोध आदि कई नामों से चिह्नित किया जाता है।

मनुष्य की आन्तरिक जिज्ञासा सदा से ही अनुसंधान का कारण बनती रही है। शोध में उपलब्ध विषय के तथ्यों में विद्यमान सत्य को नवरूपायित कर पुनरुपलब्ध किया जाता है।

मैं अनुसंधान के विविध आयाम के माध्यम से कुछ मौलिक बात को प्रकट करते हुए वास्तविक अनुसंधान के नियमों के बारे में दो शब्द लिखा है। हमारी गवेषणा की उपादेयता और मूल्य किसी भी सामाजिक क्षेत्र की उपलब्धि हो, इसके अनुसार शोधकार्य को करने का मार्गदर्शन प्राप्त किया जाता है ।

अनुसंधान के विविध आयाम के शीर्षक को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखितानुसार विषयवस्तु की तैयारी की जानी चाहिए। अनुसंधान से संबंधित भूमिका, उद्देश्य, विषयोपक्रम, प्रस्तावना सहित अनुसंधान के प्रकार को लिखा जाना चाहिए। मुख्यरूप से अनुसंधान मौलिक एवं व्यावहारिक हो तो गवेषण कार्य को उत्कृष्टता प्रदान करता है। निश्चित ही अनुसंधान के सिद्धान्तों का शोधप्रविधि के मानकों पर रखा जाना चाहिए। विषयवस्तु के तथ्यात्मक स्वरूप को प्रकट करते हुए सुदृढ़ परिणाम हेतु शाब्दबोध पूर्वक अनुसंधान की भूमिका को रूपायित करना ही गवेषणा है।

अतः अनुसंधान के विविध आयामों को यथामति यहाँ लिखना चाहता हूँ। अनुसंधान में वास्तविक रहस्यों को आगे रखते हुए उसके पूर्व-पूर्व ऐतिहासिक तथ्यों को भी रखना जरूरी होता है, जिसे मौलिक अनुसंधान के रूप में रखा जा सकता है। इस तरह एक क्रम के अनुसार अनुसंधान के आयामों को रखा जाना उचित प्रतीत होता है, जो कि प्रमुख हैं –

उद्देश्य, विषयोपक्रम, प्रस्तावना के पश्चात निम्नानुसार व्यावहारिक भेद देखा जा सकता है।

- मौलिक अनुसंधान
- समीक्षात्क अनुसंधान
- तुलनात्मक अनुसंधान
- व्यावहारिक अनुसंधान
- गुणात्मक अनुसंधान
- परिमाणात्मक अनुसंधान
- क्रियात्मक अनुसंधान

• सर्वेक्षणात्क अनुसंधान

• ऐतिहासिक अनुसंधान

**उद्देश्य –**

प्रस्तुत इकाई में अनुसंधान एवं उसके प्रकारों की चर्चा होती है। इस माध्यम से अध्याय के अधोलेख्य भाव्यमान पंक्तियां को विस्तृत चर्चा हेतु दर्शाया जाता है। इस अनुसंधान में वैज्ञानिक विधियों के प्रयोग के बारे में एवं अनुसंधान के महत्वपूर्ण अवदानों के बारे में ज्ञान कराया जाता है।

**विषयोपक्रम –**

अनुसंधान के मौलिकता को ध्यान में रखते हुए मनसेप्सित सारे तथ्यों को क्रम से रखा जाना एवं विषयवस्तु की गंभीरता को क्रमशः उपस्तिथ करना विषयोप्रकम की अवधारणाएँ होती होती है। अनुसंधान में किन–किन विषयों को उपस्थापित किया जावेगा तथा ऐसी कौन सी अवधारणाएँ इनकी मौलिकता को बढ़ावा दे सकती है अथवा देगी, ये सभी विषयोपक्रम में लिखा जाना चाहिए।

**प्रस्तावना –**

आधुनिक युग में अनुसंधान का तात्पर्य पूर्व प्रदत्त ज्ञान का पुनरावलोकन कर उसमें निहित तथ्यों का पुनः नये आयामों के साथ स्थापित करना एवं शोध के गहन विषयों को पुनर्जीवित करना ही मुख्य अवधारणाएँ होती हैं। ज्ञान से तात्पर्य वह सूचनाएँ व अवधारणाएँ हैं जो शोधप्रविधि के वैज्ञानिक विधियों और प्रक्रियाओं द्वारा अपनायी जाती है। उचित परीक्षण एवं सटीक तर्कों पर आधारित अनुसंधान बौद्धिक विकास का परिचायक भी होता है तथा पूर्व में कथित ऐतिहासिक उल्लेखों का पुनरावलोकन भी होता है।

**अनुसंधान के आयाम –**

अनुसंधान में यह देखना होता है कि प्रदत्त विषयवस्तु से संबंधित तथ्यों का स्वरूप किस प्रकृति का है तथा समीक्षा एवं तुलना किन–किन तथ्यों पर आधारित होना है। प्रकृत शोधप्रबंध से संबंधित विषयों का पुनरीक्षण क्षेत्र का फैलाव कहाँ तक है एवं बनाया गया शोधप्रारूप किन–किन अंशों को प्राथमिकता से उठाना चाहता है। अतः अनुसंधान के उन विविध आयामों को क्रमशः तथ्य आधारित सर्वेक्षण उपस्थापित किया जाना अपेक्षित होता है।

**मौलिक अनुसंधान –**

मूल तत्व या सिद्धान्त से संबंध रखने वाला (फन्डामेंटल) वास्तविक यथार्थघटित विषय को शुद्ध–विशुद्ध तरीके से अनुसंधित करना मौलिक अनुसंधान कहलाता है, जो किसी की नकल या आधार पर न हो बल्कि अपनी उद्भावना से निकला हो। अनुकृति या लाक्षणिक प्रतिलिपि न होकर सत्य एवं प्राकृतिक सार्वभौम मूलभूत अकृत्रिम तथ्य पर आधारित हो।

**समीक्षात्क अनुसंधान –**

व्यापक अर्थ में समीक्षात्मक अनुसंधान जब किसी क्षेत्र में अनुसंधित पदपदार्थ को पुनः समीक्षा की दृष्टि से देखा जाता है तथा समीक्षावादी व्यक्ति को प्रभावशाली बनने के लिए कई विशेषताओं की आवश्यकता होती है। इन विशेषताओं में जिज्ञासा, नम्रता, निष्पक्षता, आत्मजागरुकता और सक्रिय श्रवण जैसे कई गुणों का समावेश किया जाता है। किसी ने यहाँ तक कहा कि ओपन–माईडेड इन्क्वारी करने की काबिलियत को समीक्षात्मक सोच कह सकते हैं। समीक्षात्मक सोच हमारी विश्लेषणात्मक कौशल को विकसित करने में सहायता करती है। दिये गये मूल्यांकन डाटा में बेहतर तरीके से व्याख्या कर वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराते हुए निर्णय की तार्किक कसौटी पर सहज शब्दों में मुहैया कराया जाना समीक्षा है। उपलब्ध जानकारी के आधार पर सत्यता या परिणाम निर्धारण करने की दक्षता होना रीज़िनंग है, उसी को आधारशिला मानकर ओपन–माईडेड इन्क्वारी करना समीक्षा कहलाती है।

**तुलनात्मक अनुसंधान –**

जब दो कृतियों, दो भाषाओं, दो लेखकों, दो कालों एवं परिवेशों को स्वतंत्र आधार प्रदान कर उनका सामानान्तर अध्ययन–

विश्लेषण किया जाता है तो वह तुलनात्मक अनुसंधान कहलाता है। तुलनात्मक अनुसंधान सामाजिक विज्ञान में एक शोध पद्धति है जो क्रॉस– सांस्कृतिक या तुलनात्मक अध्ययनों में अनुकरणीय है जिसका उद्देश्य विभिन्न देशों या संस्कृतियों में तुलना करना होता है। तुलनात्मक शोध में एक बड़ी समस्या यह है कि विभिन्न देशों में डेटा सेट श्रेणियों को अलग–अलग परिभाषित कर सकते हैं। भारत बहुभाषिक देश है, अतः भारतीय साहित्य के इतिहास की अवधारणा के निर्माण के लिए तुलनात्मक शोध की आवश्यकता है । वस्तुतः तुलनात्मक शोध का मूल उद्देश्य एक विस्तृत परिप्रेक्ष्य में विभिन्न भाषाओं, साहित्यों, कलाओं, विज्ञानों आदि का अध्ययन मनन है जिससे कि उसका उचित अभिज्ञान या रसास्वादन हो सके तथा उन भाषाओं, साहित्यों, कलाओं, विज्ञानों आदि के बारे में एक समुचित विचारधारा का विकास हो सके। अतः निम्नानुसार इसे उधृत किया जा सकता है।

- एक ही साहित्य के अन्तर्गत तुलनात्मक शोध।
- एक साहित्य का अन्य साहित्यों पर प्रभाव।
- दो या दो से अधिक साहित्यों का तुलनात्मक अध्ययन।
- समान युग की साहित्यिक धारा का अध्ययन।

इस प्रकार एक भाषा के साहित्य का दूसरे भाषा के साहित्य का प्रभाव जैसे विषयों को भी तुलनात्मक अनुसंधान विषय के अन्तर्गत रखा जा सकता है। जैसे ‘ हिन्दी साहित्य पर संस्कृत साहित्य का प्रभाव।

**व्यावहारिक अनुसंधान –**

वह अनुसंधान जो कि किसी समस्या विशेष के समाधान के लिए किया जाता है वह व्यावहारिक अनुसंधान कहलाता है। इस प्रकार के अनुसंधान में मौलिक बुनियादी सिद्धान्तों और नियमों का प्रयोग करते हुए व्यवहारिक समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाता है। अधिकांश शैक्षिक शोध व्यवहारिक अनुसंधान के रूप में होता है जो कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया और अनुदेशन सामग्री के बारे में समानीकरण के विकास करने का प्रयास किया जाता है। इस अनुसंधान में शिक्षण तकनीक के अभिक्रमित अनुदेशन, अभिक्रमित अधिगम, मापन, मूल्यांकन, प्रशासन एवं पर्यवेक्षण, विद्यालय प्रवेश तथा शैक्षिक प्रबंधन के तौर पर देखा जाता है।

**गुणात्मक अनुसंधान –**

गुणात्मक अनुसंधान को अंग्रेजी में ‘क्वालिटेटिव रीसर्च’ के नाम से जाना जाता है। कई अलग शैक्षणिक विषयों में विनियोजित, पारंपरिक रूप से सामाजिक विज्ञान, साथ ही बाजार अनुसंधान और अन्य संदर्भों में जॉच की एक विधि है। गुणात्मक शोधकर्ताओं का उद्देश्य मानवीय व्यवहार और ऐसे व्यवहार को शासित करने वाले कारणों को गहराई से समझना होता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि गुणात्मक अनुसंधान गहनतापूर्वक किया जाने वाला एक ऐसा व्यवस्थित प्रक्रियाओं वाला अनुसंधान है जिसमें गुणात्मक प्रदत्त संकलन की विधियों का प्रयोग कर परिकल्पनात्मक निष्कर्षों को मात्रात्मक या गुणात्मक रूप में प्राप्त किया जाता है तथा जिसका संबंध वर्तमान गोचन से होता है। इस गुणात्मक अनुसंधान की कुछ प्रमुख विशेषताएँ हैं –

- गुणात्मक अनुसंधान में आगमनात्मक (अर्थात् इन्डक्टिव) उपागम का प्रयोग होता है।
- गुणात्मक अनुसंधान का केन्द्र बिन्दु विशिष्ट परिस्थिति, संस्थाएँ, समुदाय या मानव समूह होता है।
- यह मात्रात्मक प्राप्तांकों, मापन या सांख्यकीय विश्लेषण के स्थान पर निहित कारणों, व्याख्याओं और निहिता अर्थो पर बल देता है।
- इसकी आधार सामग्रियाँ साक्षात्कार, प्रत्यक्ष, प्रेक्षण तथा लिखित अभिलेख होते हैं।
- गुणात्मक अनुसंधान ज्ञान के विशिष्ट, सही या सत्य के मार्ग पर विश्वास नहीं करता बल्कि परिस्थितिजन्य ज्ञान पर बल देता है।

**परिमाणात्मक अनुसंधान –**

परिमाणात्मक अनुसंधान भी शोध का एक गहन पद्धति है। यह एक रेखीय होता है। इसके अन्तर्गत संख्यात्मक तथ्यों की

संकल्पना की जाती है। इसमें निगमणात्मक तर्क पद्धति का प्रयोग किया जाता है। वस्तुतः यह शोध आंकड़ों पर आधारित होता है। इसके अलावा अपेक्षाकृत घटना और उसके परिणाम यो प्रभाव के बीच संबंधों पर केन्द्रित होता है और क्रिया प्रतिक्रिया, घटनाओं सहित उसके परिणाम या प्रयोजन प्रभाव से जुड़ा हुआ होता है। इस शोध के अन्तर्गत डिडक्टिव मेथड का प्रयोग किया जाता है जो कि सांख्यकीय सूचनाओं पर आधारित होता है साथ ही यह ऑब्जेक्टिव अर्थात् वस्तुनिष्ठ होता है। मूल बात यह है कि इस मात्रात्मक शोध के अन्तर्गत शोध के परिणाम की वैधता और विश्वसनीयता प्रयुक्त तकनीक पर निर्भर करता है। समयाधिक्य के कारण यह शोध निश्चित अवधि को अतिक्रमित करता है।

**क्रियात्मक अनुसंधान –**

क्रियात्मक अनुसंधान वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यावहारिक कार्यकर्त्ता वैज्ञानिक ढ़ंग से अपनी समस्याओं का अध्ययन अपने निर्णय और क्रियाओं का निर्देशन, सुधार और मूल्यांकन करते हैं। इससे स्पष्ट है कि क्रियात्मक अनुसंधान वास्तविक क्रिया में सुधार लाने का एक सफल प्रयोग है। इसे ऐसा भी कहा जा सकता है कि क्रियात्मक अनुसंधान एक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य मौलिक समस्याओं का अध्ययन करके नवीन तथ्यों की खोज करना, जीवन सत्य की स्थापना करना तथा नवीन सिद्धान्तों का प्रतिपादन करना है। वस्तुतः अनुसंधान एक सोद्देश्य प्रक्रिया है जिसके द्वारा मानव ज्ञान में वृद्धि की जाती है। इसमें अनुसंधान कर्त्ता विद्यालय के शिक्षक, प्रधानाध्यापक, प्रबंधक और निरीक्षक स्वयं ही होते हैं। इस अनुसंधान का मुख्य उद्देश्य विद्यालय कार्यप्रणाली में संशोधन कर सुधार लाना है। क्रियात्मक अनुसंधान को सम्पादित करने में शिक्षक, प्रधानाध्यापक, प्रबंधक और निरीक्षक वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हैं। अनुसंधान के अन्तर्गत तत्कालीन प्रयोग पर बल देते हैं।

**सर्वेक्षणात्क अनुसंधान –**

सर्वेक्षणात्क अनुसंधान मुख्यतः विचारों, मतों, और भावनाओं के आकलन को कहा जाता है। यह सीमित एवं विशिष्ट हो सकता है एवं वैश्विक व व्यापक भी हो सकता है। मानव विषयों के अनुसंधान में , एक सर्वेक्षण लोगों के एक विशेष समूह से विशिष्ट डाटा निकालने के उद्देश्य से प्रश्नों की एक सूची होती है, जहॉ सर्वेक्षण फोन, मेल, इंटरनेट के माध्यम से और कभी–कभी व्यस्त सड़क के छोड़ से या मॉल्स में से भी डाटा लिये जा सकते हैं। सर्वेक्षण को उपयोग सामाजिक अनुसंधान और जनसांख्यकीय जैसे क्षेत्रों में ज्ञान बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। मनोवैज्ञानिक और समाजशास्त्री अक्सर व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए सर्वेक्षण का उपयोग करते हैं, जबकि इसका उपयोग मीडिया की अधिक व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाता है। आज राजनीतिक गलिआरों में भी इस सर्वेक्षण का उपयोग मूल्यांकन डाटा को एकत्रित करने के लिए किया जाता है।

**ऐतिहासिक अनुसंधान –**

ऐतिहासिक अनुसंधान को अंग्रेजी में 'हिस्टोरिकल मेथड' कहा जाता रहा है। यह ऐसी तकनीक और दिशानिर्देशों का समुच्चय है जिनका उपयोग इतिहासकार अतीत के इतिहास के अनुसंधान तथा लेखन के लिए करते हैं। इसके लिए प्राथमिक स्रोतों और पुरातत्व सहित अन्य साक्ष्यों का भी उपयोग लिया जाता है। इतिहास के दर्शन में , ज्ञानमीमांसा नामक उपक्षेत्र में एक उचित ऐतिहासिक विधि की संभावना एवं प्रकृतिपरक प्रश्न उठाया जाकर उसका ऐतिहासिक विधिसे समाधान निकाला जाता है। ऐतिहासिक पद्धति तथा इतिहास लेखन की विभिन्न विधियों के अध्ययन को ऐतिहासिक अनुसंधान भी कहा जाता है। वस्तुतः व्यापक एवं अपेक्षाकृत सामान्य पक्षों को दृष्टिगत रखकर ऐतिहासिक मानव जाति के अतीत का विश्वसनीय एवं अर्थपूर्ण अभिलेख ही ऐतिहासिक अनुसंधान की कोटि में आता है।

**व्याख्याता–शुक्लयजुर्वेद**

**राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय,**

**कालाडेरा, जयपुर।**

# शोध–प्रविधि के अन्तर्गत शोध एवं प्रविधि का स्वरूप

**डॉ. हरीश कुमार वर्मा**

शोधप्रविधि को अंग्रेजी में 'Research Methodology' कहा जाता है। इसके अन्तर्गत, आधुनिक भारतीय विश्वविद्यालयों में प्रचलित शोध–प्रबन्ध लिखने की सम्पूर्ण प्रक्रिया आती है।

शोध क्या है? शोध का उद्देश्य क्या है? शोध कितने प्रकार की होती है? शोध का क्षेत्र क्या है? शोधप्रबन्ध का स्वरूप एवं उसकी प्रक्रिया क्या है?

शोधप्रबन्ध के परिप्रेक्ष्य में विषयचयन रूपरेखा–निर्माण सामग्री संकलन, उद्धरण, अवतरण, पादटिप्पणी, प्रस्तावना, निष्कर्ष, शोधसार, ग्रंथसूची निर्माण आदि का क्या महत्त्व है?

ग्रन्थ–सम्पादन का स्वरूप एवं उसकी प्रक्रिया क्या है? ये सारे के सारे प्रश्न एवं उनके समुचित समाधान व्याख्यान शोधप्रविधि के ही अन्तर्गत आते हैं।

शोध मानव की सहज प्रवृत्ति है। मनुष्य विवेकशील है। वह पशुओं की तरह मात्र शारीरिक अपेक्षाओं– आहार, निद्रा, भय एवं मैथुन का ही अनुभव नहीं करता। उसकी शारीरिक भूख से अधिक मन की भूख होती है। आचार्य नारायण पण्डित ने बड़ी स्पष्टता से कहा है–

**आहारनिद्राभयमैथुनञ्च, समानमेतत्पशुभिर्नराणाम् । धर्मो हि तेषामधिको विशेषो, धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः।।**

अर्थात् मुनष्य एवं पशु में शरीरधर्म तो एक ही जैसे हैं। परन्तु दोनों में सबसे बड़ा भेद यही है कि मनुष्य में धर्म है, पशु में नहीं।

यहाँधर्म शब्द उपलक्षण (प्रतीक) है विवेकका, मानसिक विचारप्रक्रिया कामन संकल्प एवं विकल्प से ओत–प्रोत होता है। वह देहलीदीपकन्याय से एक ओर तो बुद्धि एवं अहंकार को प्रकाशित करता है, दूसरी ओर उनका संकेत ग्रहण कर प्रसुप्त ज्ञानेन्द्रियों एवं कर्मेन्द्रियों को भी प्रेरित करता है उनके विषयों में इसीलिये, भारतीय दर्शन में मन को उभयेन्द्रिय अथवा मध्यस्थेन्द्रिय भी कहा गया है।

यही मन मनुष्य की सबसे बड़ी निधि है। संकल्पधर्मा होने के कारण यही मनुष्य को दार्शनिक, कवि, राजनेता, संन्यासी, नर्तक, गायक, वादक, धावक तथा अन्यविध कलाकार बनाता है। मध्यकालीन सन्त कबीरदास ने तो स्पष्टतः कहा है–

**मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। कहे कबीर हरि पाइये, मन ही की परतीत।।**

मैत्रायण्युपनिषद् में भी इसी तथ्य को उजागर किया गया है– "मन एवं मनुष्याणांकारणं बन्धमोक्षयोः" अर्थात् मनुष्य के बन्ध एवं मोक्ष का कारण मन ही होता है। वह सांसारिक प्राणी बनकर, माया–मोह के बन्धन में भी सुखी है तो मात्र मन रमने के कारण! यदि मन संसार में न रमे, उचट जाय तो वही मनुष्य संसार को त्याग, ईश्वर की खोज में निकल पड़ता है।

यही मन मनुष्य को शोध की ओर भी प्रवृत्त करता है। वस्तुतः शोध का सम्बन्ध विद्या एवं ज्ञान से है। विद्यासम्पन्न, ज्ञानसम्पन्न मनुष्य ही अनुसन्धान को और उन्मुख होता है। इस प्रकार, शोध का अर्थ है ज्ञान की पिपासा! हम जो नहीं जानते। उसको भी जानने की दुर्वार आकांक्षा! शोध के द्वारा ही मनुष्य ने पारलौकिक जगत् को जाना, ग्रहों–नक्षत्रों की गतिविधियों का पता लगाया तथा प्रकृति के गूढ़ रहस्यों को हस्तामलकवत् देखा। परन्तु जिस शोध का सन्दर्भ हम ज्ञान के क्षेत्र में निरूपित कर रहे हैं वह प्रकृति, संसार अथवा ब्रह्माण्ड से नहीं जुड़ा है। उस प्रकार का शोध तो विज्ञान का विषय हो सकता है। मानविकीके क्षेत्र में शोध सीमित है ज्ञान के ही क्षेत्र में। अतः यहाँ शोध का अर्थ है विद्या अथवा ज्ञान के रहस्यमय अथवा अज्ञात आवरणों का उन्मीलन।

हमारे प्राचीन आचार्यो ने ज्ञान की सम्पूर्ण प्रक्रिया को तीन स्तरों पर व्यवस्थितकिया है–शोध, बोध तथा प्रबोध।

**'आदौ शोधस्ततो बोधः, प्रबोधश्चाप्यनन्तरम्'** अर्थात् सर्वप्रथम होता है ज्ञान का अथवा प्रमेय का शोध, तदनन्तर श्रेष्ठ गुरु के प्रवचन से उसका बोध होता है और अन्त में होती है उसकी अनुभूति !

इस प्रकार शोध को हम ज्ञान की पिपासाकह सकते हैं। विना इस पिपासा के कोई पढ़ेगा–लिखेगा क्यों? और बिना पढे–लिखे वह ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित अन्तःकरण वाला भी क्यों बनेगा?

12वीं शती ई0 में उत्पन्न कान्यकुब्ज नरेश जयचन्द्र के राजकवि तथानैषधीयचरितम् महाकाव्य के प्रणेता महापण्डित श्रीहर्ष ने भी विद्या (ज्ञान) की चार अवस्थाओं का उल्लेख किया है–

**अधीतिबोधाचरणप्रचारणैर्दशाश्चतस्त्रः प्रणयन्नुपाधिभिः। चतुर्दशत्वं कृतवान् कुतः स्वयं न वेद्मि विद्यासु चतुर्दशस्वयम्।।**

इस पद्य में राजा नल की चौदह विद्याओं का उल्लेख करते हुए उसकी चार क्रमिक स्थितियों का वर्णन किया गया है–अधीति, बोध, आचरण तथा प्रचारण।

शोध की प्रक्रिया में भी प्रायः ये चार ही स्थितियाँ आती हैं। पहले हम ज्ञान प्राप्त करते हैं, तदनन्तर उस ज्ञान को हम अनुभूति के स्तर पर अनुभव करते हैं। तीसरी स्थिति है– ज्ञान को अपने आचरण में उतारने की अथवा ज्ञान से तादात्म्य स्थापित करने की और अन्तिम स्थिति है उस ज्ञान के वितरण की।

प्राचीन भारतीय मनीषियों ने ज्ञान से भी अधिक जोर दिया है ज्ञानार्जन करने वाले छात्र की क्षमता अथवा पात्रता पर।

महाकवि कालिदास (ई0पू0 दूसरी शती) मालविकाग्निमित्र नाटक में कहतेहैं कि पात्र विशेष में न्यस्त किया शिल्प ही गुणवत्ता को प्राप्त कर पाता है। जैसे कि समुद्र की सीपी में ही डाला गया मेघजल मुक्ता के रूप में परिणत हो जाता है।

**पात्रविशेषे न्यस्तं गुणान्तरं व्रजति शिल्पमाधातुः। जलमिव समुद्रशुक्तौ मुक्ताफलतां पयोदस्य ।।**

महाकवि भारवि (छठीं शती ई0) भी कहते हैं कि विशिष्टकोटिक आश्रय कोप्राप्त करके ही गुणवानों का गुण वैशिष्ट्य को प्राप्त होता है–

**प्राप्यते गुणवतापि गुणानां व्यक्तमाश्रयवशेन विशेषः।।**

महाकवि माघ कहते हैं कि सूर्य की किरणों का संस्पर्श प्राप्त करके ही सूर्यकान्तमणि आग उगलने लगता है। परन्तु अन्य पदार्थ ऐसा नहीं कर पाते, जबकि सूर्य की किरणें उन पर भी पड़ती हैं–

**वमद्भिरुष्णांशुकरावमर्शात् कार्शाणवं धाम पतंगकान्तैः। शशंस यः पात्रगुणाद् गुणानां संक्रान्तिराक्रान्तगुणान्तरेति ।।**

मुद्राराक्षस नाटक के लेखक विशाखदत्त भी कहते हैं कि यदि खेत अच्छा है. तो चाहे मूर्ख व्यक्ति बीज बोये अथवा बुद्धिमानब, फ़सल अच्छी होती है–

**चीयते बालिशस्यापि सत्क्षेत्रपतिता कृषिः। न शालेः स्तम्बकरिता वप्तुर्गुणमपेक्षते।।**

और अन्ततः महाकवि भवभूति भी विद्यापात्रता का ही समर्थन करते हुए कहते हैं कि मणि ही प्रतिबिम्ब ग्रहण करने में समर्थ होता है मिट्टी का ढेला नहीं। **प्रभवति शुचिर्विम्बग्राहे मणिर्न मृदां चयः।** इन विवरणों से स्पष्ट है कि अनुसन्धानात्मक ज्ञान की सफलता निर्भर होती है अनुसन्धाता को पात्रता पर और उसकी पात्रता है उसकी सांस्कारिक प्रतिभा, बहुश्रुतता तथा उसका परिश्रम, अध्यवसाय।

संस्कृत में शोध के लिये अनुसन्धान(अनु+सम्+धा+ल्युट् प्रत्यय) तथा गवेषणा (गवेष्+युच्+टाप् प्रत्यय) शब्द भी प्रचलित हैं। अनुसन्धान का अर्थ है पश्चाद्वर्ती खोज। किसी भी पूर्वस्थापित अथवा पहले से ही विद्यमान वस्तु के विषय में, पुनः प्रतिष्ठापना को दृष्टि में रखकर जो खोजबीन की जाती है उसे अनुसन्धान कहते हैं।

संस्कृत समीक्षाशास्त्र में शोध की यह प्रवृत्ति अत्यन्त प्राचीनकाल में वैशद्य को प्राप्त हो चुकी थी। महर्षि यास्क (ई0पू0 7वीं शती) ने अपने निरुक्त में उन्हीं प्रवृत्तियों का परिचय दिया है।

समीक्षा के अगले चरण में हम खण्डन–मण्डन की प्रक्रिया का विकास पाते हैं। इस प्रक्रिया में अलंकारशास्त्री आचार्यगण अपने सिद्धान्त की स्थापना से पूर्व, अपने सिद्धान्त के विषय में उठी आशंकाओं, आपत्तियों एवं भ्रान्तियों का निवारण करते थे। तदनन्तर अपने विरोधियों (पूर्वपक्षियों) के तर्कों को पूरी ईमानदारी के साथ उपन्यस्त कर उसका समूल खण्डन करते थे और अन्तिम चरण में अपने सिद्धान्त की प्रतिष्ठापना करते थे। पूर्वपक्षियों का मत उपस्थित करने से पूर्व आचार्यगण उनके सिद्धान्तों का सांगोपांग अध्ययन करते थे ताकि उन्हें यथार्थरूप में प्रस्तुत किया जा सके। इस प्रकार की खण्डन–मण्डन पद्धति हमें आचार्य आनन्दवर्धन–प्रणीत ध्वन्यालोक में देखने को मिलती है। मूलग्रंथों के भाष्य, टीका, उपटीका, टिप्पणी एवं क्रोडपत्र आदि में भी इसी पद्धति का आश्रय लिया जाता था। आचार्य मल्लिनाथ ने तो अपनी टीकाओं में एक विशिष्ट आदर्श का पालन किया जो उन्होंने स्वयं निश्चित किया था–

**इहान्वयमुखेनैव सर्वं व्याख्यायते मया । नाऽमूलं लिख्यते किञ्चिन्नाऽनपेक्षितमुच्यते।।**

अर्थात् मूलपाठ के अन्वयानुसार ही मैं सारी व्याख्या कर रहा हूँ। न मैं ऐसा कुछ लिख रहा हूँ अपनी टीका में जो कि मूलाभिप्राय के विरुद्ध होऔर न ही 'अनपेक्षित' वक्तव्य प्रस्तुत कर रहा हूँ।

प्राचीन आचार्यों की शोधदृष्टि का प्रमाण हमें आचार्य शंकर के शारीरकभाष्य, पतञ्जलि के महाभाष्य तथा अभिनवगुप्त, मल्लिनाथ, वीरराघव, जगद्धर, वल्लभदेव तथा समुद्रबन्ध आदि की टीकाओं में उपलब्ध होता है। आचार्य अभिनवगुप्त ने तो नाट्यशास्त्र की टीका 'अभिनवभारती' में लिखा–

**तस्मात्सतामत्र न दूषितानि मतानि तान्येव तु शोधितानि। पूर्वप्रतिष्ठापितयोजनासु मूलप्रतिष्ठाफलमामनन्ति।।**

अर्थात् हमने अपनी टीका में श्रेष्ठ विद्वज्जनों के मतों को दूषित नहीं किया है। बल्कि उन्हें संशोधित भर किया है। पूर्वप्रतिष्ठापित मतों के समादर से मौलिक प्रतिष्ठा का ही फल मिलता है।

आचार्य अभिनव के कथन का संकेत अत्यन्त गम्भीर है जिससे निम्नअभिप्राय प्रकट होते हैं–

(1) यदि पूर्वाचार्यों का मत सुचिन्तित एवं निर्दोष है तो अकारण उनमें कमी नहीं दिखानी चाहिये, उनका खण्डन नहीं करना चाहिए।

(2) मात्र अपने सिद्धान्त की रक्षा के लिये दूसरे के सिद्धान्त का खण्डन करने से पूर्व, दूसरे के सिद्धान्त की युक्तियुक्तता पर भी विचार करना चाहिये।

(3) यदि पूर्वपक्षी के मत में परिष्कार मात्र करने से अपना काम चल जायतो परिष्कार मात्र ही करना चाहिये, खण्डन नहीं।

(4) शोध अथवा सिद्धान्त के सन्दर्भ में राग अथवा द्वेषभाव का बद्धमूलहोना ठीक नहीं है।

आचार्य अभिनवगुप्त खण्डनात्मक, मण्डनात्मक तथा परिष्कारात्मक तीनो ही शैलियों का प्रयोग करते हैं।

अनुसन्धान के लिये प्रयुक्त दूसरा शब्द है– गवेषणा। इसका शाब्दिक अर्थ है गाय की इच्छा। यह अभिप्राय विचित्र प्रतीत होता है। भला गाय की इच्छा से अनुसन्धान का क्या सम्बन्ध ?परन्तु गवेषणा शब्द अत्यन्त रोचक एवं सटीक है। वस्तुतः यह एक प्रतीकात्मक अथवा लाक्षणिक शब्द है जो परोक्षरूप से अनुसन्धान का अर्थ देता है।

परन्तु आज जिस अर्थ में अनुसन्धान का प्रयोग हो रहा है वह एक सीमित, संकुचित दायरे में किया जाने वाला ऐसा अध्ययन है जिससे नये तथ्यों का उन्मीलन हो सके। अतः इस प्रकार का शोधकार्य विश्वविद्यालयीय शैक्षिक पाठ्यक्रमों की ही भाँति एक सुनिश्चित पाठ्यक्रम है जिसे प्रत्येक छात्र को सम्पन्न करना होता है। उसेशोधप्रबन्ध के माध्यम से अपने अध्ययन के परिणामों तथा उपलब्धियों को प्रस्तुत करना होता है।

इस प्रकार, आधुनिक सन्दर्भ में शोध का अर्थ है नवीनतथ्यों की खोज अथवा प्राप्त तथ्यों की नये आलोक में समीक्षा, उसका खण्डन–मण्डन। इसीलिये आधुनिक शोध को परीक्षणअथवा मूल्यांकनभी कहते हैं।

शोधकार्य का प्राणतत्त्व है नये तथ्यों की खोज ! इस कार्य में शोधकर्ता की आलोचनात्मक प्रतिभा तथा उसके ठोस निष्कर्षों का सर्वाधिक महत्त्व होता है।साहित्यिक प्रस्तुति भी शोधकार्य की विशेषता मानी जाती है।

**अनुसन्धान की कतिपय आधुनिक परिभाषाएं –**

किसी भी ज्ञान की शाखा में नवीन तथ्यों की खोज के लिये सावधानीपूर्वककिये गये अन्वेषण या जाँच–पड़ताल को अनुसन्धान की संज्ञा दी जाती है।

तथ्यों या सिद्धान्तों की खोज के लिये, सावधानीपूर्वक किया गया एक अन्वेषण अथवा किसी एक विषय में की गई निरन्तर सावधानीपूर्वक जाँच अथवा अन्वेषण अनुसन्धान कहलाता है।

अनुसन्धान वह है जो अवलोकित तथ्यों का संभावित वर्गीकरण, सामान्यीकरण और सत्यापन करते हुए, पर्याप्त रूप से वस्तुविषयक और व्यवस्थित हो।

अनुसन्धान वस्तुओं, प्रत्ययों और संकेतों आदि को कुशलतापूर्वक व्यवस्थितकरता है जिसका उद्देश्य सामान्यीकरण द्वारा विज्ञान का विकास, परिमार्जन अथवा सत्यापन होता है, चाहे वह ज्ञान व्यवहार में सहायक हो अथवा कला में।

अनुसन्धान की परिभाषा, ज्ञान की खोज में प्रमाणीकृत कार्य–रीतियों केप्रयोग के रूप में की जा सकती है।

अनुसंधान एक बौद्धिक प्रक्रिया है जिसमें किसी समस्या का निर्धारण कर उस समस्या को यत्नपूर्वक, वैज्ञानिक पद्धति से निष्पक्ष रूप से, तटस्थभाव से हल करनेका प्रयत्न किया जाता है तथा प्राप्त निष्कर्षो, परिणामों की समीक्षा करना तथा प्रमाणों एवं तर्कों के आधार पर नवीन परिणामों, सिद्धान्तों को प्रतिष्ठित करना अनुसंधानकार्य के अन्तर्गत आता है। तुलनात्मक अध्ययन का क्षेत्र यद्यपि भिन्न है तथापि उसके उद्देश्य को देखते हुए उसे अनुसन्धान के अंतर्गत सम्मिलित किया जा सकता है।

मानव सभ्यता के क्रमिक विकास के फलस्वरूप जब मानव एक संगठित जीवन, एक समाज एवं समुदाय के रूप में व्यतीत करने लगा तो यह आवश्यकता महसूस हुई कि मानव निरन्तर सुखमय जीवन व्यतीत कर सके। इस प्रकार की जिज्ञासा जो आवश्यकता पर आधारित है को अनुसन्धान की जननी कहा गया है। यहाँ पर इस कथन का प्रतिपादन हो जाता है कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है।

वस्तुतः अनुसन्धान की प्रवृत्ति दो प्रकार की परिलक्षित होती है–आत्मनिष्ठतथा वस्तुनिष्ठ।

आत्मनिष्ठ अनुसन्धान के बीज हमें ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में ही मिलने लगते हैं जहाँ ऋषि यह सोचने लगता है कि– 'को अद्धा वेद कुत इयं विसृष्टिः ?' अर्थात् सचमुच कौन जानता है (यह रहस्य) कि यह सृष्टि कहाँ से प्रारंभ हुई?

सृष्टिविषयक इन्हीं गूढ़ रहस्यात्मक प्रश्नों ने अध्यात्म को जन्म दिया। भारतीय ऋषि–महर्षि शरीर–संरचना, आत्मा, परमात्मा, मन, बुद्धि, अहंकार, पंच तन्मात्रा, पंचमहाभूत, पञ्चज्ञानेन्द्रिय, पञ्चकर्मेन्द्रिय तथा स्थावर–जंगमात्मक सृष्टि के विषय में चिन्तन करने लगे। श्वेतकेतु का उपाख्यान ऐसे आध्यात्मिक अनुसंधान का सर्वोत्तम निदर्शन है। कालान्तर में इन्हीं तत्त्वमीमांसाओं ने षड्दर्शन को जन्म दिया।

आत्मनिष्ठ अनुसन्धान की ही तरह वस्तुनिष्ठ अनुसन्धान भी विकसित हुआ।प्रकृति के गूढ़ रहस्यों को जानने के उद्देश्य से इस अनुसन्धान ने ही ज्यौतिष, खगोल, समुद्रविज्ञान, भौतिकी, रसायनशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, खनिजविज्ञान, मौसमविज्ञान एवं उपग्रहविज्ञान को जन्म दिया।

यद्यपि अनुसन्धान का कार्य–क्षेत्र अत्यंत विस्तृत है, जिन्हें निश्चित करना सरल नहींहै। तथापि उन्हें अध्ययन की दृष्टि से निम्नांकित क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है–

(क) रसायन विषयक अनुसन्धान–रसायन के क्षेत्र में इतनी मात्रा मेंरासायनिक पदार्थ उपलब्ध हैं जिनकी खोज करना, पृथक् करना आदि वर्तमान में अनुसन्धान का विषय है।

(ख) अन्तरिक्ष अनुसन्धान– वर्तमान में अन्तरिक्ष अनुसन्धान एक महत्त्वपूर्ण विषय है जिसमें विविध क्षेत्रों में अनुसन्धान हो रहा है।

(ग) समुद्रविज्ञान– पृथ्वी का 2/3 भाग पानी से घिरा है अर्थात् पृथ्वी का इतना भाग पानी से ढंका हुआ है। सामुद्रिक वस्तुओं की जानकारी के लिए तथा उनकीउपलब्ध सामग्री को मानवोपयोगी बनाने की दिशा में भी अनुसन्धान किये जाते हैं।

(घ) यान्त्रिकी–अनेक क्षेत्रों में मशीनों का उपयोग हो रहा है अतः मानव के कई कार्य मशीनीकरण द्वारा किया जाना अनुसन्धान का ही विषय है।

(ङ) सूचना–संग्रह की खोज– आज के युग में यह भी अनुसन्धान का खोज विषय बन गया है क्योंकि यह आधुनिक युग सूचना का युग कहा जाता है।

(च) इसके अतिरिक्त भाषा, समाजविज्ञान, साहित्य, कला, संस्कृति आदि अनेक क्षेत्र हैं जिनमें अनुसंधान किया जाता है।

अनुसन्धान के प्रकार अनन्त हो सकते हैं। सच तो यह है कि हर व्यक्ति जीवन में, जाने या अनजाने, कुछ न कुछ अनुसन्धान करता ही रहता है। अतः यह मानना कि अनुसन्धान मात्र शिक्षाजगत् से ही जुड़ा विषय है, हमारी कोरी भूल होगी।शिक्षा व्यवस्था एवं आधुनिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों के विशेषज्ञ विद्वानों के अनुसार, शैक्षणिक अनुसन्धान के निम्नलिखित प्रकार हो सकते हैं–

(1) अवलोकन अनुसन्धान – अवलोकन का तात्पर्य है वास्तविकता, तथ्य, व्याख्या को संग्रहीत करके उनको लिखना। अथवा उन्हें परोक्ष सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में बड़े व्यापक क्षेत्र में प्रयुक्त किया गया है, जिससे अवलोकनकर्ताओं को सामाजिक क्रियाकलापों में सम्मिलित होना पड़ता है और उसके आसपास होने वाली क्रियाओं को देखना पड़ता है। अवलोकन अनुसंधान के लिए

अवलोकन सर्वे प्रयोग में लिया जाता है। खगोलविज्ञान में बहुत से तथ्य अवलोकन के द्वारा ही ज्ञात किये जाते हैं। यह अनुसन्धान के प्रथम चरण का निर्माण करता है।

(2) आनुभविक अनुसन्धान – इस अनुसन्धान के अन्तर्गत अवलोकन के परिणामों को संकलित कर वर्गीकृत किया जाता है और उनके आधार पर सांख्यिकी विधि से निष्कर्ष निकालकर साधारण समीकरण, सहसम्बन्ध तथा निश्चित तथ्यों के सामान्यीकरण सम्बन्धों का प्रयोग किया जाता है। उन्हें पूर्वानुपाती आयाम कहते हैं। जिस मानसिक प्रक्रिया के आधार पर नियमों को निकालते है उन्हें अनुमान कहते हैं। अनुमान के लिए आवश्यकतानुसार बुद्धि की अपेक्षा होती है। इसे आनुभविक अनुसन्धान की संज्ञा दी जाती है। यह अनुसन्धान वास्तविक अनुसन्धान है।

(3) मौलिक अनुसन्धान–आनुमानिक नियमों के विपरीत मौलिक नियम बिना किसी बौद्धिक साधना के प्राप्त किये जा सकते हैं। वास्तव में इसमें आन्तरिक ज्ञान का अत्यधिक प्रभाव होता है। आन्तरिक ज्ञान द्वारा बिना किसी बुद्धिव्यायाम के चेतना, बुद्धि, प्रत्यक्ष आदि वस्तुओं की जानकारी स्वतः ही हो जाती है। एक मनुष्य जिसे यह ज्ञान हो जाता है उसे सिद्ध या सन्महात्मा कहते हैं।

(4) पूर्व अनुसन्धान– इसके अन्तर्गत हम जिस प्रक्रिया में कार्य करते हैं वह अनुमान है। अनुसन्धान के अन्तर्गत बुद्धि को एक मुख्य भूमिका होती है। इसके दो भाग होते हैं–

(1) विशुद्ध अनुसन्धान

(2) अनुप्रयुक्त अनुसन्धान

(5) विकासात्मक अनुसन्धान–विकासात्मक अनुसन्धान वह शब्द है जो या तो पूर्वगामी अनुसन्धान है या प्रयोगवादी अनुसन्धान से उत्पन्न होता है, तथा यहपूर्व प्राप्त परिणाम जो आवश्यक एवं तत्कालीन उपयोगिता को प्राप्त करने के लिए किये जाते हैं, के मध्य सम्बन्ध तथा सुधार लाता है। इस अनुसन्धान की आवश्यकता सभी उद्योगों में जानी जाती है तथा कई उद्योगो के पार्श्व में इस विकासात्मक अनुसन्धान को देखा जा सकता है।

यदि भारतीय पद्धति से विचार किया जाय तो शोध की दो ही प्रमुख पद्धतियाँ होनी संभव हैं – साहित्यिक एवं शास्त्रीय।

साहित्यिक प्रविधि है जिसके अन्तर्गत साहित्य, धर्म, संस्कृति तथा विश्वमानवता आदि समस्त विषय अन्तर्भूत हो सकते हैं।

वस्तुत: शास्त्रीय प्रविधि के ही अन्तर्गत वे सारी पद्धतियाँ आजाती हैं जिन्हें हम वैज्ञानिक संज्ञा देते हैं। भौतिकी, रसायनशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, जीवविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, कृषिशास्त्र, स्थापत्य, मन्दिरविज्ञान, मुद्राशास्त्र, पर्यावरण, भू–भौतिकी तथा आधुनिक उपग्रहविज्ञानादि विषयों से जुड़ी शोध–प्रविधियाँ शास्त्रीय शीर्षक के ही अन्तर्गत आ जायेंगी।

आधुनिक अनुसन्धानकर्ताओं के द्वारा प्रमुख रूप से दो आधारों पर शोध प्रारचना कोवर्गीकृत किया जाता है–

1.अध्ययन के उद्देश्य के आधार पर वर्गीकरण – उद्देश्य के आधार पर अनुसन्धान प्ररचना के प्रमुख रूप से पाँच प्रकार देखने को मिलते हैं–

(अ) अन्वेषणात्मक शोध प्ररचना।

(ब) विवरणात्मक शोध प्ररचना।

(स) निदानात्मक शोध प्ररचना।

(द) प्रयोगात्मक शोध प्ररचना।

(य) मूल्यांकनात्मक शोध प्ररचना।

2. अध्ययन के उपागम के आधार पर वर्गीकरण

(अ) सर्वेक्षण से सम्बन्धित शोध प्ररचना।

(ब) क्षेत्र अध्ययन सम्बन्धी अनुसन्धान प्ररचना।

(स) प्रयोग सम्बन्धी अनुसन्धान प्ररचना ।

(द) ऐतिहासिक अनुसन्धान प्ररचना ।

(य) वैयक्तिक अध्ययन सम्बन्धी प्ररचना ।

सेलिज–जहोद ने अपनी पुस्तक ''रिसर्च मेथड्स इन सोशल रिलेशन्स'' में शोध प्ररचना को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया है –

(अ) अन्वेषणात्मक अथवा निरूपणात्मक शोध प्ररचना ।

(ब) वर्णनात्मक या निदानात्मक शोध प्ररचना ।

(स) प्रयोगात्मक या परीक्षणात्मक शोध प्ररचना ।

(अ) अन्वेषणात्मक अथवा निरूपणात्मक शोध प्ररचना–अन्वेषणात्मक अथवा निरूपणात्मक शोध प्ररचना का प्रयोग सीमित ज्ञान के विषय में अधिक ज्ञान की खोज करने के लिए अथवा अज्ञात तथ्यों के बारे में पता करने के लिए किया जाता है। इसका अभिप्राय यह है कि अन्वेषणात्मक शोध प्ररचना का प्रयोग उन अध्ययनों के लिए किया जाता है जिनके विषय में कम जानकारी है।

अन्वेषणात्मक शोध प्ररचना को परिभाषित करते हुए जहोद एवं अन्य ने कहा है– ''अन्वेषणात्मक अनुसन्धान अनुभव जो कि सम्बन्धित उपकल्पनाओं के निर्माण में सहायक होगा जिनसे सुनिश्चित खोज की जा सकेगी, के लिए आवश्यक है।''

अन्वेषणात्मक अथवा निरूपणात्मक शोध प्ररचना की आवश्यकता प्रमुख रूप से अध्ययन के विषय में आधारभूत ज्ञान प्राप्त करने के लिए होती है। एक तरह के प्राथमिक खोज के रूप में इसका प्रयोग किया जाता है।

अन्वेषणात्मक शोध प्ररचना के उद्देश्य अन्वेषणात्मक शोध प्ररचना के निम्न उद्देश्य हैं। इन उद्देश्यों को भी कार्यों के रूप में देखा जा सकता है।

(1) अनुसन्धान विषय के सम्बन्ध में आधारभूत ज्ञान प्राप्त करना ।

(2) तत्कालीन स्थितियों के सम्बन्ध में सूचनाएँ प्रदान करना।

(3) अनुसन्धान की सम्भावनाओं को जानना।

(4) नवीन उपकल्पनाओं को प्रदान करना।

(5) अवधारणाओं का स्पष्टीकरण एवं नवीन अवधारणाओं का पता करना।

(6) अनिश्चित समस्याओं को निश्चितता प्रदान करना।

अन्वेषणात्मक शोध प्ररचना की निम्न विधियाँ हैं–

(1) सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण – उपकल्पनाओं को विकसित करनेमें तथा शोध समस्या को सही रूप से निर्धारित करने में सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण करना आवश्यक होता है। सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण सबसे आसान एवं उपयुक्त तरीका है जिसमें अनुसन्धान–समस्या के स्पष्टीकरण में सहायता मिलती है। सम्बन्धित साहित्य के सर्वेक्षण में, समस्या से सम्बन्धित साहित्य, शोध–प्रतिवेदन, पुस्तकों सन्दर्भों, पत्रिकाओं तथा लेखों का सहारा लिया जाता है।

(2) अनुभव सर्वेक्षण –जिस समस्या का अध्ययन किया जा रहा है उसके सम्बन्ध में व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया जाना, अन्वेषणात्मक शोध प्ररचना के लिए आवश्यक होता है। यह आवश्यक नहीं होता है कि समस्या के सम्बन्ध में समस्त जानकारी प्रकाशित या लिखित रूप में उपलब्ध हो। समस्या के अनेक पक्षों के सम्बन्ध में व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों के अपने अनुभव बहुत लाभकारी होते हैं।

(3) अन्तर्दृष्टि प्रेरक घटनाओं का विश्लेषण–अन्वेषणात्मक शोध प्ररचना के लिए महत्वपूर्ण आधार अन्तर्दृष्टिप्रेरक घटनाओं का विश्लेषण है। अन्तर्दृष्टिप्रेरक घटनाओं का विश्लेषण वैयक्तिक अध्ययन पद्धति से किया जाता है। इन अध्ययनों में अनुसन्धानकर्ताओं को अनेक तत्त्व प्रेरित करते हैं जो निम्न प्रकार के हैं –

(1) अपरिचितों की प्रतिक्रियाएँ।

(2) सीमान्त व्यक्तियों से आशय है वे व्यक्ति जो समुदाय से न तो परिपूर्ण रूप से घुलमिल जाते हैं और न ही उनसे पृथक रहते हैं।

(3) संक्रमणकालीन अध्ययन।

(4) विधिशास्त्रीय समस्यायें।

(5) व्यक्तियों की विशेषताएँ।

(6) सामाजिक संरचना की विभिन्न स्थितियाँ।

(ब) वर्णनात्मक एवं निदानात्मक शोध प्रचना – वर्णनात्मक शोध अध्ययन उन अध्ययनों से सम्बन्धित होते हैं जब किसी विशिष्ट व्यक्ति या समूह की विशेषताओं का वर्णन करना समस्या का उद्देश्य रहता है। अर्थात् वर्णनात्मक अध्ययन प्रचना का सम्बन्ध समस्या के संबंध में पूर्ण यथार्थ एवं विस्तृत सूचनाएँ प्रदान करना होता है। इस प्रकार के अध्ययनों का सम्बन्ध अध्ययन की समस्या के सम्बन्ध में समस्त विवरणों को प्राप्त करना होता है।

निदानात्मक शोध, अध्ययन समस्या से सम्बन्धित तथ्यों का वर्णन प्रस्तुत करता है। इसके द्वारा उन कारणों को खोजने का प्रयास किया जाता है जो कि समस्या के लिए उत्तरदायी होते हैं। किसी घटना की बारम्बारता क्यों हो रही है इसका पता लगाया जाता है। किसी घटना का सम्बन्ध किन कारणों से है इसको भी जानने का प्रयास किया जाता है।

निदानात्मक अध्ययन समस्या का निदान सुझाते हैं। ये उपकल्पनाओं द्वारा पूर्णतया निर्देशित होते हैं। इस प्रकार के अध्ययनों का प्रमुख उद्देश्य उपचार पर अधिक बल देना है।

इस प्रकार के अध्ययनों में लचीलापन नहीं होता अर्थात् एक निश्चित चरणों से होकर अध्ययन करना पड़ता है। इन अध्ययनों में निम्न बातों पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है–

(1) अध्ययन के उद्देश्यों का निर्धारण किया जाता है। अर्थात् यह तय किया जाता है कि अध्ययन किसके बारे में है तथा यह अध्ययन क्यों किया जा रहा है?

(2) तथ्यों के संकलन की पद्धतियों को तय किया जाता है अर्थात् यह निश्चित किया जाता है कि तथ्यों के संकलन के लिए कौन सी तकनीक सबसे ज्यादा उपयुक्त है।

(3) निदर्शन का चुनाव किया जाता है। निदर्शन की संख्या में इसको निश्चित किया जाता है।

(4) तथ्यों का संकलन करना। इसके अन्तर्गत तथ्यों का संकलन कहाँ से करना है तथा किस समय करना है–इसको तय करना होता है।

(5) तथ्यों का विश्लेषण करना ।

(स) प्रयोगात्मक या परीक्षणात्मक शोध प्रचना–परीक्षणात्मक शोधप्रचना एक तरह से भौतिक विज्ञानों की तरह से होती है। इस प्रकार के अध्ययन में कुछ कारकों को नियंत्रित किया जाता है तथा कुछ कारकों को अनियंत्रित कर अध्ययन किया जाता है। प्रोफेसर फिशर ने परीक्षणात्मक शोध अध्ययनों को तीन सिद्धान्तों के आधार पर समझाने का प्रयास किया है–

(1) पुनरावृत्ति ।

(2) दैव निदर्शन का सिद्धान्त।

(3) स्थानीय नियंत्रण का सिद्धान्त ।

चेपिन ने परीक्षणात्मक शोध प्रचना के सम्बन्ध में लिखा है कि ‘‘परीक्षण नियंत्रित परिस्थितियों के अन्तर्गत अवलोकन मात्र है।’’ चेपिन ने इसको और स्पष्ट करते हुए लिखा है– ‘‘सामान्य शास्त्रीय अनुसंधान के अन्तर्गत परीक्षणात्मक शोध प्रचना की अवधारणा नियंत्रित दशाओं के अन्तर्गत मानव संबंधों के अवलोकन द्वारा व्यवस्थित स्थित अध्ययन है।’’

**व्याख्याता**

**राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय,**

**कोटकासिम (अलवर)**

# शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान : एक अध्ययन

**डॉ. राम प्रसाद जांगिड़**

**प्रस्तावना**

मनुष्य की अन्तर्निहित शक्तियों का चरम विकास शिक्षा द्वारा सम्पन्न होता है। व्यापक अर्थ में शिक्षा, जीवन की अविच्छिन्न प्रक्रिया है। हम जन्म से मृत्युपर्यन्त शिक्षा ग्रहण करते हैं। जीवन गतिशील होता है और शिक्षा जीवन की एक क्रिया है। समाज और राष्ट्र की प्रगति को शोध के परिणामों द्वारा पहचाना जाता है। क्योंकि समाज और राष्ट्र की मूल समस्याओं का समाधान शोध कार्यो द्वारा किया जाता है। शोध कार्यों को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है–1. मौलिक अनुसंधान 2. क्रियात्मक अनुसंधान।

मौलिक अनुसंधान– इसके अन्तर्गत नवीन ज्ञान की वृद्धि की जाती है। नवीन सिद्धान्तों का प्रतिपादन, नवीन तथ्यों की खोज, नवीन सत्यों का प्रतिस्थापन किया जाता है।

क्रियात्मक अनुसंधान– इसके अन्तर्गत समस्याओं का अध्ययन किया जाता है, जिससे शिक्षण प्रक्रिया में सुधार तथा विकास किया जा सके। इसे प्रयोगात्मक आयाम अनुसंधान भी कहा जाता है।

इस आलेख में क्रियात्मक अनुसंधान के संबंध में विचार किया जा रहा है, जिसमें क्रियात्मक अनुसंधान की उत्पत्ति, अर्थ, परिभाषा, आवश्यकता महत्त्व आदि बिन्दुओं को शामिल किया गया है।

क्रियात्मक अनुसंधान की उत्पत्ति–क्रियात्मक अनुसंधान शब्द की उत्पत्ति के सम्बन्ध में एक नाम उल्लेखनीय है – राइट स्टोन का, जिन्होंने पाठ्यक्रम ब्यूरो के कार्यो का वर्णन करते समय रिसर्च एक्शन शब्द का प्रयोग किया। शिक्षा के क्षेत्र में तांबा, ब्रेडी तथा रॉबिन्सन ने क्रियात्मक अनुसंधान की विधा एवं इनके आन्दोलन को अधिक बल प्रदान किया है। क्रियात्मक अनुसंधान की उत्पत्ति का आधार ''आधुनिक मानव व्यवस्था सिद्धान्त'' माना जाता है। यह सिद्धान्त मुख्यतः कार्य एवं संबंध केन्द्रित होता है। इसके अन्तर्गत मुख्य विचारधारा यह है कि इस व्यवस्था के कार्यकर्ता में कार्य की कुशलता के साथ ही साथ समस्या समाधान की भी क्षमता होती है।द्वितीय विश्व युद्ध के समय से ही क्रियात्मक अनुसंधान शब्द का प्रयोग होने लगा। इसका श्रेय कॉलियर तथा लेविन को जाता है। कॉलियर ने सामाजिक व्यवस्था पर जोर दिया और सर्वप्रथम क्रियात्मक अनुसंधान शब्द का प्रयोग किया। लेविन तथा उनके शिष्यों ने मानवीय संबंधों को अच्छा बनाने के संबंध में कतिपय अनुसंधान किये, जिसे क्रियात्मक अनुसंधान का आधुनिक समय कहा जाता है।

क्रियात्मक अनुसंधान का अर्थ–क्रियात्मक अनुसंधान सर्वप्रथम अमेरिका में 'स्टीफन एम0 कोरे' के प्रयत्नों से शुरू किया जाता है। क्रियात्मक अनुसंधान की प्रकृति प्रयोगात्मक व व्यवहारिक होती है। इस प्रकार की अनुसंधान प्रक्रिया द्वारा कक्षा तथा विद्यालय एवं महाविद्यालयोंकी समस्याओं का क्रमबद्ध अध्ययन किया जाता है। यह अनुसंधान का प्रयोगात्मक रूवरूप है।

क्रियात्मक अनुसंधान की परिभाषाएँ–शिक्षा अनुसंधान कोष के द्वारा ''अध्यापकों प्रशासकों आदि द्वारा अपने निर्णयों और कार्यों को सुधारने के सीमित उद्देश्य से किया गया अनुसंधान क्रियात्मक अनुसंधान कहलाता है।

सारा ब्लेकवेल– ''विद्यालय की कार्य प्रणालियों में सुधार लाने की दृष्टि से विद्यालयीय समस्याओं से सम्बन्धित विद्यालय के अभिकार्मिकों द्वारा किया गया शोध ही क्रियात्मक अनुसंधान कहा जाता है।

मुखर्जी के अनुसार– ''क्रियात्मक अनुसंधान वह अन्तःक्रियात्मक प्रक्रिया है, जो सहभागियों की संचालित क्रियाओं से संबंध रखती है।''

फोसे तथा गुडसन के अनुसार ''क्रियात्मक अनुसंधान उस प्रक्रिया का नाम है, जिसका उद्देश्य कार्यां को व्यवस्थित रूप में

सुधारना हैं।

स्टीफन एम. कोरे के अनुसार – वह क्रिया जिसके द्वारा कार्यकर्ता अपने निर्णयों और क्रियाओं को उचित दिशा देने, उनमें सुधार करने और उनका मूल्यांकन करने के लिए अपनी समस्याओं का वैज्ञानिक अध्ययन करते हैं, उसे व्यक्ति क्रियात्मक अनुसंधान कहते है।''

**क्रियात्मक अनुसंधान की महत्वपूर्ण विशेषताएँ–**

क्रियात्मक अनुसंधान की कतिपय महत्त्वपूर्ण विशेषताएॅ है जो इस प्रकार है-

- प्रदत्त परिस्थितियों में कार्यां एवं निर्णयों की गुणवत्ता को सुधारना ही क्रियात्मक अनुसंधान का लक्ष्य होता है, जिससे वह परिस्थिति बेहतर एवं उपयोगी सिद्ध हो सके।
- क्रियात्मक अनुसंधान के तहत समस्या का चयन यथार्थ के अत्यन्त मूर्त स्तर से होता है, अतः इसका स्वरूप उतना ही स्पष्ट एवं मूर्त होता है।
- क्रियात्मक अनुसंधान में शोध परिकल्पना प्रस्तावित कार्य तथा उसके प्रत्याशित परिणाम के रूप में निर्मित की जाती है। अतः इसे क्रियात्मक परिकल्पना की संज्ञा दी जाती है।
- क्रियात्मक अनुसंधान का अभिकल्प अनुकूल स्वरूप रखता है, जिससे इसके क्रियान्वयन में लचीलापन व परिवर्तन सम्भव होता है।

क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता एवं महत्व-भारत की वर्तमान परिस्थितियों में क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता एवं महत्व को सभी विद्वान् स्वीकारते हैं। अध्यापक-शिक्षा के कार्यक्रम द्वारा छात्रों को शिक्षण का प्रशिक्षण दिया जाता है। शिक्षण कौशलों का विकास सूक्ष्म शिक्षण द्वारा किया जाता है। प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के लिए विधियों, प्रविधियों तथा सम्प्रेषण द्वारा अन्तःप्रक्रिया का ज्ञान तथा अभ्यास कराया जाता है। शिक्षक को कक्षा में तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि शिक्षकों को क्रियात्मक अनुसंधान करने मे सहायता दी जाए तो वे स्वयं अपनी समस्याओं का समाधान कर लेंगे। अतः क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता एवं महत्व इस प्रकार हैः-

- विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की रूढ़िवादी पद्धतियों के आधुनिकीरण एवं सुधार करने के लिए क्रियात्मक अनुसंधान आवश्यक है।
- विद्यार्थियों और समाज के बीच खाई को पाटने और आपसी सम्बन्धों में सुधार लाने के लिए।
- विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षक, प्रधानाचार्य, प्राचार्य, प्रबन्धक निरीक्षक आदि में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए।

**क्रियात्मक अनुसंधान के उद्देश्य –**

- संस्था के संगठन और व्यवस्था में परिवर्तन करके सुधार करना।
- पाठ्यक्रम का वास्तविक परिस्थितियों में अध्ययन करके उसको स्थानीय आवश्यकतों के अनुकूल बनाना।
- संस्था की कार्यप्रणाली को प्रभावशाली करना ही क्रियात्मक अनुसंधान का उद्देश्य है।
- दैनिक समस्याओं का अध्ययन और समाधान करके उसकी प्रगति में योगदान देना।

क्रियात्मक अनुसंधान के क्षेत्र-क्रियात्मक अनुसंधान का विद्यालय एवं महाविद्यालय की कार्यप्रणाली में अधोलिखित क्षेत्रों में प्रयोग किया जाता है-

- शिक्षण में प्रयुक्त होने वाली सहायक सामग्री जिसकी उपयोगिता के संबंध में निर्णय लेने के लिए इसका प्रयोग करते हैं।
- कक्षा शिक्षण की शिक्षण प्रणाली में गुणात्मक सुधार लाने के लिए यह विधि महत्वपूर्ण सिद्ध होती है।
- भाषा के क्षेत्र में वर्तनी तथा वाचन की भिन्न-भिन्न समस्याओं के उचित समाधान में इसकी भूमिका निर्णायक होती हैं।
- विभिन्न विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के प्रशासन से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं के समाधान में क्रियात्मक अनुसंधान की सहायता ली जाती है।
- विद्यार्थियों की विभिन्न रूचियों, तत्परता तथा जिज्ञासाओं में वृद्धि के लिए भी इसका प्रयोग सहायक है।

- विद्यार्थियों में अनुशासन के स्तर को ऊँचा उठाने में इसकी सहायता ली जाती है।

**क्रियात्मक अनुसंधान के प्रकार–**

- मूलभूत – यह अनुसंधान कार्य कुछ करने के लिए किए गए कार्यों का रिकार्ड रखने, कार्यों के क्या परिणाम हुए आदि का लेखा–जोखा रखने के लिए संपादित किए जाते हैं।
- निदानात्मक– इस प्रकार का अनुसंधान कार्य किसी समस्या या परिस्थिति के कारणों का विश्लेषण करता है।
- प्रयोगात्मक–इस प्रकार के अनुसंधान कार्यो में कुछ तत्वों को नियन्त्रित करके कुछ को मुक्त छोड़कर प्रयोग किए जाते है।
- संभागीय – इस प्रकार के अनुसंधान में सर्वेक्षण प्रकार की प्रवृति होती है, जिससे अधिक मात्रा में छात्रों की सहभागिता बढ़ती है।

क्रियात्मक अनुसंधान के सोपान–हार्लोड एच. एण्डर्सन ने (1951) में अपनी पुस्तक, एन. इन्ट्रोलेकशन टू प्रोजेक्टिव टेक्नीक में क्रियात्मक अनुसंधान के सात सोपानों का वर्णन किया है जो इस प्रकार है–

- समस्या की पहचान– वस्तुतः क्रियात्मक अनुसंधान में समस्या की पहचान करना कठिन नहीं होता है। कक्षा में अध्यापक यदि जागरूक रहता है, तो वह आसानी से क्रियात्मक अनुसंधान की समस्या का चयन अथवा खोज कर लेता है। क्रियात्मक अनुसंधान की समस्याओं से अध्यापक समय–समय पर परिचित होते रहते हैं।
- अनुसंधान प्रस्ताव–क्रियात्मक अनुसंधान के इस चरण में अनुसंधानकर्ता अथवा अध्यापक अपने सहयोगी शिक्षकों तथा प्राचार्य से उनके क्रियान्वयन के विषय में विचार–विमर्श करता है। इसके साथ ही वह अनुसंधान के उद्देश्य भी निश्चित करता है।
- परिकल्पनाओं का निर्माण– एक अनुसंधानकर्ता समस्या की पहचान करने के पश्चात् संभावित समाधान देने का प्रयास करता है। समस्या से संभावित समाधान ही परिकल्पनाओं का निर्माण करता है।
- समंक संकलन की योजना– अनुसंधान की प्रत्येक विधि में समंकां का संकलन एक अति महत्वपूर्ण कदम अथवा चरण होता है। वह भिन्न–भिन्न माध्यमों से समंकां को एकत्रित करता है तथा उन्हें परिकल्पना के अनुसार सारणीबद्ध तथा वर्गीकत करता है। इसके पश्चात् वह अपनी परिकल्पना के अनुसार ही समंकों को विश्लेषित करता है।
- योजना का क्रियान्वयन –इस चरण में अनुसंधानकर्ता अपनी विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करता है। तथा अपनी योजनाओं को सफ़ल बनाने के लिए विभिन्न परिकल्पनाओं का निरीक्षण करता है।
- समंकों से निष्कर्ष– समंकोंको एकत्र करने के पश्चात् समंकों का विश्लेषण किया जाता है। इसके माध्यम से अनुसंधानकर्ता पूर्व में निर्मित अपनी विभिन्न परिकल्पनाओं का निरीक्षण करता हैं।
- अनुसंधान परिणाम तैयार करना– क्रियात्मक अनुसंधान के परिणाम उसी विद्यालय एवं महाविद्यालय तक ही प्रयोग में आते हैं, जहाँ पर वह प्रयोग किये जाते हैं। परन्तु इसके परिणाम अन्य अनुसंधानकर्ताओं, शिक्षकों, निर्देशनकर्ताओं तथा प्रशासकों के लिए समान रूप से उपयोगी हो सकते हैं।

**क्रियात्मक अनुसंधान के लाभ–**

- शिक्षक अपनी तात्कालिक समस्याओं पर विचार करता है।
- कक्षा के वातावरण एवं अपनी कार्य प्रणाली में सुधार तथा प्रगति करना।
- शिक्षक अपने कार्य के प्रति जागरूक रहता है तथा उसमें समझ रहती हैं।
- शिक्षको में वैज्ञानिक–प्रवृति शोध कार्य के लिए जागृत होती हैं।

- इसमे छात्रों की आकांक्षा स्तर तथा उपलब्धि स्तर में वृद्धि होती हैं।

**निष्कर्षः –** इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन के आधार पर निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि शिक्षण प्रणाली में व्यापक सुधार एवं विकास में क्रियात्मक अनुसंधान का विशेष योगदान है। इस अनुसंधान के माध्यम से शिक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं का सरलता से निदान किया जा सकता है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची –**


- चौबे, सरयू प्रसाद – तुलनात्मक शिक्षा।
- शर्मा, आर. ए. – अध्यापक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तकनीकी।
- मिंग, रोजेन्द्र पाल – तुलना शिक्षा के उद्देश्य।
- सिंह, वी. वी. – भारत में शिक्षा का विकास।
- ओड, एल. के. – शैक्षिक प्रशासन।
- शर्मा, आर. ए. – अध्यापक शिक्षा
- शर्मा सी. एल. – सामाजिक अनुसंधान एवं सर्वेक्षण पद्धतियाँ।
- रायजादा, बी. एस. – शिक्षा के अनुसंधान के आवश्यक तत्व।
- शर्मा आर. ए. – अध्यापक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तकनीकी।
- कपिल एस.के.– अनुसंधान विधियाँ।
- कुसुमलता, नाटाणी प्रकाश नारायण– शैक्षिक शोध का पद्धति शास्त्र।
- पाठक पी.डी. –शिक्षा मनोविज्ञान।
- सिंह अरूण कुमार, सिंह आशीष कुमार – आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान


**सहायक–आचार्य (सामान्य संस्कृत)**
**राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय,**
**कालाडेरा, जयपुर**

# आधुनिक संस्कृत साहित्यशास्त्र में काव्यहेतु समीक्षा

**डॉ. बाबूलाल मीना**

कारण और कार्य का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। संसार में कोई भी कार्य कारण के बिना सम्पन्न नहीं होता है अतः काव्यरूप कार्य भी कारण की अपेक्षा रखता है। वस्तुतः कविकृति काव्य के भी कारण हैं। भारतीय साहित्यशास्त्र में प्राचीन काल से ही इस विषय पर विचार किया जाता रहा है। कतिपय आचार्य शक्ति या प्रतिभा को, कतिपय आचार्य शक्ति और निपुणता (व्युत्पत्ति) को और कतिपय आचार्य शक्ति, निपुणता और प्रवृत्ति (अभ्यास) को काव्यकारण या साधन या हेतु के रूप में स्वीकार करते हैं। कुछ आचार्य प्रतिभा को काव्य का साक्षात् कारण तथा व्युत्पत्ति और अभ्यास को काव्य के प्रति परम्परया कारण मानते हैं। परन्तु यहाँ यह उल्लेखनीय है कि अधिकांश संस्कृत काव्यशास्त्रीय आचार्य प्रतिभा (शक्ति), व्युत्पत्ति (निपुणता) और अभ्यास (प्रवृत्ति) इन तीनों को सम्मिलित रूप से काव्य का हेतु मानते हैं,पृथक्-पृथक् नहीं। भट्टतौत आदि आचार्यों के अनुसार 'प्रज्ञा नवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता' है। उन्होंने ऐसा कहकर कवि में विद्यमान नई-नई स्फुरणाओं से युक्त विशेष प्रज्ञा को प्रतिभा कहा है। कुछ आचार्य इसे 'शक्ति' भी कहते हैं। विभिन्न शास्त्रों, कलाओं का सम्यक् अध्ययन और अन्य कवियों की रचना आदि का अध्ययन करके निपुणता प्राप्त करने को व्युत्पत्ति कहा है। जन्मजात प्रतिभा व काव्य एवं शास्त्र ज्ञान से अर्जित व्युत्पत्ति से युक्त कवि के द्वारा काव्य रचना की बार-बार प्रवृत्ति या काव्य रचना किया जाना अभ्यास है।

सर्वप्रथम आचार्य भामह ने प्रतिभा को काव्य हेतु स्वीकार करते हुए कहा है कि प्रतिभावान् व्यक्ति ही काव्य रचना में समर्थ हो सकता है- **काव्यं तु जायते जातुं कस्यचित् प्रतिभावतः।1**

तत्परवर्ती आचार्य दण्डी काव्य के प्रति नैसर्गिक प्रतिभा के साथ-साथ निर्मल शास्त्र ज्ञान (व्युत्पत्ति) और अमन्दाभियोग (निरन्तर अभ्यास) की कारणता भी मानते हैं-**नैसर्गिकी च प्रतिभा श्रुतं च बहु निर्मलम्। अमन्दाश्चाभियोगोऽस्याः कारणं काव्यसम्पदः।।2**

अग्निपुराणकार शक्ति को ही काव्य निर्माण के मुख्य हेतु के रूप में स्वीकार करते है- **नरत्वं दुर्लभं लोके विद्या तत्र सुदुर्लभा। कवित्वं दुर्लभं तत्र शक्ति स्तत्र सुदुर्लभा। 3**

आचार्य वामन प्रतिभा को कवित्व का मूल कारण स्वीकारते हैं- **कवित्वबीज: प्रतिभानम्।4**

आचार्य रुद्रट ने प्रतिभा के स्थान पर शक्ति पद का प्रयोग करते हुए शक्ति, व्युत्पत्ति और अभ्यास-इन तीनों को समवेतरूप से काव्य हेतु माना है- **तस्यासारनिरासात्सारग्रहणाच्च चारुणकरणे। त्रितयमिदं व्याप्रियते शक्तिर्युत्पत्तिरभ्यासः।।5**

आचार्य आनन्दवर्धन प्रतिभा को ही काव्य का मुख्य हेतु मानते हैं-

सरस्वती स्वादु तदर्थवस्तु निःष्यन्दमाना महतां कवीनाम्। अलोकसामान्यमभिव्यनक्ति परिस्फुरन्तं प्रतिभाविशेषम्।।6

अभिनवगुप्त कहते हैं कि काव्यनिर्माण के लिए बुद्धिविशेष (प्रतिभा) अपेक्षित है- प्रतिभा अपूर्ववस्तुनिर्माणक्षमा प्रज्ञा, तस्या विशेषो रसावेशवैश सौन्दर्यकारणनिर्माणक्षमत्वम्।7

उन्होंने प्रतिभा को ही काव्य जननी कहा है-**शक्तिः प्रतिभानं वर्णनीयवस्तुविषयनूतनोन्नेखपालित्वम्।8**

राजशेखर शक्ति को काव्य हेतु स्वीकार करते हैं और शक्ति से ही प्रतिभा और व्युत्पत्ति उत्पन्न होती है। वे शक्ति के उत्पन्न होने में समाधि (मानसप्रयास) और अभ्यास (बाह्यप्रयास ) को कारण मानते हैं-

समाधिरान्तरः प्रयत्नो बाह्यस्त्वभ्यासःतावुभावपि शक्तिमुद्भासयतः। सा केवलं काव्ये हेतु इति यायावरीयः। शक्तिकर्तृके हि प्रतिभाव्युत्पत्तिकर्मणी। 9

आचार्य मम्मट ने अपने पूर्ववर्ती मतों में समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिभा और व्युत्पत्ति के स्थान पर शक्ति और निपुणता शब्दों का प्रयोग करते हुए शक्ति, निपुणता और अभ्यास में शक्ति को काव्य का साक्षात् कारण एवं निपुणता और अभ्यास को परम्परया कारण

मानने के स्थान पर तीनों की समष्टि को साक्षात् काव्य हेतु स्वीकार किया– **शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्। काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इतिं हेतुस्तदुद्भवे।।10**

आचार्य हेमचन्द्र प्रतिभा को ही मुख्य कारण मानते हैं और कहते हैं कि व्युत्पत्ति और अभ्यास से प्रतिभा का संस्कार होता है– **प्रतिभास्य हेतुः। प्रतिभा नवनोन्मेषशालिनी प्रज्ञा। व्युत्पत्त्यभ्यासौ तु प्रतिभाया एव संस्कारकारकाविति। 11**

आचार्य जयदेव कहते हैं कि श्रुत (व्युत्पत्ति) एवं अभ्यास से समन्वित (एकमात्र) प्रतिभा ही कविता के प्रति हेतु होती है, जैसे जल एवं मिट्टी से समन्वित बीजांकुर लता के प्रति–**प्रतिभैव श्रुताभ्याससहिता कवितां प्रति। हेतुर्मृदम्जुसम्बद्धबीजोत्पत्तिर्लतामिव।।12**

वाग्भट द्वितीय ने भी प्रतिभा को काव्य हेतु स्वीकारते हुए व्युत्पत्ति व अभ्यास को प्रतिभा के संस्कार के रूप में ग्रहण किया है– **व्युत्पत्त्यभ्याससंस्कृता प्रतिभास्य हेतुः। 13**

तत्परवर्ती आचार्य पण्डितराज जगन्नाथ केवल प्रतिभा को ही काव्य कारण मानते हैं और प्रतिभा का स्वरूप है–काव्यरचना के अनुकूल शब्दार्थ उभय की उपस्थिति (ज्ञान)–

काव्यस्य कारणं कविगता केवला प्रतिभा। सा च काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थितिः।14.

परन्तु अन्य परवर्ती आचार्य शब्दान्तर और प्रकारान्तर से शक्ति, निपुणता और अभ्यास को ही काव्य साधन स्वीकार करते हैं।

प्राचीन संस्कृत काव्यशास्त्रियों के काव्य हेतुओं का अनुसरण करते हुए भी आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्रियों ने भी नूतन दृष्टि से सर्वथा नवीन विचार व्यक्त किये हैं–

छज्जूराम शास्त्री काव्य के प्रति व्युत्पत्ति, शक्ति और अभ्यास की तुल्य कारणता स्वीकार करते हैं– **तस्य काव्यस्य निर्माण समुल्लासे प्रचारणे। व्युत्पत्तिः शक्तिरभ्यासः त्रयं हेतु र्न हेतवः।।15**

वे पण्डितराज सम्मत प्रतिभा मात्र की काव्यकारणता का भी 'साहित्यबिन्दु' में खण्डन करते हैं और शक्ति आदि तीनों की मिलकर काव्यकारणता मानते हैं।

डॉ. ब्रह्मानन्द शर्मा ने काव्य हेतु निर्धारण में मौलिकता प्रकट करते हुए शक्ति एवं श्रम को काव्य हेतु स्वीकार किया है। शक्ति व श्रम में शक्ति को प्रधान मानते हुए श्रम की उपयोगिता कम स्वीकार नहीं की है– **शक्तिः श्रमश्च काव्यस्य कारणमिति मे मतिः। शक्तिरत्र प्रधाना स्यात्, श्रमस्याप्युपयोगिता। 16**

वे कहते हैं कि कवि में स्थित यह शक्ति सामान्य नहीं अपितु यह विशिष्ट शक्ति है, जिससे कवि काव्य का निर्माण करता है। यह प्रतिभा का पर्याय है। सामान्य शक्ति की तो सर्वत्र स्थिति होती है परन्तु यह विशेष शक्ति है जो कवि में ही होती है। प्रत्येक व्यक्ति में इसकी स्थिति नहीं होती। शक्ति को उन्होंने श्रम की अपेक्षा प्रधान माना है।17 शक्ति श्रम की दिशा निर्धारिका है। साथ ही श्रम के परिणाम में भी इसका योग है। इतना होने पर भी शक्ति का श्रम के माध्यम से ही परिस्फ्फ़ुरण होता है अतः श्रम उपेक्षणीय नहीं है।18 निरन्तर श्रम से ही शक्ति की अंशतः प्राप्ति सम्भव है।

डॉ0 शर्मा ने प्रतिभा के स्थान पर शक्ति पद का और अभ्यास के स्थान पर श्रम पद का प्रयोग किया है जो अधिक व्यापक एवं सार्थक है। वस्तुतः शर्मा ने काव्यनिर्माण में व्युत्पत्ति का उल्लोख नहीं करते हुए शक्ति और श्रम इन दोनों को काव्य हेतु माना है। श्रम शब्द इनका नया है, जो अन्य आचार्यों ने कहीं नहीं दिया है। श्रम का तात्पर्य है– काव्य की रचना के लिए किया जाने वाला सर्वतोमुखी प्रयत्न। संभवतः वे श्रम में अभ्यास और निपुणता (व्युत्पत्ति) का अन्तर्भाव मानते हैं। इस प्रकार डॉ0 शर्मा ने प्राचीन परम्परा का निर्वाह करते हुए भी अपनी मौलिकता व्यक्त की है।

आचार्य रेवा प्रसाद द्विवेदी काव्य के प्रति प्रतिभा की कारणता ही स्वीकारते हैं। वे प्रतिभा की तुलना मेघस्थ विद्युत् से करते हुए कहते हैं कि जिस प्रकार मेघ के अन्दर विद्युत् चमकती है, उसी प्रकार बुद्धि के अन्दर कभी कभी अदृष्ट एवं अपूर्व कल्पित अर्थ का दर्शन

होता है। इसी अर्थप्रतिभासन को प्रतिभा कहते हैं– **कारणं प्रतिभा काव्ये, सा चार्थप्रतिभासनम्। प्रज्ञा कादम्बिनीगर्भे विद्युदुद्योतसुन्दरम्।।19**

यह प्रतिभा अर्थ का प्रतिभासन कराने वाला बुद्धिगत एक गुण विशेष है– **अर्थप्रतिभासयिता बुद्धिगतो गुणविशेषः प्रतिभा।20**

यह दो प्रकार की होती है–स्वयंभू एवं सहेतु। आदि कवि में स्वयम्भू प्रतिभा है और कालिदासादि अन्य कवियों में सहेतु। द्विवेदी जी सहेतु प्रतिभा के भी तीन कारण मानते हैं– अदृष्ट, व्युत्पत्ति और अभ्यास। आचार्य द्विवेदी इन तीनों को प्रतिभा के प्रति कारण स्वीकार करते हैं। प्रतिभा का हेतु तो वस्तुतः केवल सत्वगुण का उद्रेक ही है।

काव्यनिर्माण का अभ्यास भी ज्ञानरूप व्युत्पत्ति ही है अथवा काव्य रचना में पौनःपुण्येन प्रवृत्ति को अभ्यास कहते हैं। यह प्रवृत्ति व्युत्पत्ति के प्रति और व्युत्पत्ति प्रतिभा के प्रति कारण है।21

वस्तुतः आचार्य द्विवेदी शक्ति के दो भेद स्वीकार करते हैं–जन्मान्तरीय और महापुरुषादि के प्रसाद से उत्पन्न। इसी प्रकार व्युत्पत्ति भी दो प्रकार की होती है– विविध कोष, कला आदि के ज्ञान से उत्पन्न और काव्यनिर्माण के अभ्यास से उत्पन्न कुशलता स्वरूप। द्विवेदी के अनुसार प्रतिभा ही काव्य का उपादान और निमित्त दोनों कारण है क्योंकि प्रतिभा के गर्भ में ही काव्य की सत्ता रहती है– **उपादानं निमित्तं च काव्याय प्रतिभैव सा। द्वितयं गर्भपात्रे यत् तस्यास्तिष्ठति तत् सदा।।22**

आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी जागरिता प्रतिभा को काव्यकारण मानते हुए कहते हैं– **जागरिता प्रतिभा एवं तस्य कारणम्।23**

जागरिता प्रतिभा का विश्लेषण करते हुए वे कहते हैं कि– काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थितिर्जागरणम्। जागरणे च हेतवो भवन्ति– गुरूपदेशः लोकशास्त्राद्यवेक्षणम्, काव्याभ्यासः, काव्यगोष्ठ्यः, सहृदयानां संगतिः, प्रसंगविशेषो घटनाविशेषो वा।24

वे यह भी कहते हैं कि 'कविस्वभाव एव तत्प्रतिभा'।25

डॉ0 रहसविहारी द्विवेदी प्रतिभा और निपुणता को काव्य का हेतु मानते हैं– **काव्योपयोगिशब्दार्थोपस्थितिः प्रतिभामयी। नैपुण्यं लोकशास्त्राणां विधाज्ञानं च कारणम्।।26**

डॉ0 शंकरदेव अवतरे अपने 'अभिनवकाव्यशास्त्रम्' में कवि की त्रित्वान्वयी प्रतिभा को काव्य का हेतु मानते हैं। वे कहते हैं कि शक्ति, निपुणता और अभ्यास–इन तीनों के अविभाज्य योग अर्थात् त्रित्वान्वय से उदित होने वाली प्रतिभा ही काव्यनिर्माण में एक मात्र कारण है, जैसे विधि या ब्रह्मा अनासक्त होकर भी जड़ चेतन प्रकृति में अन्तःप्रविष्ट होता है। उसी प्रकार कवि का प्रतिभारूपी हेतु भी प्रकृति के गर्भ में प्रविष्ट होने में समर्थ होता है अर्थात् जड़चेतन प्रकृति की अन्तर्यात्रा करने वाला होता है– **काव्ये त्रित्वान्वयीहेतुः प्रतिभानामकः कवेः। प्रकृत्यन्तः प्रवेशार्होऽप्यसक्तस्येव वेधसः।।27**

डॉ. रमाशंकर तिवारी प्रतिभा को काव्योत्पत्ति का हेतु मानते हैं। उनके अनुसार प्रतिभा ही कविकर्म काव्य की जननी है तथा काव्यसुविज्ञों के द्वारा इसको ही शक्ति कहा गया है। प्रतिभा सौभाग्यशालियों की विशिष्ट मानसिक दशा में अनपेक्षित अथवा अकस्मात् ही काकतालीयन्याय से उद्बुद्ध होती है। यह वैसे ही होता है, जिस प्रकार क्रौंच वध को देखकर वाल्मीकि के मुख से अकस्मात् ही 'मा निषाद...' यह श्लोक निकल पड़ा था, जबकि वस्तुतः इसके विषय में उनकी कोई अपेक्षा नहीं थी। यह प्रतिभा यद्यपि लोक में भिन्न–भिन्न स्वरूपों के द्वारा प्रतिभासित होती है तथा प्रमाता के मानस में नाना प्रकार के अवबोधों को प्रकाशित करती है किन्तु पारमार्थिक दृष्टि से वह एक ही है–

**प्रतिभा जननी कविकर्म्मणश्च कथ्यते सैव शक्तिः काव्यसुविज्ञैः। उद्बुध्यते सा ह्यनपेक्षितलक्षणेषु विशिष्टायां वा मनसो दशायाम्।। सा एकैव पारमार्थिकी स्यात्, खलु प्रकाशते लोके भिन्नशस्तु।28**

प्रो0 अभिराज राजेन्द्र मिश्र काव्यनिर्माण के लिए द्विविध हेतु स्वीकार करते हैं–

ं काव्यप्रणयनहेतुर्द्विविधोऽङ्गीकरणीयः–अलौकिको लौकिकश्च। तत्रालौकिको हेतुः दैवायत्तः। स हेतुरेव प्रज्ञाप्रतिभाशक्तिप्रभृतिपदवाच्यः।29

अलौकिक (दिव्य) काव्य हेतु है–प्रतिभा और लौकिक (मर्त्य)–व्युत्पत्ति और अभ्यास।

उन्होंने नवनवोन्मेषवती प्रतिभा को ही काव्य का बीजभूत कारण माना है। उनके अनुसार शक्तिरूपा चिरन्तनी प्रज्ञा ही कवित्व का बीज है। यह प्रज्ञा अमला एवं जन्मजन्मान्तरोपात्तसस्कारों का प्रसवभूत होती है–

**प्रज्ञाबीजं कवित्वस्य शक्तिरूपा–चिरन्तनी। जन्मजन्मान्तरोपात्तसंस्कारप्रसवाऽमला।।30**

वे कहते हैं कि जिस प्रकार मिट्टी, जल तथा वायु का सद्भाव रहने पर भी पृथ्वी के गर्भ में बिना बीज निक्षिप्त किए अंकुर कभी उग नहीं पाता है, उसी प्रकार अनारत रहकर बार–बार अभ्यास करते रहने पर भी तथा सैंकड़ों शाखाओं वाले अतिविस्तृतशास्त्रों का पाण्डित्य प्राप्त कर लेने पर भी, एक प्रज्ञा के बिना कवित्व का बीज अंकुरित नहीं हो पाता–मनीषियों के द्वारा यह सत्य पत्थर पर लिखी हुई रेखा के समान मान लिया जाना चाहिए–

**मृत्तिकाजलवायूनां सद्भावोऽपि यथांकुरः। सत्यमेतदृषद्रेखाकल्पमूह्यतां मनीषिभिः।।31**

इससे स्पष्ट है कि प्रो0 मिश्र प्रतिभा को ही काव्य का बीजभूत कारण मानते हैं तथा व्युत्पत्ति और अभ्यास को उस प्रतिभा के उपकारक संस्कारक के रूप में स्वीकार करते हैं। प्रतिभा की उपलब्धि के विषय में वे कहते हैं कि वह देवृकपा से प्राप्त होती है– **प्रतिभाया देवकृपोपनत्वं सिद्धमेव।32**

**समीक्षा–**

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि 19 वीं शताब्दी से परवर्ती काल के काव्यहेतु विचार पर परम्परागत संस्कृत काव्यशास्त्र का बहुत गहरा या अमिट प्रभाव है। इस युग का काव्यहेतु सम्बन्धी विमर्श भी मुख्य रूप से पूर्व परम्परा कथित प्रतिभा, शक्ति, व्युत्पत्ति, अभ्यास आदि पर ही केन्द्रित है। अधिकांश आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र के आचार्य पूर्व परम्परा से चली आ रही दो सरणियों में विभाजित है। प्रथम सरणि है–शक्ति, व्युत्पत्ति और अभ्यास को समुदित रूप से काव्य हेतु मानने वाले मम्मट आदि आचार्यों की, तथा दूसरी सरणि है–केवल प्रतिभा को काव्य हेतु मानने वाले वाग्भट, पण्डितराज जगन्नाथ आदि आचार्यों की। छज्जूराम शास्त्री तथा ब्रह्मानन्द शर्मा पहली सरणि के अनुगामी हैं। रेवाप्रसाद द्विवेदी, रमाशंकर तिवारी, राधावल्लभ त्रिपाठी व राजेन्द्र मिश्र दूसरी सरणि के अनुगामी हैं। शंकरदेव अवतरे ने दोनों सरणियों को समन्वित कर दिया है। उन्होंने शक्ति, व्युत्पत्ति और अभ्यास को सम्मिलित रूप से काव्य के प्रति कारण मानते हुए इस त्रित्वान्वय को 'प्रतिभा' नाम दिया है।

काव्य हेतु पर विचार करते समय प्रसंगतः उपस्थित होने वाली काव्यनिर्माण प्रक्रिया की कार्य–कारण श्रृङ्खला के ढाँचे में, पूर्वपरम्परा में कथित अथवा स्वकल्पित तत्वों को नए ढंग से विन्यस्त करने का कार्य भी इस युग के कुछ आचार्यों के द्वारा किया गया है। डॉ. रमाशंकर तिवारी ने वामन के 'अवधान' अथवा राजशेखर की 'समाधि' को लेकर वाग्मट के 'काव्यकारणविचार' से मिला दिया है और इस प्रकार प्रतिभा को काव्य का कारण मानकर 'समाधि' को व्युत्पत्ति और अभ्यास के साथ प्रतिभा को संस्कारों में स्थान दे दिया है।

रेवा प्रसाद द्विवेदी ने अभ्यास और व्युत्पत्ति की संकरसंसृष्टि को प्रतिभा का कारण मानने के स्थान पर 'अभ्यास' को व्युत्पत्ति का कारण माना है। इसके अतिरिक्त 'सत्त्वोद्रेक' को प्रतिभा के निमित्त के रूप में उपस्थापित करके, आचार्य द्विवेदी ने एक नये तत्व को काव्यनिर्माण प्रक्रिया के एक नूतन मानचित्र के साथ प्रस्तुत किया है।

आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र में विशिष्ट आशय के साथ प्रयुक्त कुछ नये पारिभाषिक शब्द भी सामने आये हैं जो उल्लेखनीय हैं, जिनमें डॉ. ब्रह्मानन्द शर्मा ने 'श्रम' को प्रतिभा के साथ काव्यकारण के रूप में उल्लिखित किया है। इसी प्रकार राधावल्लभ त्रिपाठी का काव्य हेतु 'जागरिता प्रतिभा'।

काव्यहेतु विमर्श के सम्बन्ध में 'पाश्चात्य काव्यशास्त्र के विचारों का प्रभाव और अंगीकरण और उनकी भारतीय काव्यशास्त्रीय

विचारों से तुलना की प्रवृत्ति भी हमें इस युग के संस्कृत काव्यशास्त्रीय आचार्यों में दिखाई देती है, जिनमें डॉ. शंकरदेव अवतरे और डॉ0 रमाशंकर तिवारी आदि आचार्य प्रमुखतः उल्लेखनीय हैं।

अन्त में हमें उपर्युक्त काव्यहेतु परम्परा पर दृष्टिपात करने से यह ज्ञात होता है कि आचार्य मम्मट ने एक ही कारिका में काव्यहेतु

को सरल शब्दावली में निबद्ध कर परवर्ती काव्यशास्त्रीय आचार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त कर दिया। वस्तुतः मम्मट ही वह प्राचीनतम आचार्य है, तत्परवर्ती समस्त काव्यशास्त्रीय परम्परा तदुक्त काव्यहेतुओं के चारों ओर घूमती रहती है। आचार्य मम्मट का तत्परवर्ती आचार्यों पर पूर्ण प्रभाव भी परिलक्षित होता है। आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने परम्परा का अनुसरण भी किया है परन्तु अपनी मौलिक दृष्टि अवरुद्ध या बन्द भी नहीं होने दी है। प्राचीन काव्यशास्त्रीय परम्परा के सिद्धान्तों का नवीन रूप में व्याख्यान भी किया है। इस प्रकार पूर्ववर्ती मम्मट आदि आचार्यों के काव्यहेतुओं से बिना पूर्वाग्रह के असहमति व्यक्त करते हुए इन आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने इस संबंध में विस्तारपूर्वक, मौलिक और नवीन विचार प्रस्तुत किये हैं जो सर्वथा स्तुत्य एवं ग्राह्य हैं।

**सन्दर्भ–**


1. काव्यालंकार, 1/5
2. काव्यादर्श, 1/103
3. अग्निपुराण, 337/3–4
4. काव्यालंकारसूत्रवृत्ति, सूत्र, 1/2/12
5. काव्यालंकार, 1/14
6. ध्वन्यालोक, 1/6
7. ध्वन्यालोकलोचनटीका, प्रथम उद्योत
8. वहीं
9. काव्यमीमांसा, नवम अध्याय, पृ0 27
10. काव्यप्रकाश, 1/3
11. काव्यानुशासनम्, पृ0 4
12. चन्द्रालोक, 1/16
13. वाग्भटानुशासनम्, पृ0 2
14. रसगंगाधर, पृ0 46–48
15. साहित्यबिन्दु, पृ0 12
16. काव्यसत्यालोक, 5/68
17. वहीं, पृ0 75
18. वहीं, पृ0 75
19. काव्यालंकारकारिका, पृ0 1
20. वहीं, पृ0 15
21. वही, पृ0 20
22. वही, पृ0 22
23. अभिनवकाव्यालंकारसूत्रम्, 1/3/1
24. वहीं, वृत्ति भाग
25. वहीं, वृत्ति भाग
26. नव्यकाव्यतत्त्वमीमांसा, 38/1, पृ0 49
27. अभिनवकाव्यशास्त्रम्, कारिका–63, पृ0 48
28. काव्यतत्त्वविवेकः, कारिका 3,4,5, पृ0 118–19 वृत्ति भाग
29. अभिराजयशोभूषणम्, प्रथम उन्मेष, वृत्तिभाग, पृ0 35
30. वहीं, प्रथमोन्मेष, का0 28
31. वहीं, प्रथमोन्मेष, का0 31
32. वहीं, प्रथम उन्मेष, वृत्ति भाग का अन्तिम अंश


.............इति शम्।

**प्रोफेसर–संस्कृत विभाग**
**महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**भरतपुर (राजस्थान)**

# षोडश संस्कारों में स्वर विज्ञान का महत्व

**गोकुल चन्द सैनी**


## 1. सारांश

मानव जीवन में समय की शुभाशुभता का ज्ञान करने के लिए, ज्योतिष शास्त्र में जन्म समय की जानकारी और गणित गणना अपेक्षित होती है, लेकिन स्वर शास्त्र में उनकी आवश्यकता नहीं होती है। स्वर-विज्ञान भारत की अति प्राचीन और शिरोमणि विद्या है। शरीर की जब जैसी स्थिति हो तृ, चलित स्वर के आधार पर उससे वैसा ही काम लेना चाहिए, यही स्वर विज्ञान का गूढ़ रहस्य है। स्वरविज्ञान, मनोविज्ञान, भौतिक विज्ञान, खगोल विद्या और शरीर शास्त्र का सुंदर समन्वय है। षोडश संस्कारों सहित विभिन्न शुभ कार्यों के सम्पादन के समय, विभिन्न स्वरों (इड़ा, पिङ्गला, सुषुम्ना) का उपयोग होता है।



## 2. कूट शब्द

स्वर विज्ञान, स्वरोदय, इड़ा, पिङ्गला, सुषुम्ना नाड़ीय चन्द्र व सूर्य स्वर, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तत्व, दीर्घायु, गर्भाधान, शुभाशुभ कार्य, प्रश्न फल, संस्कार।


## 3. प्रस्तावना

स्वर विज्ञान के आधार पर मनुष्य जीवन के समस्त कार्यकलापों का विश्लेषण किया जा सकता है। कुछ विद्वानों ने स्वरोदय शास्त्र को प्रश्नशास्त्र की दृष्टि से होराशास्त्र के अंतर्गत माना है। ''भारतीय ज्योतिष'' में श्री शंकर बालकृष्ण दीक्षित ने स्वरशास्त्र को शकुन के रूप में स्वीकार किया। स्वर विज्ञान की सरलता और महत्ता को देते हुए ही भगवान् शंकर ने इसे सर्वोच्च स्थान दिया है। वे कहते हैं-

**सर्वशास्त्र पुराणादि स्मृति वेदांगपूर्वकम्। स्वर ज्ञानात्परं तत्त्वं नास्ति किंचिद्वरानने।।**

अर्थात् संपूर्ण शास्त्र, पुराणादि, स्मृति और वेदांग आदि ये सब स्वर ज्ञान से श्रेष्ठ नहीं हैं। अर्थात् इनका ज्ञान भी स्वर के ही बल से होता है।

स्वरोदय विज्ञान एक ऐसा विज्ञान है जो हमारी प्रत्येक क्रिया, सुख-दुख, व्याधि, शोक, रोग, मृत्यु आदि की पूर्व सूचना देने में समर्थ है। इस विज्ञान की सहायता से समस्त प्रकार के रोग, दु:ख एवं विपत्तियां दूर करके मनचाहे सुख व फल प्राप्त किये जा सकते हैं।

## 4. स्वर विज्ञान का परिचय

स्वरशास्त्र के अनुसार श्वास-प्रश्वास के मार्गों को नाड़ी कहते हैं। शरीर में ऐसी नाड़ियों की संख्या 72,000 है। ये प्राणवायु के आवागमन के मार्ग हैं। ''शिव स्वरोदय'' ग्रन्थ के अनुसार इन नाड़ियों में से 10 प्रधान नाड़ियां हैं और इन 10 नाड़ियों में भी तीन उत्तम हैं। इनका नाम (1) इड़ा, (2) पिंगला और (3) सुषुम्ना है। इड़ा को ''चंद्र'' कहते हैं, जो बाएँ नथुने में है। पिंगला को ''सूर्य'' कहते हैं, यह दाहिने नथुने में हैं। सुषुम्ना को ''शिव स्वरूप'' कहते हैं, जो दोनों नथुनों के मध्य में है। स्वर बदलते समय कुछ क्षण के लिए दोनों स्वर एक साथ चलने लगते हैं, उसे सुषुम्ना का प्रवाह कहते हैं। चलित स्वर की पहचान करने के लिए, अपने हाथ का पृष्ठ भाग नाक के नीचे करके श्वास को जोर देकर छोड़ना चाहिए। जिस नथुने से श्वास अधिक निकलती हो, उस समय वही चलित स्वर मानना चाहिए। यदि दोनों नथुनों से बराबर श्वास निकल रही हो तो सुषुम्ना स्वर जानना चाहिए। जिस प्रकार संसार में सूर्य और चन्द्र नियमित रूप से अपना-अपना कार्य करते हैं, उसी प्रकार इडा और पिंगला भी इस शरीर में अपना-अपना कार्य नियमित रूप से करती हैं। चंद्रमा का गुण शीतल और सूर्य का उष्ण है।

## 5. कृष्ण और शुक्ल पक्ष में स्वर संचालन

शुक्ल पक्ष की प्रथम तीन तिथियों (1,2,3) को सूर्योदय के समय चंद्र स्वर चलना चाहिए। अगली तीन तिथियों (4,5,6) को सूर्य स्वर, अगली तीन तिथियों (7,8,9) को चंद्र स्वर, अगली तीन तिथियों (10,11,12) को सूर्य स्वर और अंतिम तीन तिथियां (13,14,15) को चंद्र स्वर चलना चाहिए। इसके विपरीत, कृष्ण पक्ष की प्रथम तीन तिथियों (1,2,3) को सूर्योदय के समय सूर्य स्वर

चलना चाहिए। अगली तीन तिथियों (4,5,6) को चंद्र स्वर, अगली तीन तिथियों (7,8,9) को सूर्य स्वर, अगली तीन तिथियों (10,11,12) को चंद्र स्वर और अंतिम तीन तिथियां (13,14,30) को सूर्य स्वर चलना चाहिए।

सोमवार, बुधवार, गुरुवार, और शुक्रवार को वाम स्वर चल रहा हो तथा मंगलवार, रविवार और शनिवार को दक्षिण स्वर चल रहा हो, तो मनुष्यों को शुभप्रद्र होता है। शुभ ग्रहों के वार में दक्षिण स्वर और पाप ग्रहों के वार में वाम स्वर अशुभ फलदायक होता है। प्रत्येक स्वर को सामान्यतः एक घंटा चलकर बदल जाना चाहिए। यदि स्वर निश्चित तिथि और समय के अनुसार न चलें तो शरीर में रोग उत्पन्न होते हैं। जब स्वर में विकार हो तो स्वर को ठीक गति पर लाने का अभ्यास करना चाहिए। इस स्थिति में आहार–विहार की विशेष सावधानी रखते हुए ईश्वर का स्मरण, चिंतन व योगाभ्यास करना चाहिए और शुभ काम व यात्रा नहीं करना चाहिए।

### 6. स्वर बदलना

कई बार ऐसे अवसर आते हैं, जब कोई कार्य अत्यंत ही आवश्यक होता है, किंतु उस समय स्वर विपरीत चलता है। ऐसे समय में स्वर को बदलकर कार्य में सफलता प्राप्त की जा सकती है। जिस नथुने से श्वास चल रहा हो, उसी करवट लेट जाएँ तो स्वर बदल जाएगा। जैसे दाहिनी करवट सोने पर बायां स्वर चल जाता है। जिस तरफ का स्वर चल रहा हो, उस ओर काँख (बगल) में कोई सख्त चीज (जैसे योगदण्ड) कुछ देर दबाकर रखें तो स्वर बदल जाता है। जिस तरफ का स्वर चल रहा हो, उस तरफ के छिद्र को अंगुली से बंद करके, बंद नासिक छिद्र से श्वास–प्रश्वास करने पर स्वर बदल जाता है।

### 7. स्वर और दीर्घ जीवन

प्रत्येक प्राणी का पूर्ण आयु प्राप्त करना उसकी श्वास–क्रिया पर अवलंबित है। सामान्यतः हर मनुष्य 1 मिनट में औसत 15 श्वास लेता है। इस प्रकार 24 घंटे में 21,600 (156024) श्वास लेता है। इससे कम श्वास लेने वाला दीर्घजीवी होता है। जो जीव प्रति मिनट जितनी कम श्वांस लेता है, वह उतने ही अधिक काल तक जीवित रहता है। जैसे– खरगोश 1 मिनट में 38 बार श्वांस लेता है, उसकी पूर्ण उम्र 8 वर्ष होती है। कछुआ प्रति मिनट 5 बार श्वांस लेता है, उसकी पूर्ण आयु 2000 वर्ष होती है।

इसी प्रकार मनुष्य की साधारण काम–काज करते समय 12 बार, दौड़–धूप करते समय 18 बार और मैथुन करते समय 36 बार प्रति मिनट के हिसाब से श्वास चलती है, इसलिए विषयी और लम्पट मनुष्य की आयु घट जाती है और प्राणायाम करने वाले योगाभ्यासी दीर्घकाल तक जीवित रहते हैं। फिर भी शारीरिक अंगों को स्वस्थ रखने के लिए परिश्रम करना आवश्यक है, किंतु शक्ति से बाहर परिश्रम भी नहीं करना चाहिए।

### 8. मनचाही सन्तान

साधारणतः स्त्री के रजस्वला होने के चौथी रात्रि से लेकर सोलहवीं रात्रि तक गर्भाधान के लिए उत्तम समझी जाती हैं। इसमें उत्तरोत्तर रात्रियां (4, 5, 6, 7 रात्रियां शुभ नहीं) अधिक ठीक होती हैं। प्रथम तीन रातें, अष्टमी, एकादशी, त्रयोदशी, अमावस्या और पूर्णिमा तिथियां वर्जित हैं। शास्त्रकारों के मत के अनुसार, सम रात्रियों में पुत्र संतान और विषम रात्रियों में कन्या संतान की संभावना ज्यादा होती है। जब पुरुष का दाहिना स्वर और स्त्री का बायाँ स्वर चल रहा हो, उस समय गर्भाधान करने से पुत्र उत्पन्न होता है और जब स्त्री का दाहिना तथा पुरुष का बायाँ स्वर चल रहा हो, उस समय गर्भाधान करने से कन्या का जन्म होता है। इसलिए पुत्र की इच्छा करने वाले पुरुष को बाएँ करवट और कन्या की इच्छा करने वाले पुरुष को दाहिने करवट लेटने के उपरांत समागम करना चाहिए, जिससे इच्छित स्वर चलने लगें।

यदि पुरुष सूर्य–स्वर में स्त्री–संग करे और स्खलित होते ही सुषुम्ना स्वर बहने लगे तो उस समय के गर्भाधान से अंगहीन, कुरूप, नपुंसक पुत्र होता है अथवा गर्भ गिर जाता है। यदि संयोग के आरंभ में पुरुष का सूर्य–स्वर और जल तत्त्व हो तथा स्त्री का चंद्र–स्वर तथा पृथ्वीतत्त्व हो एवं समागम के समय स्वर बदले नहीं तो बाँझ के भी पुत्र होता है। यदि भोग काल में पुरुष का सूर्य–स्वर चले और स्खलित होते ही चंद्र–स्वर हो जाये, इस क्रम से स्त्री गर्भ धारण नहीं करेगी। अगर करेगी तो पुत्री होगी, पुत्र नहीं होगा। गर्भाधान के समय स्वरों के पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश तत्वों का भी महत्व होता है। पृथ्वी तत्व में गर्भाधान होने पर दीर्घायु व सर्वसुख संपन्न संतान, जल

तत्व में बलवान संतान, अग्नि तत्व में गर्भपात या अल्पायु संतान, वायु तत्व में दुबली–पतली संतान और आकाश तत्व में गर्भपात होता है।

## 9. विभिन्न स्वरों में किए जाने वाले कार्य

शिव स्वरोदय, नरपतिजयचर्या स्वरोदय, प्रश्न मार्ग और समरसार ग्रन्थों में सूर्य व चन्द्र नाड़ियों के संचार के समय किए जाने वाले और नहीं किए जाने वाले कार्यों का विस्तार से वर्णन मिलता है।

### चंद्र स्वर

सभी शुभ कार्य, विवेकपूर्ण, स्थायी, अधिक गंभीर और बुद्धिपूर्वक कार्य चन्द्र स्वर में किए जाने चाहिए। जैसे– विवाह, दान, मंदिर, कुआँ, तालाब बनाना, नवीन वस्त्र धारण करना, घर बनाना, आभूषण बनवाना, शांति–पुष्टि के कार्य, औषधि देना, रसायन बनाना, तरल पदार्थ पीना, मैत्री, व्यापार, बीज बोना, दूर की यात्रा, विद्यारंभ, धर्म, यज्ञ, दीक्षा, मंत्र, विद्याभ्यास, योग क्रिया आदि सब कार्य। चंद्र स्वर में पृथ्वी व जल तत्व उदित होने पर शुभ कार्यों में सिद्ध होती है। यदि अग्नि, वायु और आकाश तत्व उदित हों तो कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए।

### सूर्य स्वर

उत्तेजक, आवेश, जोश एवं मेहनत के साथ करने वाले कार्यों के लिए सूर्य–स्वर उत्तम कहा गया है। जैसे– क्रूरकर्म, स्त्रीभोग, भ्रष्टकार्य, युद्ध करना, विष खिलाना, शिकार खेलना, मद्य पीना, हत्या करना, काठ, पत्थर, पृथ्वी, रत्न आदि को तोड़ना, तंत्र–विद्या, जुआ, चोरी, व्यायाम, नदी पार करना, लेख लिखना, स्नान करना, भोजन करना आदि। इनका फल भी उग्रता और उष्णता को प्रदर्शित करता है।

### सुषुम्ना स्वर–

परमात्मा का ध्यान, योग साधना, पूजा–पाठ जैसे मोक्ष कार्यों के लिए सुषुम्ना स्वर शुभ है। यह सभी सांसारिक कार्यों (सौम्य एवं क्रूर दोनों) का नाश करता है। अतः इस स्वर में कोई लौकिक कार्य नहीं करना चाहिए।

## 10. स्वर और तत्त्व ज्ञान

तीनों ही नाड़ियों में क्रमशः पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पांचों तत्व उदित होते हैं। प्रत्येक 1 घंटे में ये सभी तत्व बदलते रहते हैं और उन सबके भिन्न–भिन्न लक्षण होते हैं। यथा–

**मध्ये पृथ्वी अधश्चाप ऊर्ध्दे वहति चानलः। तिर्यग्वायुप्रवाहश्चनभो वहति संक्रमे।।**

अर्थात् बायें या दाहिने नाक के छिद्र से यदि ठीक मध्यभाग से वायु निकल रही हो तो उस समय पृथ्वी तत्त्व का उदय समझना चाहिये। नाक के छिद्र से ओष्ठ को स्पर्श करती हुई जब वायु चले तो जलतत्त्व का उदय, यदि नाक के ऊपर के भाग को स्पर्श करतो हुई वायु चले तो अग्नितत्त्व को समझना चाहिये। बायें या दायें दोनों स्वरों को चलते हुए यदि तिर्यग् वायु चले तो वायुतत्त्व और दोनों स्वरों में से एक चलता हो तथा कुछ क्षण के बाद दूसरा भी चलने लगे तो आकाश तत्त्व का उदय समझना चाहिये।

## 11. स्वरशास्त्र के कुछ प्रयोग

मनोविज्ञानशास्त्र के अनुसार मनुष्य को दृढ़–विश्वासी और कर्तव्यनिष्ठ बनने का उपाय स्वरशास्त्र है। अमुक स्वर में अमुक

प्रकार के कार्य सिद्ध होते हैं। यह विश्वास कर लेने के उपरांत जब मनुष्य उसी स्वर में काम करता है तो उसकी निष्ठा बहुत बढ़ जाती है और निष्ठा के अनुसार परिणाम भी मिलता है। जिस ओर का स्वर चल रहा हो उस ओर का पैर आगे रखकर की हुई यात्रा सिद्धि दायक होती है। अतः चंद्र स्वर के समय बायां पैर और सूर्य स्वर के समय दाहिना पैर आगे रखकर घर से बाहर निकलना चाहिए। सभी सौम्य और स्थिर कार्यों के लिए चंद्र स्वर श्रेष्ठ होता है। सभी चर और क्रूर कार्यों के लिए सूर्य स्वर श्रेष्ठ होता है। दूसरे को कुछ देने में या उससे ग्रहण करने में, जिस अंग की नाड़ी चलती हो उसी हाथ से कार्य करे तो सर्वथा सुख मिलता है। चंद्र स्वर शरीर को ठण्डक पहुंचता

है। इस स्वर में तरल पदार्थ पीने चाहिए और ज्यादा मेहनत का काम नहीं करना चाहिए। सूर्य स्वर शरीर में ऊष्मा उत्पन्न करता है। इस स्वर में भोजन, स्नान और ज्यादा मेहनत वाले काम करने चाहिए। सूर्य-स्वर में भोजन करना उत्तम है। भोजन के उपरात बाएं करवट से लेटने से दक्षिण स्वर पाचन शक्ति के लिए सहयोगी होता है।

## 12. प्राण योग का अभ्यास

प्राण योग के अभ्यास के लिए प्राणायाम का अभ्यास जरूरी है। श्वास-प्रश्वास क्रिया के साधना-विज्ञान में 64 प्रकार के प्राणायामों का वर्णन है। प्राणायाम की क्रिया में किए जाने वाला संकल्प ही प्राणायाम का प्राण है। उच्चस्तरीय प्राणायामों में ''सोऽहम् साधना'' को सर्वोपरि माना गया हैं। क्योंकि उसके साथ जो संकल्प जुड़ा हुआ है, वह चेतना को उच्चतम स्तर तक उछाल देने में, जीव और ब्रह्म का समन्वय करा देने में विशेष रूप से समर्थ है। इसे ''हंसयोग'' कहा गया है, हंसयोग का माहात्म्य, प्रयोग और परिणाम विस्तारपूर्वक साधना शास्त्र में लिखा है।

**हकारोनिर्गमेप्रोक्तः सकारेणप्रवेशनम्। हकारः शिवरूपेण सकारः शक्तिरुच्यते।।**

अर्थात् श्वांस के निकलने में हकार और प्रविष्ट में सकार होता है। हकार शिवरूप और सकार शक्ति रूप कहलाता है। जीवात्मा सहज स्वभाव से सोऽहम् का जप श्वास-प्रश्वास क्रिया के साथ-साथ अनायास ही करता रहता है।

## 13. स्वरोदय विज्ञान और षोडश संस्कार

संस्कार शब्द का अर्थ है परिशोधन अथवा शुद्धीकरण। जीवात्मा जब एक शरीर को त्यागकर दूसरे शरीर में जन्म लेती है तो उसके पूर्वजन्म के प्रभाव उसके साथ जाते हैं। इन प्रभावों का वाहक सूक्ष्मशरीर होता है, जो जीवात्मा के साथ एक स्थूलशरीर से दूसरे स्थूलशरीर में जाता है। संस्कारों का उद्देश्य है कि पूर्वजन्म के बुरे प्रभावों का धीरे-धीरे अंत हो जाए और अच्छे प्रभावों की उन्नति हो। ज्योतिष शास्त्र में विभिन्न धार्मिक कार्यों और संस्कारों के सम्पादन के लिए मुहूर्त निश्चित किये जाते हैं। उचित मुहूर्त में कार्य प्रारम्भ करते समय, कोई अशुभ शकुन हो जावे तो मुहूर्त समय को कुछ मिनटों के लिए टाल दिया जाता है। षोडश संस्कारों के समय, स्वर विज्ञान का उपयोग भी शकुन के रुप में किया जा सकता है।

**षोडश संस्कारों में स्वर विज्ञान का उपयोग –**

**1. गर्भाधान संस्कार–** 16 संस्कारों में सर्वप्रथम गर्भाधान संस्कार होता है। गर्भाधान के लिए स्त्री और पुरूष के लिए उपयुक्त स्वरों का विवरण इस लेख में पहले किया जा चुका है। पुत्र प्राप्ति के लिए, सम रात्रियों में समागम के समय, पुरुष का सूर्य स्वर और स्त्री का चंद्र स्वर चलना चाहिए।

**2. पुंसवन संस्कार –** गर्भाधान के तीसरे मास में जब गर्भस्थ शिशु में अंग बनने लगते हैं तू उसके गर्भगत दोषों का निवारण करने की कामना से पुंसवन संस्कार किया जाता है। सामान्य पूजन कर्म गर्भवती के चंद्र स्वर में किया जाना चाहिए। विशेष औषधि तैयार करते समय औषधि निर्माणकर्ता का चंद्र स्वर और औषधि देते समय गर्भवती का चंद्र स्वर चलना चाहिए।

**3. सीमन्तोन्नयन संस्कार –** यह संस्कार गर्भरक्षा व स्त्री के सौभाग्यवृद्धि के लिए किया जाता है। देव पूजन व केश संस्कार के बाद सिंदूर लगाने का कार्य गर्भवती के चन्द्र स्वर में करना चाहिए।

**4. जातकर्म संस्कार –** यह संस्कार प्रसूता व शिशु की मंगल कामना हेतु, प्रसव के बाद और नाल छेदन से पहले किया जाता

है। नवजात शिशु को सोने की चम्मच या अनामिका अंगुली से शहद और घी चटाया जाता है। इस समय शहद (तरल पदार्थ) चटाने वाले स्वजन का चन्द्र स्वर चलना चाहिए।

**5. नामकरण संस्कार –** सूतक समाप्ति के पश्चात् 10 वें या 11 वें दिन विशेष पूजन और यज्ञादि के साथ शिशु का नामकरण संस्कार किया जाता है व बच्चे को शहद चटाया जाता है। इस समय शिशु की माता और शिशु का चंद्र स्वर (बायां स्वर) चलना उपयुक्त है।

**6. निष्क्रमण संस्कार –** निष्क्रमण संस्कार में शिशु को पहली बार प्रसुति गृह से बाहर निकाल कर सूर्य, चन्द्रमा तारे, देवता

आदि का दर्शन कराया जाता है। इस समय माता और शिशु का बायां स्वर अधिक उपयुक्त है। फिर भी, माता का जो स्वर चल रहा है, वही पैर आगे करके बाहर निकलना चाहिए।

**7. अन्नप्राशन संस्कार –** इस संस्कार के समय शिशु को पहली बार अन्न की बनी चीज (खीर, शहद, घी आदि) खिलायी जाती है। इस समय पाचन तंत्र को सक्रिय बनाने के लिए, शिशु का सूर्य स्वर चलना चाहिए।

**8. चूडाकर्म (मुण्डन) संस्कार –** बालक की आयु व बुद्धि वृद्धि के लिए, प्रथम बार बाल कटवाने का नाम चूड़ाकर्म या मुण्डन कहलाता है। इस संस्कार के दौरान सिर के बाल उतारना शुरू करते समय बालक का सूर्य स्वर और मुण्डित सिर पर चन्दन से शुभचिन्ह ''स्वास्तिक'' बनाते और मंत्रोचार के समय चंद्र स्वर चलना चाहिए।

**9. कर्णवेध संस्कार –** स्वास्थ्य रक्षा एवं हर्निया की संभावना से बचने के लिए, बालक के दोनों कानों में और बालिका के नाक में भी छेद करवाया जाता है। इस संस्कार के समय सूर्य की किरणें कानों के छेदों से होकर बालक-बालिका को पवित्र करती हैं और तेज संपन्न बनाती हैं। इस संस्कार के समय सूर्य स्वर शुभ होता है।

**10. विद्यारम्भ संस्कार –** यह संस्कार अक्षरारम्भ या स्कूली शिक्षा के समय किया जाता है। यह शुभ कार्य बालक के चंद्र स्वर में करवाना चाहिए। यद्यपि पहली बार अक्षर लिखते समय शिशु का सूर्य स्वर चलना चाहिए।

**11. उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार –** व्रत, पूजा, अनुष्ठानादि करने का अधिकार प्राप्त करने हेतु यज्ञोपवीत संस्कार किया जाता है। यह शुभ कार्य बालक के चंद्र स्वर में करवाना चाहिए।

**12. वेदारम्भ संस्कार –** वेदों का अध्ययन चंद्र स्वर और अन्य शास्त्रों का अध्ययन सूर्य स्वर में प्रारम्भ करना चाहिए।

**13. केशान्त संस्कार –** यह संस्कार गुरुकुल शिक्षा की अंतिम से पहली क्रिया है। यह संस्कार सूर्य के उत्तरायण होने पर मुण्डन की तरह ही किया जाता है। इसलिए इस समय युवक का सूर्य स्वर शुभ होता है।

**14. समावर्तन संस्कार –** यह संस्कार गुरुकुल शिक्षा की अंतिम क्रिया है। दीक्षान्त या शिक्षा-समाप्ति पर गुरुजनों की अभिमति से गुरुकुल से बाहर पुनः सांसारिक जीवन में प्रवेश ही समावर्तन है। इस समय गुरुकुल में स्नान सूर्य स्वर और अपने गांव या घर में प्रवेश करते समय चन्द्र स्वर शुभ होता है।

**15. विवाह संस्कार –** विवाह प्रकरण में कई मंगल कार्य होते हैं, जिनमें कन्या वरण, वर वरण, कन्यादान संकल्प, पाणिग्रहण, ग्रन्थिबंधन, सप्तपदी, मंगलतिलक आदि के समय वर और वधू का चंद्र स्वर चलना चाहिए।

**16. अन्त्येष्टि संस्कार –** जन्म और मोक्ष में चंद्र स्वर शुभ होता है। दिवंगत आत्मा की सद्गति और मोक्ष की कामना के लिए पुत्र अथवा स्वजन द्वारा सुषुम्ना स्वर में अग्नि संस्कार और कपाल क्रिया करनी चाहिए। यद्यपि सुषुम्ना स्वर में अन्य लौकिक कार्य शुभ नहीं होते हैं।

उपरोक्त संस्कारों में से कुछ संस्कारों का वर्तमान समय में विशेष प्रचलन नहीं है, लेकिन इनके महत्व को देखते हुए, जितने संस्कार संभव हो सकें, उनको जीवन में अपनाना चाहिए।

**14. निष्कर्ष**

स्वरोदय विज्ञान एक ऐसा विज्ञान है जो भारतीय ज्योतिष के जातक और संहिता स्कन्दों में शकुन, मुहूर्त और प्रश्न शास्त्र में समाहित है। इसका उल्लेख विभिन्न ज्योतिष, धार्मिक और योग ग्रन्थों में मिलता है। श्वास-प्रश्वास की गति को नियंत्रित करके प्राणायाम का अभ्यास भी स्वर विज्ञान में आता है। इसका उपयोग अपनी अंत: चेतना, संकल्प शक्ति और प्राणशक्ति के संवर्धन के लिए किया जाता है। इसके नियमित अभ्यास द्वारा विभिन्न शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

इससे आत्म चेतना को जागृत करके, भविष्य कथन और जन सामान्य के प्रश्नों का जवाब दिया जा सकता है। इस लेख में शिव

स्वरोदय पर आधारित इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ियों के प्रवाह का वर्णन करते हुए, विभिन्न कार्यों के सम्पादन में इनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया है। वर्तमान समय के बदलते माहौल में, इच्छित सन्तान प्राप्ति के लिए, स्वर विज्ञान की उपयोगिता बताई गई है। भारतीय संस्कृति में वर्णित और जन सामान्य में प्रचलित 16 संस्कारों के क्रियान्वयन के समय मुहूर्त के साथ–साथ शकुन के रूप में इस विज्ञान की उपयोगिता बताने का प्रयास किया गया है। आशा है, गुरुजनों के आशीर्वाद से, वर्तमान समय में, यह जानकारी सभी पाठकों का मार्गदर्शन करेगी।

**15. संदर्भ ग्रंथ**

1. स्वर योग, स्वामी सत्यानंद सरस्वती, योग पब्लिकेशंस ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार, संस्करण 2012।

2. स्वरोदय– साधना के चमत्कार, योगेश्वरानंद, आस्था प्रकाशन मंदिर, बागपत, दिल्ली, संस्करण 2023।

3. नरपति जयचर्या स्वरोदय, नरपति, डॉ. सत्येंद्र मिश्र, चौखंबा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण 2016।

4. शिव स्वरोदय, बाबा अनुराग दास, रणधीर प्रकाशन, हरिद्वार, संस्करण 2016।

5. स्वरयोग से दिव्य ज्ञान, श्रीराम शर्मा आचार्य, युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट, मथुरा, संस्करण 2015।

6. गायत्री की उच्च स्तरीय पांच साधनाएं, श्रीराम शर्मा आचार्य, युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट, मथुरा, संस्करण 2015।

7. प्रश्न मार्ग, प्रथम खण्ड, सुखदेव चतुर्वेदी एवं जगन्नाथ भसीन, रंजन पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, संस्करण 2014।

**सेवानिवृत्त मण्डल अभियन्ता, दूरसंचार विभाग,**

**वर्तमान शोध छात्र, ज्योतिष विभाग,**

**जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर।**

# कृषक आन्दोलन में महिलाओं की भागीदारी :
## राजस्थान के विशेष संदर्भ में (1919 ई.–1947 ई.)

**डॉ. पृथ्वी सिंह बून्दवाल**

आजादी के पूर्व राजस्थान अनेक रियासतों में बंटा हुआ था। रियासतों में सांमतावादी शासन होने के कारण जनता का अनेक रूपों में शोषण हो रहा था। राजस्थान में होने वाले, आन्दोलनों के प्रथम चरण में वह वर्ग सक्रिय था जो सांमतों को लगान, बेगार, लाग बाग की नीती का मुखर विरोधी थी। इस वर्ग में किसान, श्रमिक वर्ग सम्मिलित थे। कृषि व्यवसायी वर्ग को राष्ट्रीय विचार धारा से प्रभावित वर्ग ने नेतृत्व प्रदान किया था।

राजस्थान में भू प्रबंध की व्यवस्था देश के अन्य भागों की तुलना में विशिष्ट व भिन्न थी जिस व्यवस्था में किसान भू स्वामी न होकर केवल मात्र खेती हर मजदूर था। इस दृष्टि से राजस्थान की स्थिति और भी अधिक दयनिय थी ब्रिटिश साम्राज्यवाद के पश्चात भी राजस्थान संवैधानिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से काफी पिछडा हुआ था। इन सुधारों के अभाव में सामान्य किसान को अनेक असहनीय करो का बोझ ढोना पड रहा था। जिसके फलस्वरूप कृषक, समुदाय ने अत्यन्त उतेजना एवं असन्तोष व्याप्त था। इसके कारण 19वीं–20वीं शताब्दी में राजस्थान में कृषक आन्दोलनों की श्रृखंला देखने को मिली।राजस्थान में हुए किसान आन्दोलनों में बिजौलिया का किसान आन्दोलन, बेगु का किसान आन्दोलन, जयपुर के शेखावटी एवं अलवर के नीमूचाणा क्षेत्र में हुए किसान आन्दोलन महत्वपूर्ण रहे। राजस्थान में जन आन्दोलन शासकों की छत्रछाया मे हुए। किसान आन्दोलन आर्थिक एवं प्रशासनिक सुधारों को लेकर प्रारम्भ हुयें–

**किसान आन्दोलन के संगठित प्रयास:**

राजस्थान की अनेक रियासतों में कृषक जाग्रति गौण रही धोलपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ, जैसलमेर, करौली आदि राज्यों में तो 20 वीं शताब्दी के चतुर्थ दशक तक सीमित स्वरूप से कृषक जाग्रति पैदा हो रही थी। डूंगरपुर, बांसवाडा मे मोतीलाल तेजावत के नेतृत्व में स्थापित सम्प सभा ने कृषक जाग्रति का कार्य किया। किन्तु 1908 में इसे प्रभावहीन बना दिया गया। बूंदी के बरड और जोधपुर के सोजत परगने में जागीरदारों की निरकुशंता के विरूद्ध आन्दोलन गति पकड़ रहे थे। बीकानेर में दुधवारवारा और कागड के कृषक आन्दोलन को दबा दिया गया था तथा जाग्रति का नेतृत्व कर रहे अन्य राजनीतिक संगठनों को भी कुचल दिया गया था।

उदयपुर राज्य में महाराणा फतेहसिंह के अंग्रेज समर्थक एवं सामन्ती नीती के कारण कृषक आन्दोलन जन व्यापी होते गए। फलतः बेगू एवं बिजौलिया के कृषक आन्दोलनों ने जन्म लिया। इन आन्दोलनों को राजस्थान सेवा संघ एवं मेवाड प्रजामण्डल के नेता एवं कार्यकताओं ने नेतृत्व प्रदान किया। आन्दोलन की भयकरता को भाप कर मेवाड महाराज ने मेवाड में नियुक्त ब्रिटिश रेजिडेन्ट मिस्टर यंग को हटा दिया। साथ ही आन्दोलन को नियंत्रण मे करने क लिए आन्दोलन को नेतृत्व कर रहे विजय सिंह पथिक से वार्ता भी करनी चाही। साथ ही जयपुर के शेखावटी एवं अलवर के नीमूचाणा क्षेत्र में भी कृषक आन्दोलनों को प्रजामण्डल का नेतृत्व मिला।

उल्लेखनीय है कि कृषक आन्दोलनों में कृषक संवैधानिक सुधार भी चाहते थे इसी कारण 20वीं शताब्दी के चतुर्थ दशक में कुछ रियासतों में लेजिस्लेटिव असेम्बली भी स्थापित की गई । उदा. जैसे भरतपुर में बज जया समिति परन्तु ये समितियाँ नाममात्र की रही। 1947 तक रियासतों में कोई विशेष प्रशासनिक सुधार नहीं हुए। कुछ राज्यों मे लेजिस्लेटिव असेम्बली में स्त्रियों के लिए भी स्थान सुरक्षित रखे गए। जैसे 1947 में जयपुर में श्रीमति शारदा भार्गव प्रतिनिधि मनोनीत की गई । इस प्रकार इन प्रतिनिधि सभाओं द्वारा जयपुर, जोधपुर मे 1947 मे लडकियों की खरीद–फरोख्त के विरूद्ध विधयेक पास किया गया, जबकि शासक वर्ग ने प्रजामण्डलों एंव

प्रजापरिषदों पर प्रत्न्धि लगा दिया गया क्योकि ये कृषक आन्दोलन को संगठित करने का प्रयास कर रहे थे। 1918 मे चांदमल सुराना ने जोधपुर में मारवाड हितकारणी सभा की स्थापाना की, किन्तु राज्यधिकाररियों की स्वेच्छाचारिता की नीति के विरोध प्रदर्शन करने के कारण 1925 में चॉदमल खुराना, प्रताप सिंह को जोधपुर से निष्कासित कर दिया गया। जिसमें कृषकों की समस्याओ, सामन्तों

की नीति एवं भू– प्रबन्धन के विषय में लेख छपते थे। 1921 मे राजस्थान सेवा संघ 1922 में मारवाड सेवा संघ की स्थापना की गई जिसका उददेश्य कृषकों की शिकायतों को दूर करना, कृषक एवं शासको सामन्त वर्ग के यथोचित अधिकारों का समर्थन करना। और राजनीतिक विभाग में बाहर के अधिकारों के हस्तक्षेप को रोकना था।

**कृषक आन्दोलनों का स्वरूप:**

राजस्थान में बढ़ती कृषक वर्ग में जाग्रति के चलते 1926 में मारवाड स्टेटस पिपुल्स कॉन्फ्रेस की स्थापना की गई। जिसका उददेश्य ग्रामीण स्तर पर आर्थिक एवं राजनीतिक जाग्रति लाना था। बलुडा, बागरी, रायपुर, जैतारण, सोजत आदि परगनों में कर न देने का निर्णय लिया गया। इस कारण महाराणा उम्मेदसिंह ने कॉन्फ्रेस पर प्रतिबन्ध लगा दिया। 1929 में अजमेर से निकलने वाले समाचार पत्र तरुण राजस्थान में ओर ब्यावर में आयोजित एक सार्वजनिक सभा के विचार प्रकट किये गए तथा पोपा बाई की पोल नामक पुस्तक में महाराणा की विलासिता की सामग्री की चर्चा की गई। जोधपुर में भवर लाल सुराणा के सभा में भाषण दिए जाने के कारण शासक वर्ग द्वारा उसकी राजनीतिक गतिविधियाँ समाप्त प्रायः करने के लिए हितकारिणी सभा पर प्रतिबन्ध लगा दिया।

1931 में चांदकौर शारदा की अध्यक्षता में मारवाड स्टेटस कॉन्फ्रेस का अधिवेशन पुष्कर में हुआ। उधर जोधपुर में 1934 में मारवाड पब्लिक सोसाइटी आडिनेंस, कानुन के तहत नागरिक स्वतन्त्रता समाप्त कर दी गई। तथा सभी संगठनों को गैर कानूनी घोषित कर दिया गया। 1938 में मारवाड लोक परिषद का गठन किया गया जिसका कार्य संवैधानिक सुधार एवं कृषक समस्याओं का समाधान करवाना था। राज्य सरकार ने इसे भी अवैधानिक घोषित कर दिया। जून 1940 में एक समझौता हुआ जिसके अनुसार इसे पुनः मान्यता प्राप्त हो गई। इस प्रकार कृषक आन्दोलन का स्वरूप और दमन की नीतियों मे ही चलता रहा।

**कृषक आन्दोंलन एवं महिला:**

रियासतों की जागीर क्षेत्र मे सामान्यत एवं कृषक वर्ग पर शुल्क का असहनीय बोझ था। सामन्तों की अनवृत्त आर्थिक नीतियों का परिणाम यह हुआ कि वे अधिकाधिक वसूली करने लगे लगान, बेगार, लाग बाग में वृद्धि कर दी गई। कृषि कर्मी एवं श्रम व्यवसायी जातियों पर अत्यधिक कर थोप दिये गए यहाँ तक कि गोबर के कण्डों की टोकरी, लकडी की टोकरी और मिटटी ढोने वाले गधों पर भी सशुल्क लगा दिया गया। बूंदी में 1922 तक वार लेवी (युद्ध चूंगी) वसूल की जाती थी। बिजौलिया में किसानों पर 1903 में नया कर चवरी कर लागू किया गया और अन्य लाग बाग भी बढ़ा दिये गये।

इस प्रकार यह समस्त वस्तु महिलाओं से सम्बन्धित रही। इस कारण कृषक आन्दोलनों में महिलाओं ने भी बढ चढकर भाग लिया। कृषक कर्मी एवं व्यवसायी वर्ग की महिलाओं ने सामन्तों की लाग बाग, लगान, बेगार नीति, ठिकानेंदारो कि दमनात्मक नीति एवं उनके कर्मचारियों के अपमानजनक रवैये के कारण आन्दोलन में भाग लेने को विवश हुई। इस वर्ग की स्त्रियों को परम्परागत सामन्ती प्रणाली के विरूद्ध व्यापारी वर्ग एव राष्ट्रीय विचारधारा से प्रभावित कार्यकताओ की स्त्रियों ने इन आन्दोलनों में स्त्रियो का नेतृत्व प्रदान किया यह उल्लेखनीय है कि राजस्थान में उस वर्ग की स्त्रियों ने जो सामन्ती के प्रचलन के समय राजनीतिक एवं प्रशासनिक कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थी। जन आन्दोलन के नेतृत्व अथवा इसमे कोई योगदान नही दिया। अतः राज्यों मे होने वाले जन आन्दोलन में व्यापारी वर्ग की महिलाओ ने एक सीमा तक नेतृत्व किया।

1922 में बिजौलिया बरड बेगू के किसान आन्दोलन में श्रीमति अंजना देवी, श्रीमति सत्य भाभा देवी, श्रीमति नारायणी देवी के नेतृत्व में कृषक स्त्रियों ने भाग लिया। शासन की तरफ से दमन एवं अपमान जनक व्यवहार के बावजूद स्त्रियों ने लाग बाग, लगान देना

एवं बेगार करने से इन्कार कर दिया । श्रीमति अजंना देवी के नेतृत्व में अमरगढ ठिकाने में मीणा जाति के खिलाफ अत्याचारों के विरुद्ध, आन्दोलन किया गया। अलवर में सुशीला देवी त्रिपाठी, जोधपुर में श्रीमति महिमा देवी किंकर के नेतृत्व में कृषक आन्दोलन में भाग लिया।

शेखावटी क्षेत्र में प्रजामण्डल के निर्देशन में जाट किसान पंचायतों के संगठनों ने 1939 में आंदोलन किया। इसमें किसानो की प्रमुख मांगे अकाल पीडितों की सहायता, लगान में कमी, दमनात्मक कानूनों की समाप्ति आदि थे। जयपुर, मुकदगढ, चौमू एवं शेखावाटी के ठिकानेदारों के दमन की नीति एंव कृषिगत सुधारों को लेकर स्त्रियों ने व्यापक प्रदर्शन किये। 1930 में रमादेवी, 1932 में गंगादेवी और श्रीमति भागीरथी देवी के नेतृत्व में किसान आंदोलन हुए। 2 जनवरी 1939 को जमनालाल बजाज की गिरफ्तारी के बाद श्रीमति पार्वती देवी के नेतृत्व मे 26 फरवरी 1939 को महिलाओ ने किसान दिवस मनाया।

यद्यपि राजस्थान मे होने वाले कृषक आंदोलन में स्त्रियो का योगदान सांकेतिक महत्व रखता है। जिसका सामान्य आंदोलन पर भी गहरा प्रभाव पडा। किंतु फिर भी राजस्थान के लिए यह नई बात थी कि सामान्य वर्ग की महिलाऐं सामाजिक बन्धनों को त्याग कर कृषक आंदोलन में सम्मिलित हो गई । सामन्ती प्रशासन के विरूद्ध उनका स्वभाव एवं व्यवहार कठिन होना स्वाभाविक ही था। स्त्रियों के इनआंदोलनों में भाग लेने का प्रभाव उनकी संख्या के अनुरूप न होकर कहीं अधिक प्रभावी होता था। जन आंदोलन में स्त्रियों का भाग लेना सामन्ती अत्याचार की परकाष्ठा को स्पष्ट करने में अत्यधिक सहायक हुआ।

**संदर्भ**


1. कोठारी डॉ. देव, स्वतंत्रता आन्दोलन में मेवाड का योगदान, साहित्य संस्थान राजस्थान विद्यापीठ, जयपुर 1991
2. बजाज जानकी देवी, मेरी जीवन यात्रा, सस्ता साहित्य मण्डल नई दिल्ली
3. चंद्र विपिन, स्वतंत्रता संग्राम, नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इण्डिया नई दिल्ली 1972
4. सिंह मोहन, शेखावटी में स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास
5. मन्नारायण, आधुनिक भारत के निर्माता, सूचना एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार 1976
6. जैन पूर्णचन्द, राजस्थान में रचनात्मक प्रवृत्तियाँ, रास्थान समग्र सेवा संघ।



**सहायक आचार्य, इतिहास विभाग (विद्या संबल)**

**राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर**

# अकाल एवं सूखा का सैद्धान्तिक एवं अवधारणात्मक विश्लेषण : राजस्थान के विशेष संदर्भ में शोध–पत्र

**डॉ. विक्रम सिंह**

अकाल एवं सूखे की समस्या भूगोलवेताओं के शोध एक प्रमुख विषय है परिणामस्वरूप अकाल को परिभाषित करने हेतु अवधारणात्मक दृष्टिकोण विकसित हुए है इस शोध पत्र में अकाल सम्बन्धी सैद्धान्तिक एवं अवधारणात्मक पक्षों का विश्लेषण करते हुए राजस्थान के अकाल की स्थिति की समीक्षा करने का प्रयास किया गया है।

मुख्य शब्द (**Keywords**) अकाल, सूखा, सैद्धान्तिक, व्यवहारिक, बारम्बारता, अर्थव्यवस्था, तृण, सूचकांक, विचलन, विभीषिका, उपागम, प्रवृत्तियाँ।

**अकाल की परिभाषा एवं प्रकार**

अकाल की एक सार्वभौमिक परिभाषा देना कठिन कार्य है लेकिन संसार में अलग–अलग भागों में अकाल की गहनता व बारम्बारता बदलती रहती है चूँकि अकाल अर्थव्यवस्था तथा समाज के विभिन्न वर्गों को अलग–अलग रूपों में प्रभावित करता है इस शोध पत्र में अकाल की परिभाषा को सैद्धान्तिक तथा व्यवहारिक आधारों पर अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। अकाल के प्रभाव सामाजिक संदर्भों पर निर्भर करते हुए स्थानीय तथा कालिक रूप से भिन्नता रखते है। जैसे यदि लम्बे समय तक खासकर बीजारोपण के समय में बरसात नहीं होती वह अकाल कहलाता है।''

आपदा प्रबन्धन विभाग राजस्थन सरकार के अकाल को निम्न प्रकार से परिभाषित किया हैः–

''वर्षा के अभाव में जब खरीफ की फसल का 50 प्रतिशत या इससे अधिक भाग नष्ट हो जाता है तो उसे अन्न अकाल कहा जाता है।''

**अकाल के प्रकार**

''जब किसी क्षेत्र में औसत से 50 प्रतिशत कम वर्षा होती है तो उसे अकाल की स्थिति कहते हैं।''

''जब किसी क्षेत्र में सूखा एवं अकाल की स्थिति से घास समाप्त होने लग जाए तो उस स्थिति को तृण अकाल कहा जाता है।''

''जब अन्न अकाल+ अकाल+ तृण अकाल तीनों की एक स्थिति होने पर उसे महा अकाल कहा जाता है।''

''जब किसी क्षेत्र में औसत वर्षा से भी 25 प्रतिशत कम वर्षा होती है तो उस स्थिति को सूखा कहा जाता है।''

इस प्रकार की परिभाषाऐं अकाल के सत्रों की विभीषिका, गम्भीरता, निरन्तरता तथा समाप्ति को व्यवहारिक दृश्टि से चिन्हित करने का प्रयास करती है। अकाल की परिभाषा में विभिन्न भौतिक, जैविक, सामाजिक एवं आर्थिक तथ्यों को शामिल किया जाता है। अतः शोध से पता चला की एक निश्चित तथा वस्तुनिष्ठ परिभाषा (विशेष परिस्थितियों) का न होना अकाल को समझने में एक बाधा रही है जो अकाल नियंत्रित करने वाले प्रबन्धकों, नीतिनिर्धारकों तथा दूसरों के लिए एक अनिर्णय तथा अक्रिया की स्थिति पैदा करती है।

आर्थिक–सामाजिक अकाल आर्थिक वस्तुओं और सेवाओं की माँग व पूर्ति से सम्बन्धित होता है जिसमें मौसमी अकाल,

जलीय अकाल व कृषि अकाल के तत्व निहित होते हैं।

**अकाल के लक्षण एवं गहनता**

अकाल के तीन लक्षण है जिनमें भिन्नता पायी जाती है– तीव्रता, अवधि तथा क्षेत्रीय विस्तार।

तीव्रता वर्षा की कमी से सम्बन्धित प्रभाव की गहनता है यह सामान्यतः कुल जलवायु सूचक की सामान्य स्थिति से विचलन करने से मापा जाता है। वर्तमान में अकाल के कई सूचकांक प्रयोग किये जा रहे है। जैसे– डिसाइल उपमार्ग (गिल्स 1967 ली– 1979) जो कि आस्ट्रेलिया में प्रयोग किये जाते है पामर का अकाल गहनता सूचकांक एवं फसलनमी सूचक (पामर 1965 एली 1984) जो अमेरिका में प्रयोग होता है।

अकाल की दूसरी विशेषता अवधि है। अकाल को सामान्यतः छाने में दो से तीन महीने चाहिए पर बाद में महीनों और सालों तक प्रभाव रह सकता है। अकाल के प्रभाव वर्षा की कमी, इसकी तीव्रता के शुरू के समय व घटना की अवधि के समय से गहरे रूप से सम्बद्ध है।

अकाल अपने क्षेत्रीय लक्षणों में भी भिन्न होते हैं गहन अकाल से प्रभावित क्षेत्र कालान्तर में विकसित होते है और अधिकतम तीव्रता का क्षेत्र प्रत्येक सत्र में बदलते रहते है। भारत में पिछली शताब्दी के अकालों ने देश के 50 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र को प्रभावित नहीं किया। 1918–19 में अपवाद के रूप में देश का 73 प्रतिशत क्षेत्र प्रभावित हुआ था।

योजना के दृष्टिकोण से अकाल क्षेत्रीय लक्षण के गम्भीर प्रभाव डालते है देशों को अकाल द्वारा एक साथ कई बडी फसल उत्पादन क्षेत्रों को प्रभावित करने की प्राथमिकता के बारे में जानना होता है और इस हेतु आपात योजनाऐं बनाई जाती है।

अकाल एक प्राकृतिक आपदा है परन्तु अकाल प्रबन्धन शब्द से अभिप्राय मानव हस्तक्षेप द्वारा इसके प्रभाव व नुकसान को कम करने से है। इसमें सफलता हेतु अकाल की जटिलता से सम्बन्धित मुद्दे इसको रेस्पोण्ड करना और भविष्य की घटनाओं से निपटने हेतु तैयारी करने के लिए कई अंगों को एक साथं काम करना पड़ता है।

अकाल एक घातक प्राकृतिक आपदा है जो कि सभी क्षेत्रों की जलवायु का एक साधारण भाग है। इसे मात्र भौतिक घटना नहीं समझना चाहिए बल्कि अकाल प्राकृतिक घटना व पानी की आपूर्ति पर मानव प्रयोग तंत्र की मांग के बीच परस्पर सम्बन्ध का परिणाम है। अकाल की लम्बी अवधि को वर्षा व वाष्पीकरण के बीच संतुलन की औसत स्थिति के रूप में देखना चाहिए।

सभी प्रकार के अकालों में एक बात समान होती है कि सभी वर्षा की कमी से उत्पन्न होते है जो किसी समूह या किसी क्रिया के लिए पानी की कमी के रूप में सामने आते है।

अकाल की संकल्पना की पर्याप्त परिभाषा के अभाव में अकाल के प्रेक्षण तथा विश्लेषण में काफी दिक्कतें आती रही है इसी वजह से अकाल सूचकांकों के विकास पर भी प्रभाव पड़ा है यद्यपि पिछली दो शताब्दी से जटिल समस्या मॉडल (प्रतिरूपों) का विकास हुआ है। जिससे कुछ सरल उपागम सामने आए है इन प्रतिरूपों की वजह से कुछ नए आँकड़ों के स्त्रोतों का उपलब्ध होना सम्भव हो सका है। जल मांग के मापदण्ड के रूप में थार्नथ्वेट के द्वारा विकसित वाष्पीकरण प्रतिरूप जिसे कि पामर के जल बजट आधारित अकाल सूचकांक के द्वारा सहयोग दिया गया। वह तीस साल बाद अब भी पर्याप्त मात्रा में उपयोग में लाया जा रहा है।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची**


- जैन, वी.सी. (1974) : टेनफॉल एवं फ्लड्स इन इण्डिया ड्यूरिग (1973) एस. डब्ल्यू मानसून पीरियड इण्डियन जनरल आफ मेट्रोलॉजी एवं ज्योफिजिक्स 25
- आहूजा, के. (1977) : डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग इन राजस्थान, जयपुर।
- भाटिया, वी.एम. : फैमाईन्स इन इण्डिया– 1860–1865.
- भल्ला, एस.आर. : राजस्थान का भूगोल
- देश पाण्डे, डी.वी. (1968) : सन्सपोट साइकल एण्ड रीअरेनल रैनफुल, फेडर 23.



**उपाचार्य**

**एस.एस.एस. पी.जी. कॉलेज,**

**जमवारामगढ़, जयपुर (राज.)**

**मो.नं. 9414888938**

**ईमेल: dr.vsingh001@gmail.com**

# प्राचीन भारतीय शिक्षा परम्परा

डॉ. देवेन्द्र कुमार शर्मा

**नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम्। देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत्।।**

प्राचीन काल में परिवार को बालक का प्रथम विद्यालय और माता को प्रथम गुरु माना जाता था। कालान्तर में प्राथमिक शिक्षा की औपचारिक व्यवस्था भी आरम्भ हुई। इस व्यवस्था में विद्यारम्भ संस्कार अथवा अक्षरारम्भ संस्कार के माध्यम से पाँच वर्ष की आयु में लेखन एवं पठन का प्रशिक्षण दिया जाता था। इसके अतिरिक्त छात्र वैदिक मन्त्र, सुभाषित व्याकरण सूत्र कतिपय सूक्तियाँ इत्यादि का स्मरण भी करते थे। अष्ट वर्ष की आयु में उपनयन संस्कार से पूर्व तक यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाता था। तत्पश्चात् औपचारिक शिक्षा के लिए बालक को गुरुकुल में प्रेषित किया जाता था। गुरुकुल में छात्र वेद, वेदांग, उपनिषद्, आरण्यक, पुराण, धर्मशास्त्र, दर्शन, नीति, तर्क, गणित इत्यादि विषयों से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थों का अध्ययन करता है। इसके अतिरिक्त पाठ्यक्रम में राजनीति, पशुपालन, कृषि, वाणिज्य, शल्यविद्या, आयुर्वेद, रसायन विद्या, शस्त्र संचालन, ललित कला इत्यादि का प्रशिक्षण भी दिया जाता था। प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिक और भौतिक दोनों प्रकार का पाठ्यक्रम प्रचलित था। मुण्डक उपनिषद् के अनुसार दो प्रकार की विद्याएँ मानी जाती हैं विद्या और अपरा विद्या । परा विद्या का सम्बन्ध आध्यात्मिक उत्थान से है और अपरा विद्या का सम्बन्ध सांसारिक अभ्युदय से है। इसके अतिरिक्त आचार्य याज्ञवल्क्य ने चौदह प्रकार की विद्याओं का वर्णन किया है, तद्यथा–

**पुराणन्यायमीमांसाधर्मशास्त्राङ्गमिश्रिताः। वेदाः स्थानानि विद्यानां धर्मस्य च चतुर्दश।।**

अर्थात् चार वेद, षट् वेदांग, पुराण साहित्य, न्याय, मीमांसा और धर्मशास्त्र इस प्रकार चौदह विद्याएँ होती हैं। वैदिक शिक्षा में उपवेदों यथा आयुर्वेद, धनुर्वेद, गन्धर्ववेद और शिल्पवेद का भी अध्यापन एवं प्रशिक्षण होता था। इसके अतिरिक्त यथावश्यक रूप से नृत्य, गीत, वाद्य, वास्तु, चित्र आदि 64 कलाएँ भी पाठ्यक्रम में समाविष्ट होते थे।छात्रों के सामर्थ्य और भावी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किस विषय का विशेष प्रशिक्षण देना है, यह निर्धारित करने का कार्य गुरुकुल के आचार्य का होता था। आचार्य और अन्तेवासी अर्थात् छात्र का परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध होता था।

**प्राचीन भारत में शिक्षा का महत्त्वः–**

भारतीय चिन्तन के अनुसार ज्ञान अथवा शिक्षा विवेक को प्रदान करने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। शिक्षा के महत्त्व को परिभाषित करने के लिए प्राचीन भारतीय चिन्तन के बहुत से कथनों को उद्धृत किया जा सकता है,यथा–''विद्ययाऽमृतमश्नुते'' अर्थात् विद्या से अमृत की प्राप्ति होती है न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते अर्थात् ज्ञान से पवित्र संसार में कुछ भी नहीं है। ''ज्ञान मनुजस्य तृतीय नेत्रं समस्ततत्त्वार्थविलोकदक्षम्' अर्थात् ज्ञान मनुष्य का तृतीय नेत्र है, जो कि यथार्थ दर्शन करवाने में समर्थ है। ''ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः'' अर्थात् ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं मिलती है। भर्तृहरि ने विद्याविहीनःपशुः' विद्याविहीन मनुष्य को पशु की संज्ञा दी है। विद्या के महत्त्व केविषय में कहा गया है– **मातेव रक्षति पितेव हिते नियुङ्क्ते, कान्तेव चापिरमयत्यपनीय खेदम् ।**

**लक्ष्मी तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिं, किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या ।।**

अर्थात् विद्या जीवन यात्रा में माता के समान रक्षा करती है, पिता के समान हितकारी कार्यों में संलग्न करवाती है, पत्नी के समान कष्ट को दूरकर आनन्दित और प्रफुल्लित करती है। विद्या चारों दिशाओं में कीर्ति का विस्तार कर धन–धान्य से समृद्ध बनाती है। इस प्रकार कल्पलता के समान सभी फल देने वाली विद्या कौन सा अभीष्ट सिद्ध नहीं करती? अर्थात् सब कुछ प्रदान करती है।उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि भारतीय मनीषी शिक्षा के महत्त्व को लेकर अत्यन्त जागरुक थे। विद्या के अर्जन और प्रसार के लिए सर्वत्र समुपदेश प्राप्त होता है। उनके मतानुसार विवेक को जाग्रत करने के लिए विद्या ही सर्वश्रेष्ठ उपाय है।

**गुरुकुल शिक्षा प्रणाली–**

प्राचीन भारत में शिक्षा प्रदान करने के प्रमुख औपचारिक स्थान के रूप में गुरुकुलों का विशेष महत्त्व है। गुरुकुल एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था होती है, जिसमें छात्र आवास सहित औपचारिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। गुरुकुल में विलासितापूर्ण जीवन से दूर तपोमयी जीवनचर्या होती थी। गुरुकुल में छात्र प्राकृतिक जलवायु और सात्त्विक आहार–विहार के परिवेश में आनन्दपूर्ण रीति से अध्ययन करते थे। गुरुकुल शिक्षा प्रणाली में शिष्य को गुरु के साक्षात् सम्पर्क में आने और उनका अनुकरण करने का अवसर प्राप्त होता है । गुरुकुल में मुख्यतया शिक्षण मौखिक ही होता था। मौखिक ज्ञान के लिए अत्यन्त आग्रह रहता था। जैसा कि अधोलिखित श्लोक से स्पष्ट होता है–

**पुस्तकस्था तु या विद्या, परहस्तगतं धनम्। कार्यकाले समायाते, न सा विद्या न तद्धनम्।।**

अर्थात् आपत्ति काल में पुस्तक में लिखित विद्या और किसी और को उधार में दिया हुआ धन हमारे किसी काम का नहीं होता। अतः समस्त ज्ञान कण्ठस्थ होना चाहिए।मौखिक शिक्षण के लिए वैदिक काल में व्याख्या विधि, पाठ पारायण विधि, शास्त्रार्थ विधि, सूत्र विधि इत्यादि का प्रयोग होता था। इसके अतिरिक्त प्रश्नोत्तर विधि, वाकोवाक् विधि (कथोपकथन विधि), वाद विवाद विधि, उदाहरण कथन, दृष्टान्त कथन, रूपक, उपमा, तुलना इत्यादि विधियों का उपयोग शिक्षण में किया जाता था। शिक्षण विधियों में श्रवण (सुनना), मनन (विचार करना) तथा निदिध्यासन (गहन चिन्तन करना) के क्रम का पालन किया जाता था ।वैदिक काल में उच्चारण की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था। इसके लिए शिक्षा वेदांग का समुपयोग किया जाता था। पाणिनीय शिक्षा, नारदीय शिक्षा, याज्ञवल्क्य शिक्षा इत्यादि शिक्षाओं के माध्यम से शुद्ध एवं मानक उच्चारण का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता था। शिक्षण एवं निर्देश की भाषा के रूप में संस्कृत भाषा का प्रयोग किया जाता था।वैदिक काल में लेखन कार्य के लिए यद्यपि अधिक अवसर एवं आवश्यकता नहीं होती थी, तथापि उस समय लेखन कला का विकास हो चुका था। लेखन सामग्री की सीमित उपलब्धता की दृष्टि से ज्ञान को कण्ठस्थीकृत करने पर ही बल दिया जाताथा। उस समय मान्यता थी कि वैदिक साहित्य को यदि असावधानी या प्रमादतापूर्वक लिपिबद्ध किया गया तो उनमें दोष होने की पूर्ण सम्भावना है। वैदिक काल में गुरुकुल में श्रावण मास की पूर्णिमा से लेकर पौषमास की पूर्णिमा तक अध्ययन सत्र की अवधि होती थी। जैसा कि कहा गया है- **'श्रावणादिवार्षिकं प्रोष्ठपदीं चोपाकृत्याधीयीत''**

ब्रह्मचारी बटुक प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में शय्या का त्याग कर देते थे। तत्पश्चात् यथासमय पाठ श्रवण, पारायण, सन्ध्योपासना, हवन इत्यादि कार्य किये जाते थे। छात्रों की दिनचर्या में यज्ञ, भिक्षाटन, अध्ययन काल, अभ्यास काल, श्रमदान, क्रीडा इत्यादि के लिए भी समय निश्चित होता था ।मौसम की अस्थिरता या राजकीय शोक की स्थितियों में अवकाश का भी प्रावधान शास्त्र सम्मत माना गया है। धर्मसिन्धु नामक ग्रन्थ से ज्ञात होता है कि वैदिक काल में प्रतिपदा एवं अष्टमी तिथि को शैक्षणिक अवकाश माना जाता था ।विद्यार्थी को स्वानुशासन के लिए प्रेरित किया जाता था। एतदर्थ शिक्षक स्वयं आदर्श जीवनचर्या का जीवन्त उदाहरण विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करता था । यद्यपि आपस्तम्ब, मनु, गौतम आदि आचार्यों ने सामान्यतया शारीरिक दण्ड का विरोध किया है, तथापि किन्हीं विशेष स्थितियों में साधारण शारीरिक दण्ड का प्रावधान भी अनुमत किया है। यह शारीरिक दण्ड सदैव अन्तिम उपाय के रूप में देने का विधान है। शारीरिक दण्ड सदैव हथेली अथवा पीठ पर ही देने की अनुमति शास्त्रकारों ने दी है। दण्ड हेतु कोमलांगों पर प्रहार सर्वथा वर्जित एवं निन्दनीय माना गया है। जैसा कि मनुस्मृति का अधोलिखित वचन प्रमाणार्थ द्रष्टव्य हैं - **'पृष्ठस्तु शरीरस्य नोत्तमांगे कदाचन।।''**

दण्ड सदैव अपराध की श्रेणी के आधार पर देना सम्मत था । शास्त्रों में दण्डविधान बालक में परिष्कार की दृष्टि से ही अनुमत किया गया है, न कि क्रूरता की दृष्टि से । प्राचीन भारतीय शिक्षा की सबसे बड़ी विशेषता थी कि इसमें गुरू अपने प्रत्येक विद्यार्थी पर पर्याप्त ध्यान दे सकता था। वार्तालाप एवं प्रश्नोत्तर के माध्यम से गुरू अपने विद्यार्थी की क्षमताओं और उसके सामर्थ्य के विषय में परिचय प्राप्त कर लेता था । अतः औपचारिक मूल्यांकन की बहुत आवश्यकता शेष नहीं रह जाती थी। विद्यार्थी भी सतत मूल्यांकन की स्थिति में प्रत्येक क्षण परीक्षण के लिए सिद्ध रहता था। इसके अतिरिक्त शास्त्रार्थ, कण्ठपाठ एवं शलाका परीक्षा में अन्य विद्वान् भी विद्यार्थी का मूल्यांकन करते थे । इस प्रकार का मूल्यांकन सामूहिक परीक्षण होता था, जिसमें किसी भी प्रकार के भेद-भाव की कोई सम्भावना नहीं रह जाती थी । प्राचीन काल में शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति था, न कि उपाधि पत्र की प्राप्ति इसलिए आज की भाँति शिक्षा पूर्ण होने के पश्चात् किसी प्रकार का उपाधि पत्र या प्रमाण पत्र प्रदान करने की संस्कृति प्रचलन में नहीं थी। गुरू के नाम मात्र से ही शिष्य की प्रतिभा का आकलन कर लिया जाता था। यह आकलन गुरू की प्रतिष्ठा और परिश्रम का भी सूचक होता था।

**संदर्भ-**

1. याज्ञवल्क्य स्मृति 1/1/3 2. यजुर्वेद 40/14 3. गीता, 4/38 4. शंकराचार्य 5. नीतिशतक 6. गौतम धर्मसूत्र 7. मनुस्मृति

**सहायक आचार्य (विद्यासंबल)**

**राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय, नारेडा**

# आचार्य सांवरमल शास्त्री के संस्कृत उपन्यास सुयोषित् में सुयोषित् और कुयोषित्

**प्रो.(डॉ.) कमलेश शर्मा*, जया शर्मा****

प्रस्तुत लेख में आचार्य प्रवर श्री सांवरमल शास्त्री के संस्कृत उपन्यास 'सुयोषित्' में नारी का चित्रण और चिंतन जिस सहजता, सरलता, प्राकृतिक रूप से किया है उसी को मैंने यहाँ प्रस्तुत किया है। आचार्य जी के नारियों के प्रति क्या विचार हैं उसी को बताने का प्रयास किया गया है। दो तरह की नारियाँ सुयोषित् और कुयोषित् को अत्यन्त ही मौलिक रूप से प्रस्तुत किया है।

वेद भारतीय संस्कृति के आधारभूत स्तम्भ हैं। इतिहास इस बात का साक्षी है कि वैदिककालिक भारत के प्राचीनतम समाज में नारी के कर्तव्य और अधिकार पुरुषों के समान थे । प्राचीन युग से ही स्त्रियों की स्थिति अत्यन्त सम्मानजनक रही है । समाज हो या साहित्य नारी के बिना कल्पना व्यर्थ है । तत्कालिक शिक्षा के क्षेत्र में नारी पुरुषों के समकक्ष थी। ऋग्वेद ने नारी को वह स्थान दिया है जो राष्ट्र में ध्वज का तथा शरीर में मस्तक का है । ऋग्वेद में नारी विवाह के लिए स्वयंवर में भी स्वतंत्र थी। यथा-ऋग्वेद (1.119.5)-

**'यवोरश्विना वपुषे युवायुजं रथं वाणी येमतुरस्य शर्ध्यम्। आ वां पतित्वं सख्याय जग्मुषी योषावृणीत जेन्या युवां पती।।''1**

अर्थात् हे अश्विनीकुमारों ! तुम्हारे प्रशंसनीय अश्व तुम्हारे जुड़े हुए रथ को दौड़ की सीमा, सूर्य तक सबसे पहले ले गए थे । जीती हुई कुमारी ने मित्रता के लिए आकर कहा था कि मैं तुम्हारी पत्नी हूं और तुम्हें अपना पति बना लिया ।

इसी प्रकार यजुर्वेद में कथन है कि स्त्री ! तू द्यौ के समान उच्च शिरोभाग पर स्थित, सूर्य के समान तेजस्विनी, ध्रुव के समान अटल, सबकी पोषक, धारक तथा पृथ्वी के समान गृहस्थ को धारण करने वाली है । **''मूर्धासि राड् ध्रुवासि धर्त्रयसि धरणी ।''2**

वेदों में नारी का उल्लेख हमें गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा, अपाला, घोषा आदि रूपों में मिलता है । वैदिक काल में नारी के सम्मान की स्थ्ति मनुस्मृति के निम्न श्लोक से स्पष्ट होती है -

**''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता । यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राऽफलाक्रिया ।।''3**

अर्थात् जहाँ नारियों की पूजा अर्थात् सम्मान होता है वहाँ देवता निवास करते हैं एवं जहाँ नारियों का सम्मान नहीं होता है वहाँ किसी भी प्रकार की क्रियाएँ निष्फल होती है ।

अर्वाचीन साहित्य में भी नारी को देवी की तरह पूजा गया है । हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि जयशंकर प्रसाद ने अपने काव्य कामायनी में नारी का क्या अद्भुत वर्णन किया है -

**नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नगपग तल में । पीयूष स्रोत सी बहा करो, जीवन के सुन्दर समतल में ।।4**

इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए राजस्थान के आधुनिक कवि श्री सांवरमल शास्त्री ने अपनी रचनाओं में नारी का चित्रण अत्यन्त रोचकता से किया है । आचार्य सांवरमल द्वारा रचित उपन्यास 'सुयोषित्' में उन्होंने दो तरह की नारियों का वर्णन किया है । एक ऐसी पत्नी है जो प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाती है । दूसरी ओर आदर्श चरित्र की महिला भी है जिसका चरित्र उदात्त है ।

यह उपन्यास आचार्य द्वारा 2015 में प्रकाशित संस्कृत उपन्यास है । इसको दो भागों में विभक्त किया है - पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध । पूर्वार्द्ध भाग में एक निकृष्ट नारी का चित्रण है जो अनेक कष्टों की प्रदात्री है । उत्तरार्द्ध में सुयोषित् (अच्छी नारी) का चित्रण है । जिसके सतीत्व के प्रभाव से शिवपिण्ड भी हिल जाता है एवं वाराणसी में स्वयं भगवान् शिव प्रकट होते हैं । इसके पात्र षड्यंत्रों में, हेराफेरी में, कुटिलता में और धूर्तता में लिप्त दिखाए गये हैं । महिला पात्र भी सभी तरह की जालसाजी करती देखी गयी हैं । यह आज के समाज का वास्तविक चित्रण है । इस उपन्यास में नारी पात्रों का चित्रण आधुनिक युग के उन धारावाहिकों से पूरी तरह से प्रभावित है जिनके पात्र षड्यंत्रों में, हेराफेरी में, कुटिलता में और धूर्तता में लिप्त दिखाए जाते हैं और कुछ पात्र महिलाओं का आदर्श चरित्र भी चित्रित करते हैं ।

इस उपन्यास में एक व्यक्ति जिसका नाम राघव है मुख्य पात्र है जिसका विवाह उस समय निश्चित हुआ जब वो गर्भस्थ था और वो भी गर्भस्थ बालिका के साथ। युवा होने पर वह अपनी पत्नी को लेने हेतु अपने ससुराल जाता है । उपन्यास में उसका नाम माधवी है। माधवी का चित्रण कहानी में एक कुलटा, झूठी और षड्यंत्रकारी स्त्री के रूप में हुआ है जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को मारने की तीन बार योजना बनाई किन्तु शग्य से माधवी की सारी योजनाएँ असफल रही । 'सुयोषित्' उपन्यास में आचार्य जी द्वारा वर्णित माधवी का षड्यंत्र –

पहली योजना ''राघवस्य श्वसुरगृहे काचिदेका शेजननिर्मात्री सेविका नित्यमागच्छति स्म । सा दुराचारिणी माधवी तां सेविकां रहसि नीत्वा तस्याः पाणौ मुद्रासहस्रं, विषपुटिकां च संरक्ष्य तत्कर्णान्तिकं मन्दस्वरेण शनैः शनैः वक्तुं प्रचक्रमे''5

– शे शिगिनि! अस्मिन् शर्तरि नाहं प्रीणामि। अनेन सह पत्नीत्वेनापि नाहं निवत्स्यामि । अस्य हननोद्यमे त्वां साहाय्यं याचे । अस्यां पुटिकायां गरलं वर्तते । एकस्यां स्थाल्यां विषमिश्रितं शेजनं निधाय जामात्रे राघवाय परिवेषणीयम्। कार्यमिदं गुप्तरीत्या सम्पादनाय तुभ्यं सहस्रं रूप्यकाणि प्रदीयन्ते । वार्तामिमां कश्चित्तृतीयो न जानीयादिति सावधानतया व्यवहर्तव्यम् ।''6

दूसरी योजना में वह अपने पति को जहरीले साँप से कटवाकर उसकी हत्या की योजना बनाती है । लेकिन उसकी वह योजना निष्फल हो जाती है ।

तीसरी योजना में वह पति पुलिस की गिरफ्त में फँस जाता है लेकिन यहाँ से वह बच जाता है । माधवी की सारी योजनाएँ असफल करवाने में राघव की सहायता एक साधु करता है जो वास्तव में सोनचिड़िया होती है, वह साधु राघव से जैसा करने के लिए कहता वह वैसा करता क्योंकि 'आज्ञां गुरुणा ह्यविचारणीया' और इस तरह से वह माधवी के षड्यंत्रों से बच जाता है ।

उपन्यास में शास्त्री जी ने माधवी के चरित्र का वर्णन करते हुए लिखा है –

''यद्यपि राघवस्य पत्नी नाम्ना तु माधवी किन्तु कर्मणा नासीद् माधवी माधवीति । मधुमक्षिकाः विविधकुसुमरसं पीत्वा मधु संगृह्णन्ति। तन्मध्वमृतायते। इयूच माधवी शर्त्रे गरलप्रदात्री नारीजगतः कृते कलंकायते । एका माधवी लता श्वति या स्वकीयसुगन्धितकुसुमैः ऋतुराजवसन्तस्य महिमानं वर्धयति।''7

यथा कुमारसंभवे कालिदासेनोक्तम् –

**तव प्रसादात्कुसुमायुधोऽपि, साहाय्यमेकं मधुमेव लब्ध्वा । कुर्यां हरस्यापि पिनाकपाणेः धैर्यच्युतिं के मम धन्विनोऽन्ये ।।**

इयूच माधवी परपुरुषनिरता नारीधर्मविमुखा कान्तघ्नी वर्तते ।''8

इस प्रकार आचार्य जी द्वारा व्यभिचारिणी, दुराचारिणी स्त्री माधवी का वर्णन किया गया है। माधवी अपनी योजना के असफल होने पर झूठा नाटक करती है –''स्वकीयां योजनां निष्फलां दृष्ट्वा सा त्वरितमेवान्यत् नाट्यं नाटयन्ती उच्चैराक्रोशत्–अयि मातः !, अयि भ्रातः !, अयि पितः !, आयान्तु, त्वर्यताम् । मम भर्ता एव हि मे प्राणान् हर्तुकामः सन् कृपाणेन मां हन्तुमिच्छति। मां त्राहि त्राहि ।''9

''निशीथवेलायां न केवलं गृहेऽपितु, सर्वस्मिन् प्रतिवेशे, ग्रामेऽखिले चीत्कारोऽयं विद्युत्तरंग इव प्रासरत्। परिजनाः समायाताः, ग्रामवासिनोऽपि घटनास्थलम् अवापुः। जनसम्मर्दः सकौतुकं समवेतोऽभवत्। सा चिरण्टी कृत्रिमाश्रूणि मुूचन्ती प्राहस्म–अयं मम पतिः कृपाणेन मां हन्तुमुद्यतः। मामां त्रायध्वं त्रायध्वमित्युक्त्वा विक्षिप्तेव सुजाता ।''10

पूर्वार्ध के समाप्त होने से पहले वह सोनचिड़िया जो साधु रूप में थी उसने कहा कि–बच्चों! किसी गरीब व सुशील बच्ची से विवाह कर लेना किन्तु संस्कारविहीन से दूर रहना । इस प्रकार के वर्णन से आचार्य जी आज की युवा पीढ़ी को एक गहन संदेश देना चाहते हैं ।

उत्तरार्ध भाग में एक अच्छी नारी का वर्णन किया गया है जिसका नाम सुशीला है । उस युवक राघव ने अपने माता–पिता को सब कुछ बता दिया और यह भी कहा कि अब मैं ही अपने जीवनसाथी का चयन करूँगा । उसके किसी भवन निर्माण के कार्य में एक निर्धन पिता अपनी पुत्री के साथ मजदूरी करने आता था । दोनों को श्रमिक के रूप में काम करते हुए देखकर राघव के मन में साधु द्वारा निर्दिष्ट भाव

जागृत हो जाता है। वह उस बालिका के पिता से चर्चा करता है। राघव बालिका सुशीला के शील और स्वभाव से परिचित था। उन दोनों का आदर्श विवाह हो जाता है। अब पिता और पुत्री दोनों अपने घर चले जाते हैं। यहाँ भाग्यवश उन दोनों को शयन कक्ष में भूमि को खोदने पर स्वर्णमुद्राएँ प्राप्त होती हैं और वह एक अच्छा व्यापारी बन जाता है।

पति अपनी पूर्व पत्नी के दुराचार से पीड़ित था अतः वह अपनी दूसरी नवोढा का परीक्षण करने के लिए अपना रूप बदल कर कुछ दिन उसके पिता के मुनीम के रूप में कार्य करता है और उस लड़की के पिता का विश्वासपात्र बन जाता है। उस लड़की का पिता तीर्थयात्रा के लिए कुछ समय बाहर जाता है और पुत्री को मुनीम की आज्ञापालन की सलाह दे जाता है। अब वह युवक अपनी पत्नी के सतीत्व की परीक्षा लेने के लिए उसे एक व्यभिचारी के जाल में फँसा देता है। वहाँ भी वह सुरक्षित रहती है। आचार्य जी ने सुशीला का चित्रण अत्यन्त ही उदात्त रूप में प्रस्तुत किया है। एक सच्चरित्र नारी के चित्रण में आचार्य जी द्वारा किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं रखी गयी है। 'सुयोषित्' में सुशीला के विवाह के पश्चात् उनके पिता ने जो उपदेश अपनी पुत्री को दिए वो कालिदास के नाटक 'अभिज्ञानशाकुंतलम्' से समानता रखते हैं।

''पुत्र! ''पतिरेको गतिः स्त्रीणाम्'' इति न कदापि विस्मर्तव्यं त्वयाऽऽजीवनम्। अस्याः भारतभूमेः नारी जगत इतिवृत्तं महत्त्वपूर्णमस्ति। यदा रामस्य वनगमनकाले कौशल्या रामेण सह गन्तुमैच्छत्तदा रामोऽब्रवीद् भृशं दुःखितां मातरं कौशल्याम्।''11

महाकवि कालिदास ने 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के चतुर्थ अंक में महर्षि कण्व द्वारा शकुन्तला को जो उपदेश दिया वो इस प्रकार है – **''शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखी वृत्तिं सपत्नीजने भर्तुर्विप्रकृताऽपि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः।**

**भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वनुत्सेकिनी यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामा कुलस्याधयः।।''12**

आचार्य जी ने अपने उपन्यास में सुशीला को इतनी पतिव्रता बताया है कि उसके सतीत्व की रक्षा के लिए स्वयं भगवान् शिव को धरती पर आना पड़ा। भगवान् शिव को सुशीला के सतीत्व को सबको बताना पड़ा। सुशीला ने अपने शील और चरित्र पर कभी भी आँच नहीं आने दी। उसने सदा ही एक पतिव्रता की भाँति जीवनयापन किया।

नारी अपनी पवित्रता के द्वारा समाज में पवित्र विचारों का सृजन भी करती है। उसे समाज के निर्धारित नियमों के विरुद्ध आचरण नहीं करना चाहिए। अपने सच्चे स्वभाव, पवित्र चरित्र, शुद्ध वाणी एवं स्पष्ट व्यवहार के कारण नारी समाज में श्रेष्ठ होती है। इन्हीं बातों की पुष्टिआचार्य जी ने अपने उपन्यास की नायिका सुशीला के माध्यम से की है।

उपन्यास की नायिका सुशीला राजाओं को दिए जाने योग्य उपदेशों को भी जानती है। वह राजा से कहती है – ''महाराज! यदि राजा न रक्षिष्यति तदा धर्मोऽपि भवन्तं त्यक्ष्यति ''धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः'' तथा च ''धर्मो रक्षति रक्षितः'' इति ''राजा प्रकृतिरञ्जनात्'', ''यथा राजा तथा प्रजाः'' इत्यादि राज्ञो धर्मं कः पालयिष्यति ? ''13

आचार्य जी ने अपने नारी पात्रों को भारतीय संस्कृति के अनुरूप ढाला है। वे नारी के उच्छृंखल रूप में स्वीकार नहीं करते हैं। वे नारी देह को देव मंदिर की तरह पवित्र मानते हैं। मनु की व्यवस्था जहाँ नारियों का सम्मान होता है वहाँ देवता निवास करते हैं, 'सुयोषित्' उपन्यास में चरितार्थ होता है।

आचार्य प्रवर ने नारी को केवल सौन्दर्यमयी या चित्त विनोदन का साधन मात्र नहीं बताया है अपितु उसे सुख और दुःख, उत्थान और पतन दोनों स्थिति में पुरुष की सहभागिनी एवं सहधर्मचारिणी माना है। भास के प्रतिमानाटक में भी इसका उल्लेख मिलता है –

**''अनुचरति शशांकं राहुदोषेऽपि तारा, पतति च वनवृक्षे याति भूमिं लता च।**

**त्यजति न च करेणुः पंकलग्नं गजेन्द्रं व्रजतु चरतु धर्मं भर्तृनाथा हि नार्यः ।।''14**

प्राचीन भारतीय चिन्तकों और रचनाकारों की तरह सांवरमल शास्त्री जी ने भी नारी को निरपेक्ष दृष्टि से देखा और यह पाया कि भारतीय संस्कृति तथा सभ्यता उन्नति के जिस तुंग शिखर पर पहुँच सकी है उसके मूल में भारतीय नारियों की शक्ति, तपस्या, त्याग और प्रेरणा ही अन्तर्निहित है। आचार्य जी ने नारी को धर्म, अर्थ एवं काम की प्रदात्री, वैभव और सौरव्य की जननी गृहलक्ष्मी का रूप और सर्वपूज्या माना है।

आचार्य जी के उपन्यास में सुशीला विवाह के पश्चात् दुःसाध्य अग्निपरीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद भी आत्महत्या के लिए जाती है । भयावह गहन वन में किसी दुराचारी राजा के द्वारा दुराचार के लिए बाधित की जाती है और अन्त में सुशीला अपने सतीत्व की रक्षा करने के लिए अनन्य भाव से परमात्मा से प्रार्थना करती है । उसका आर्तनाद शास्त्री जी ने इस तरह से प्रस्तुत किया है –

**''प्रह्लादं दाहिका दुष्टा हिरण्यकशिपुस्वसा । दयालुः भगवान् विष्णुः ररक्ष बालकं तदा ।।''15**

अर्थात् प्रह्लाद को मारने वाली दुष्ट हिरण्यकश्यप् की बहन को जलाने वाले दयालु भगवान् विष्णु रक्षा करें ।

**''प्रपन्नार्तिहरो रामः रावणे जीविते सति। विभीषणाय लंकायाः राजलक्ष्मीं ददौ मुदा।।''16**

**''द्रौपद्याः दीनतां दृष्ट्वा नतमुखांश्च पाण्डवान्। वस्त्ररूपमयः कृष्णः शत्रुमदमचोरचयत्।।''17**

तात्पर्यार्थ रावण को जीतने वाले विभीषण को लंका दिलाने वाले, द्रौपदी की दीनता और झुके हुए पाण्डवों के मुख को देखकर उनकी रक्षा करने वाले भगवान् रक्षा करें ।

**''सतीत्वस्य प्रभावेण शिवं वृत्वा पतिं पुनः। दक्षकन्या सती जाता हिमालयात्मजा शिवा।।''18**

**प्रस्तरभूतनारीं यः सकलंकामतारयत्। शुद्धां सतीं सुशीलां मां तारणे कीदृशी व्यथा।।''19**

**''सुदामास्ति पितुर्नाम वयस्यस्त्वं पितुर्मम। अस्मि पुत्री त्वदीयाहं धर्मस्तत्र विचिन्त्यताम्।।''20**

**मदीयः शीलभंगः स्यात्लज्जा तव गमिष्यति। परित्रातास्ति साधूनां ख्यातिर्लप्ता भविष्यति।।''21**

**''करुणाक्रन्दनं श्रुत्वा विष्णुः शिवश्च कम्पितौ। शिवालये समायातौ सुशीला शीलरक्षकौ।।''22**

भावार्थ सतीत्व के प्रभाव से शिव को पुनः पति के रूप में हिमालय सुता ने प्राप्त किया । आज ये सती सुशीला आपसे अपनी व्यथा कह रही है । अपनी इस पुत्री के शील की रक्षा करो । ऐसे करुण स्वर को सुनकर स्वयं भगवान् शिव शिवालय में प्रकट हो गये ।

इस तरह आचार्य जी ने स्त्री के चरित्र की रक्षा पर अत्यधिक बल दिया है और उसकी रक्षा के लिए स्वयं भगवान् शिव को भी यह कहना पड़ा कि– ''अयि सुशीले! त्वं वस्तुतः शीलवती असि। तव पातिव्रत्यं निश्छलं वर्तते। परमात्मनि तव श्रद्धाऽसन्धिग्धाऽस्ति ।''23

''मा भैषीः !अमुं शिवलिंगमुत्थायप्य दूरं रक्षतु। अस्य शिवमूर्तेरधस्तात् एकोऽन्तर्गढभूमिमार्गः 'सुरंगः' वर्तते। तस्मिन् सुरंगे प्रविश ।''24

''त्वं स्वत एव श्वसुरगेहं प्राप्स्यसि। तत्र श्वश्रूः त्वां प्रतीक्षमाणा तिष्ठति। सर्वं वृत्तान्तं तस्मै श्रावय। तव निश्चलभक्तितः अहं प्रसन्नोऽस्मि । तव कल्याणं भूयात्।''25

शास्त्री जी के मत में संसार की सृष्टि का प्रमुख आधार नारी है । नारी के अभाव में समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है । उसके विभिन्न रूप संसार की वास्तविकता का ज्ञान कराते हैं । नारी के बिना मनुष्य विकास नहीं कर सकता । जिस तरह उपन्यास में सुशीला के पिता का उत्थान सुशीला की वजह से हुआ था । किसी न किसी रूप में नारी पुरुष के साथ जुड़ी हुई है ।

नारियों का चरित्र बल ही मानवीय गुणों की मर्यादा है । स्वभाव और विचारों की दृढ़ता का सूचक है । तप, त्याग और तेज का दर्पण तथा सुखमय सहज जीवन जीने की कला है । आत्मशक्ति के विकास का अंकुर है । सम्मान और वैभव प्राप्ति की सीढ़ी है । चरित्र बल अजेय है, भगवान् को परम प्रिय है और संकट का सहारा है जिस तरह उपन्यास में सुशीला पर हर तरह के संकट उत्पन्न हुए लेकिन अपने चरित्र के बल पर वह हर तरह के संकटों को पार कर लेती है ।

वर्तमान समाज में नारियों के अत्यधिक अंधाधुनिकीकरण को देखते हुए समाज में परिवर्तन के लिए लालायित आचार्य जी ने अपने उपन्यास 'सुयोषित्' में नायिका सुशीला के चरित्र को आदर्श रूप में चित्रित किया है । पत्नी व माता के रूप में स्त्रियों ने न केवल सम्मान अर्जित किया है वरन् यही वह रूप है जिसे समाज के हर युग में सम्मानित दृष्टि से देखा गया । स्त्री, स्वदेह और सन्तान इन तीनों से मिलकर ही पुरुष पूर्ण माना जाता है । धार्मिक कार्यों की सफलता के लिए पत्नी का सहयोग अपेक्षित है । सांवरमल शास्त्री जी के उपन्यास

में नारीत्व एक अत्यन्त ही महनीय और गरिमामय तत्त्व है जो समस्त संसार को पवित्र करता है। आदर्श नारी के जन्म से यह पृथ्वी धन्य होती है। अपने स्वार्थ से बढ़कर नारी के लिए उसका परिवार होता है।

स्त्री गृहलक्ष्मी होती है। पुरुष का जीवन नारी के बिना अपूर्ण माना जाता है। स्त्रियों का पतिव्रत धर्म ही उनका सर्वस्व होता है। वह पति को परमेश्वर की तरह श्रद्धेय मानती है। जिस प्रकार इस उपन्यास की नायिका सुशीला। प्रायः नारियाँ सच्चरित्र होती हैं परन्तु यह समाज उनके चरित्र को लेकर सदैव सशंकित रहता है, उन्हें अपनी सच्चाई और पवित्रता को सिद्ध करने के लिए अग्नि परीक्षा तक देनी पड़ती है, लेकिन उपन्यास में लेखक ने यह सिद्ध किया है कि अगर नारी पवित्र, पतिव्रता और दृढ़संकल्प वाली हो तो अपने तप के प्रभाव से वह शिवपिण्ड को भी हिलाने का सामर्थ्य रखती है। इस प्रकार अन्त में यह कहा जा सकता है कि सुयोषित' उपन्यास में आचार्य प्रवर श्री सांवरमल शास्त्री ने आधुनिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नारी के अच्छे और बुरे चिंतन को प्रस्तुत किया है।

सन्दर्भ–

1. ऋग्वेद – 10.27.12
2. यजुर्वेद – 14वाँ अध्याय, 21वाँ मन्त्र
3. मनुस्मृति – 2/56
4. कामायनी, जयशंकर प्रसाद
5. सुयोषित् – पेज 11
6. सुयोषित् – पेज 11,12
7. सुयोषित्– पेज 14
8. सुयोषित् – पेज 15
9. सुयोषित्– पेज 21
10. सुयोषित् – पेज 21
11. सुयोषित्– पेज 59
12. अभिज्ञानशाकुन्तलम् – 4/18
13. सुयोषित् – पेज 81
14. प्रतिमानाटकम– 1/25
15. सुयोषित् – पेज 82
16. सुयोषित् – पेज 82
17. सुयोषित् – पेज 82
18. सुयोषित् – पेज 83
19. सुयोषित् – पेज 83
20. सुयोषित् – पेज 83
21. सुयोषित् – पेज 83
22. सुयोषित् – पेज 83
23. सुयोषित् – पेज 84, 85
24. सुयोषित् – पेज 84, 85
25. सुयोषित्– पेज 84, 85


**प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग, आगरा कॉलेज, आगरा**

**शोधच्छात्रा, संस्कृत विभाग, आगरा कॉलेज, आगरा**

# राष्ट्र निर्माण में वैदिक शिक्षानीति की प्रासंगिकता

**डॉ. हेमन्त चतुर्वेदी**

हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति गुरू केन्द्रित थी वहीं गुरू का दर्जा ईश्वर से ऊपर था। वैदिक शिक्षा जीवन के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक सभी क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वैदिक ऋषि शिक्षा को राष्ट्र के विकास के लिये अनिवार्य मानते थे। ऋग्वैदिक मंत्रों से ज्ञात होता है। कि विद्या पवित्र करने वाली है, सत्य से होने वाले कर्मो को धारण करने वाली है। स्पष्ट है कि यदि विद्यार्थी पवित्र आचरण वाले सत्य से युक्त कर्मो को करने वाले तथा शुभ कर्मो को करने वाले होंगे तो समाज में फैल रहा अनैतिक वातावरण स्वयं ही शुद्ध हो जायेगा। अतः वैदिक शिक्षा सर्वाधिक कल्याण करने वाली है और विद्यार्थी राष्ट्र के विकास में पूर्ण सहायक है। यजुर्वेद से ज्ञात होता है कि उपनयन संस्कार के समय ली जाने वाली दीक्षा से ही व्यक्ति सत्य संकल्प वाला बनाया जाता था। यथा– **अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तच्छकेयं तन्मे राध्यताम। इदमहमनृतात्सत्यमुपैमि।।1** अर्थात् अग्नि को साक्षी रखकर व्रत लिया जाता था कि असत्य को छोडकर सत्य को ही ग्रहण करूंगा असत्य मार्ग से सत्य मार्ग पर जाता हूं। सत्य के मार्ग को अपनाने से उन्नति होती है और स्वर्ग प्राप्त होता है स्पष्ट है कि ऋषियों को ज्ञात था कि उन्नति के मार्ग को सत्य से प्राप्त किया जा सकता है। झूठ के मार्ग से नहीं। अतः वे सत्य के साथ ही शिक्षा आरम्भ करते थे।

अथर्ववेद के मंत्र से ज्ञात होता है कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति की बुद्धि को अत्यन्त तीक्ष्ण बनाना उसे वृद्धि या उन्नति की ओर ले जाना तथा महान सौभाग्य के लिये प्रबुद्ध करना था–**बृहस्पते सवितर्वर्धयैनं ज्योतयैनं महते सौभगाय। सशित! चित! संतर सं शिशधि विश्वं एनमनु मदन्तु देवाः ।।2** अथर्ववेद में आचार्य तथा शिष्यों के लिये ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना आवश्यक कहा गया है गुरू और शिष्य के कर्तव्यों के विषयों में विस्तार से किया गया है। आचार्यो ब्रह्मचारी आचार्यो ब्रह्मचर्येण ब्रह्मचारिणामिच्छते अर्थात आचार्य स्वयं संयमी और ब्रह्मचारी हो। शिष्य ब्रह्मचर्य का पालन करे तथा उनका जीवन संयमी हो। वैदिक काल में स्त्रियां भी पुरुषों के समान ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करती थी। ब्रह्मचर्य के द्वारा ही कन्या युवा पति को प्राप्त करती है, यह कथन अथर्ववेद 11.5.18 में मिलता है– ''**ब्रह्मचर्येण कन्या युवसनं विन्दते पतिम्**'' उच्चतम कन्यायें बह्मचर्य व्रत द्वारा ही बौद्धिक एवं आध्यात्मि ज्ञान प्राप्त करती थी यथा– **उपयामगृहीतोऽस्यादित्येभ्यस्त्वा। विशणुऽउरूगायैष ते सोमस्तंरक्षस्व मा त्वा दभनम्।।3** ''अर्थात हे कुमार! ब्रह्मचारिन चौबीस वर्ष पर्यन्त ब्रह्मचर्य का सेवन करने वाला मैं अड़तालीस वर्ष तक ब्रह्मचर्य सेवन करने वाले आपको स्वीकार करती हूं अर्थात यजुर्वेद के अनुसार कन्या का विवाह ब्रह्मचर्याश्रम समाप्त कर लेने के पश्चात ही करने का विधान था। यह उपदेश वर्तमान युवकों और युवतियों के उन्मुक्त आचरण को नियंत्रित कर सकता है।

वैदिक काल में गुरू एवं शिष्य का पवित्र एवं मधुर सम्बन्ध पाया जाता था। गुरू अपने शिष्य को और शिष्य अपने गुरू को सम्मान देता था यथा–**विद्यार्थिनां स्तुतं सन्मां ब्रह्मावतु गुरूश्च मे। विद्या ग्रहण वक्तृत्वशक्तिभ्यां नौ सदाऽवतु।।4** अर्थात मुझ विद्यार्थी के द्वारा स्तुत वह ब्रह्म मेरी और मेरे गुरू की रक्षा करे। विद्या का ग्रहण वक्तव्य शक्ति के द्वारा वह सदा हमारी रक्षा करे। इस प्रकार विद्यार्थी ब्रह्म से अपनी तथा गुरू की रक्षा के लिये प्रार्थना कर रहा है। इतना ही नहीं शिष्य अपने गुरू के प्रत्येक कार्य में शीघ्रता, तत्परता एवं चैतन्य दिखायें यह भी उल्लेख मिलता है। गुरू के कर्तव्य का निर्देश करते हुए कहा गया है कि वह ''देवेन मनसा सह''। अर्थात दिव्य मन, शद्ध हृदय से शिक्षा दें।

ऐतरेय उपनिषद् के मंगलाचरण मंत्र में शिक्षा का अर्थ– **वाड्मे मनसि प्रतिष्ठिता। मनो मे वाचि प्रतिष्ठितम्। आविराविर्म एधि। वेद आणीस्थः श्रुत में मा प्रहासीः। अनेनाधीतेनाहोरात्रान सन्दधामि। ऋतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु अवतु माम्। अवतु वक्तारम् अवतु वक्तारम् ।।5** अर्थात्– मेरी वाणी मेरे मन में प्रतिष्ठित हो। मेरा मन। मेरी वाणी में प्रतिष्ठित हो। आप परमेश्वर जो सर्वत्र प्रकट है यहां शिक्षा स्थल पर साक्षात प्रकट हो। मैं जो शिक्षा प्राप्त करूं, वह नष्ट व्यर्थ न होने पाएं। इस अध्ययन के द्वारा में अपने दिन रात का पोषण करता हूं। मैं अपनी वाणी से धर्मानुकूल न्यायोचित वचन कहूंगा। मैं सत्य वचन बोलूंगा। वह धर्म वह सत्य मेरी रक्षा करें। वक्ता की रक्षा करें, मेर श्रोता (शिष्य) की। आंतरिक भावों को जागरूक करना होता है, जो आध्यात्मिकता में निहित है वे आचार व्यवहार से सिखाए जा सकते हैं और उनके लिए आज की शिक्षाव्यवस्था में किसी के पास समय नहीं है किन्तु दिव्य मन से अर्थात शुद्ध हृदय से शिक्षा दें।

वैदिक शिक्षा प्रणाली में मानव मात्र के साथ उपभोग करने की शिक्षा दी गई है यथा –**ईशावस्यमिदं सर्व यत्क्रिच जगत्यां जगत्। तेन त्यक्तेन भुंजीथा मा गृधः कस्यस्विदधनम्।।6**

इस संसार में जो कुछ भी जड़ चेतन स्वरूप है, वह समस्त ईश्वर से व्याप्त है। उस ईश्वर को साथ रखते हुए त्यागपूर्वक भोगते रहो आसक्त मत होओ, क्योंकि धनु, भोग्य पदार्थ किसका है अर्थात किसी का भी नहीं है। यदि व्यक्ति को यह तथ्य समझ में आ जायेगा कि धन भोग्य पदार्थ किसका है, किसी का नहीं तो उसके मन में किसी भी प्रकार का उल्लेख नहीं रहेगा और पथ भ्रष्ट नहीं होगा।

वेदों में हृदय की उच्चता और विचारों की उच्चता की बात भी कही गयी है अर्थात उच्च विचार वाले होकर उन्नत हों। सदभावनाओं और सदविचारों से ही हृदय की उन्नति होती है अथर्ववेद के 7/97 सूक्त में मनुष्य द्वारा विद्या और बल प्राप्त करने, विद्वानों के सत्संग से वाग्मी और कुशल होकर उन्नति करनें, उत्तम व्यवहार करने और मनुष्य धर्म का पालन करने की बात कहीं गई है। इन्हीं के द्वारा मनुष्य उन्नत विचारों और उन्नत हृदय वाला बनता है। इसके साथ ही विनम्रता को अपनाने पर बल दिया गया है। कहा भी गया है कि ''विद्या ददाति विनयम्'' अर्थात विद्या विनय देती है। जिस व्यक्ति के पास ज्ञान है वह विनम्र होता है इससे स्पष्ट होता है कि वैदिक शिक्षा नैतिक आचरण पर अधिक बल देती है।

आज की शिक्षा प्रणाली में सदाचार, शिष्टाचार, आचरण, नीति, त्याग आदि विषयों की उपेक्षा दिखाई देती है जिससे अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार आदि बढता जा रहा है। वर्तमान शिक्षा पद्धति में नैतिक शिक्षा का अनिवार्य रूप से शिक्षण होना चाहिए। सत्य, संयम, दान, दया, परोपकार, उद्यम आदि का महत्व प्रतिपादित होना चाहिए। समाज अपने शिक्षकों को भरपूर सम्मान दे क्योंकि शिक्षक ही हमारे कल के निर्माता है जिससे आज पुनः विश्व में अपनी प्राचीन प्रतिष्ठा प्राप्त कर सके।

गुरूकूल पद्धति में अध्ययन कर संसार में अपना नाम अमर करने वालों और जगत का उपकार करने वालों का सिर्फ नाम भर से एक विशाल पुस्तक की रचना हो सकती है। इतिहास गवाह है कि उन्हीं लोगों ने भारत का विष्व में श्रेष्ठ दर्जा दिलवाया था वर्तमान शिक्षण व्यवस्था बाल केन्द्रित है गुरू गौण है। सूर्य जो रोशनी और ऊर्जा का प्रदाता है हम उसके महत्व को अनेदखा कर सिर्फ सौर ऊर्जा का महत्व प्रतिपादित कर रहे। जीवन मूल्य या मानव मूल्य इन दोनों में बहुत अंतर नहीं है। दोनों को मिलाकर मूल्य आधारित शिक्षा कहना अधिक उपयोगी होगा। धार्मिक, आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षा सत्यं वद् धर्म चर 7 सत्य बोलो, किन्तु धर्म पर आचरण करना उससे भी बढकर है। भारतीय मूल्यों में बाह्य की अपेक्षा आंतरिक भाव का अधिक महत्व है। भारतीय जीवन मूल्यों का मूलाधार है उस अव्यक्त शक्ति में विश्वास । **यतोऽभ्युदयः निःश्रेयस–सिद्धि स धर्मः** 8 की मूल्य शिक्षा देनी चाहिए, चरित्र मूल्य शिक्षा के बिना संभव नहीं है। यह मूल्य शिक्षा में शिक्षक की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आचरण से ही आचार्य शब्द आया है। इस हेतु शिक्षक प्रशिक्षण एवं शिक्षकों के पाठ्यक्रम में मूल्य शिक्षा का समावेश अनिवार्य है। आजकल देखा जा रहा है कि राजकीय विद्यालय, शिक्षालय से भोजनालय में परिवर्तित हो रहे हैं। वर्तमान में विद्यार्थी विद्यालय में ज्ञानार्जन की अपेक्षा भोजन खाने के लिए जाते हैं। विद्यालय विद्या का ही घर होना चाहिए किन्तु आधुनिक शिक्षा में यह भाव समाहित नहीं है। आज की शिक्षा ब्रिटिश पद्धति पर आधारित है जिसमें व्यक्ति को समाज और संस्कृति से विमुख किया जा रहा है। आधुनिक शिक्षा व्यक्ति को केवल भौतिकवादी बना रही है। सांसारिक सुख भोगां की प्राप्ति अधिक से अधिक हो व्यक्ति का यही ध्येय रह गया है। दूसरों को पीछे धकेलकर स्वयं आगे बढना केवल अपने विषय में सोचना, सम्बन्धों की अवहेलना करना है, यही उसका आचरण होता जा रहा है। वस्तुतः मनुष्य–मनुष्य से प्रेम नहीं कर रहा, उसके लिये धन ही सर्वोपरि है। अतः आज आवश्यकता है ऐसी शिक्षा की जो मनुष्य को मनुष्य से जोड़ सके, उन्नति करने के साथ मनुष्य को मानवता की शिक्षा दे सके। अतः ऐसी शिक्षा व्यवस्था के लिये हमें अपने प्राचीन गौरव वेदों की ओर लौटना होगा। वैदिक शिक्षा आज भी उनती ही प्रासंगिक है जितनी प्राचीन काल में थी। भारत में धर्म की शिक्षा का आधार आध्यामित्कता है, बिना आध्यात्मिकता के नैतिक जीवन मूल्यां का विकास सम्भव नहीं है। धार्मिकता से अभिप्राय आध्यत्मिकता माना जाए, अतः धार्मिक शिक्षा का अर्थ आध्यात्मिक शिक्षा होना चाहिए।

**सन्दर्भ ग्रंथ सूची –**

1. यजुर्वेद 1–5 2. अथर्ववेद 7–16–1 3. यजुर्वेद 8–1
4. तैत्तिरीयोपनिषद शिक्षा वल्ली 4/8 5. ऐतरेय उपनिषद– मंगलाचरण–1
6. ईशावास्योपनिषद 1 7. तैत्तिरीयोपनिषद– एकादश अनुवाक 8. वैशेषिकदर्शन–1

**सहायक आचार्य: वेद विभाग (विद्या संबल)**
**राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर।**

# वेदान्त – अर्थ, स्वरूप एवं मूलतत्त्व

**डॉ. भेषराज शर्मा, कमलेश कुमार गुप्ता**

वाड्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठित आविरावीर्म एधि। वेदस्य मे आर्णास्थः श्रुत मे मा प्रहासीः। अनेनाधीतेनाहीरात्रान्सन्दधाम्यृतं वदिश्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतुअ अवतुमामवतुवक्तारम अवतु वक्तारम्

शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

भारत में विकसित दर्शनों में से एक प्रमुख दर्शन है–वेदान्त दर्शन। वेदान्त दर्शन का आधार उपनिषद् कहा जाता है। वेदान्त प्रस्थान त्रयी पर आधारित है। वेदान्त शब्द का अर्थ है –वेदो का अन्तिम या उत्तर भाग। पूर्व में वेदान्त शब्द का प्रयोग उपनिषदो के लिए होता था क्योंकि उपनिषद् वेदो के अन्तिम भाग थे। वेदो का अन्तिम भाग होने के कारण उपनिषदो को वेदान्त कहा जाता था। धीरे–धीरे उपनिषदों से जितने भी दर्शन विकसित हुए सभी को वेदान्त की संज्ञा से विभूषित किया। वेदो के ब्रह्म प्रतिपादक अन्तिम भाग उपनिषद् ही वेदान्त है। वेदान्तसार के अनुसार –**वेदान्तो नामोपनिषत्प्रमाणं तदुपकारीणि शारीरिक सूत्रादीनि च। (वेदन्तसार पृ.19)**

उपनिषद् पर आधारित वेदान्त दर्शन वेद के उत्तर भाग ज्ञानकाण्ड का विवेचन करने वाला होने से उत्तरमीमांसा के नाम से भी जाना जाता है। उपनिषदो के अर्थ का निर्णय ब्रह्म सूत्रों से किया जाता है। इस कारण ब्रह्म सूत्रो को वेदान्त शब्द से कहा जाता है।

वेदान्त दर्शन का आधार बादरायण का ब्रह्मसूत्र कहा जाता है। ब्रह्मसूत्र उपनिषदो में सामञ्जस्य लाने के उद्देश्य से लिखा गया था। उपनिषद् संख्या में अनेक थे। विभिन्न उपनिषदों की शिक्षा के विषय में विज्ञनो में मतभेद थे। कुछ विंज्ञनो का कहना था कि उपनिषद् एकवाद है तथा कुछ द्वैतवाद की शिक्षा के रूप में मानते है। उपनिषदों के गम्भीर अध्ययन के अभाव में उनके सिद्धान्तो में एकवाक्यता लक्षित नहीं हो पाती, इससे उनमें विरोध लक्षित होने लगता है। उन विरोधों को दूर करते हुए उनमें एकवाक्यता स्थापित करने के लिए बादरायण ने ब्रह्मसूत्रों की व्याख्या की। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्त उपनिषद् विचार में एक मत है। उपनिषदों की उक्तियों में जो विषमता दिखाई पड्ती है वह उपनिषदो को न समझने के कारण है।

इसे ही वेदान्त सूत्र भी कहा जाता है; क्योंकि वेदान्त दर्शन ब्रह्मसूत्र से ही प्रतिफलित हुआ है। ब्रह्मसूत्र अन्य सूत्रों की तरह संक्षिप्त तथा दुर्बोध थे। बादरायण ने ब्रह्मसूत्रों का संकलन किया है। इन्होंने बादरि, कार्ष्णाजिनि, आत्रेय, आश्मरथ्य, औडुलौमि आदि के विचारो को संकलित कर वेदान्त दर्शन के मूल सिद्धान्तों पर विचार कर संकलन का नाम ब्रह्मसूत्र रखा। ब्रह्मसूत्र में चार अध्याय है–

1. समन्वयाध्याय 2. अविरोधाध्याय 3. साधनाध्याय 4. फलाध्याय।

ब्रह्मसूत्र की संक्षिप्तता तथा दुर्बोधता के फलस्वरुप अनेक प्रकार की शङ्कायें उपस्थित हुई। इन शङ्काओ के समाधान की आवश्यकता महसूस हूई। इस उद्देश्य से अनेक भाष्यकारो ने ब्रह्मसूत्र पर अपने अलग–अलग भाष्य लिखे। प्रत्येक भाष्यकार ने अपने भाष्य की पुष्टि के निमित्त वेद और उपनिषद में वर्णित विचारो का उल्लेख किया। जितने भाष्यकार हुए वेदान्त दर्शन के उतने ही सम्प्रदाय विकसित हुए यथा–अद्वैत वेदान्त, विशिर्ष्टहैत वेदान्त, हैताहैत वेदान्त आदि। इन सम्प्रदायों में मूलतत्त्व को कुछ थोड़े से विचारपरिवर्तन के कारण विभिन्न रूपों में स्वीकार किया है।

**मूल तत्त्व का स्वरूप–**

वेदान्त में मूलपरमातत्त्व के रूप में ब्रह्म को स्वीकार किया गया है जो कि सत्, चित और आनन्दस्वरूप है। वह अनन्त देश, काल कृत परिच्छेद से शून्य तथा र्अेय अर्थात हैतरहित है– **(वेदान्त सार पृ. 86)**

सत्–सत् का अर्थ है जिसकी सत्ता का कभी विच्छेद न हो, जो त्रिकालाबाध्य हो, भूत, वर्तमान, भविष्य इन तीनों कालो में जिसका कभी बाध–अभाव न हो। इस प्रकार आत्मा सदा अमर है, एक स्वभाव है, उसमें कोई ह्रास विकास नहीं होता, उसके पैदा होने, घटने–बढने, रोगी होने, दुर्बल होने के कारणों की कल्पना नितान्त मूढता है।

वेदान्तदर्शनके अनुसार ब्रह्म ही आत्मा है– **(ब्रह्मसूत्र 4–1–3)**

यह आत्मा उत्पन्न नहीं होता और न ही मरता है तथा यह

आत्मा कहीं से अर्थात् किसी अन्य कारण से उत्पन्न नहीं हुआ और न अर्थान्तर रूप से स्वयं अपने से ही हुआ है। इसलिए यह आत्मा अजन्मा, नित्य, शाश्वत, क्षय रहित है। इसलिए शस्त्रादिं द्वारा शरीर के मारे जाने पर भी वह नहीं मरता–न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित। अजो नित्यः शाश्वतोह्वयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।

वस्तुतः आत्मा न तो किसी को मारता है और न इसे कोई मार सकता है – नायम हन्ति न हन्यते।

आत्मा सबसे सूक्ष्म और गूढ है – **एषु सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा।**

उपनिषदो को प्रमाण मानते हुए वेदान्त दर्शन पर लिखे सूत्र रूप ग्रन्थ ब्रह्मसूत्र के रचयिता बादरायण ने ब्रह्म का स्वरूप बताया है–जन्मोंस्य यतः। अर्थात् इस जगत् की उत्पति, स्थिति और लय जिससे अथवा जिसमें स्थित होते है वह ब्रह्म है।

सर्वव्यापक है, दृश्यमान जगत् जिसे प्रकाश्य कहता है, वह ब्रह्म से पृथक् कुछ भी नहीं है। यह जो अविज्ञमयी दृष्टिवालों को ब्रह्म से भिन्न जगत् सामने दिखाई दे रहा है, वह अविनाशी ब्रह्म ही है। इसी प्रकार पीछे भी ब्रह्म है। दायीं तथा बायीं और भी ब्रह्म ही है। नीचे की ओर और ऊपर की ओर भी ब्रह्म है। ब्रह्म ही सभी ओर कार्यरूप से नामरूप विशिष्ट होकर फैला हुआ है। यह समस्त जगत् श्रेष्ठतम ब्रह्म ही है। वही एकमात्र सत्य है, जगत् मिथ्या है– वेदममृतं पुरस्ताद ब्रह्म पश्चादू दक्षिणतश्चोत्तरेण। अधश्चोर्ध्वं च प्रसृतं ब्रह्मवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्।।

वेदान्त में ब्रह्म को ही एकमात्र सत्य माना है अन्य सभी असत्य अर्थात् मिथ्या है – ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्म नापरः।

वेदान्त सिद्धान्त के अनुसार एकमात्र ब्रह्म ही वस्तु है। क्योकिं वसत्येव तिष्ठत्येव वा तद् वस्तु जो सर्वदा स्थित ही होता है, किसी भी काल में जिसकी निवृत्ति नहीं होती, वही वस्तु है। इसके अनुसार किसी भी काल में बाध्य न होने से त्रिकालाबाध्य ब्रह्म ही वस्तु है।

चित् का अर्थ है चेतना या चैतन्य– आत्मा को चित् कहने का अर्थ है कि वह चैतन्य रूप है। उसमें किसी प्रकार की जड़ता नहीं है। वह सारे जगत् का प्रकाशक है और स्वयं प्रकाशमान है। उसे स्वयं प्रकाशित होने के लिए किसी अन्य प्रकाश की अपेक्षा नहीं होती–

**तदेव ज्योतिषां ज्योतिः। (वृ.उ. 4–4–16)**

**तस्य भासा सर्वमिदं विभाति। (कठ. 2–2–15, मु.उ.2–2–10)**

ब्रह्म अनन्त सर्वव्यापी तथा सर्वशक्तिमान है। वह भूत जगत् का आधार है। जगत् ब्रह्म का विवर्त है परिणाम नहीं। ब्रह्म को विश्व का कारण माना गया है। उस ब्रह्म से ही सम्पूर्ण विश्व हुआ है – तस्मात्तत्सर्वमभवत्।

ब्रह्म समस्त जीवो के प्रलयकाल में भी अपनी महिमा से नित्य जागता रहता है – **य एषु सुप्तेषु जागर्ति।**

वेदान्त के अनुसार ब्रह्म सर्वव्यापक है। ब्रह्म को अज्ञान के कारण मनुष्य आवरण युक्त मानता है किन्तु अज्ञान निवृति होने पर ब्रह्म मात्र ही शेष रह जाता है। जैसे अनन्त ब्रह्माण्ड के प्रकाशक सूर्य को दीपक का स्वल्प प्रकाश प्रकाशित करने में असमर्थ हो सूर्य के समक्ष सूर्य के प्रकाश से अभिभूत हो जाता है। उसके प्रकाश का पता ही नहीं चलता। वैसे ही अन्तःकरण में प्रतिबिम्बित चैतन्य(चिदाभास) भी स्वयं प्रकाशमान प्रत्यगात्माभिन्न परब्रह्म को प्रकाशित करने में असमर्थ होने के कारण उससे अभिभूत हो जाता है, एवं जैसे मुख प्रतिबिम्ब दर्पण का नाश होने से मुखमात्र(बिम्बमात्र) हो जाता है। वैसे ही अपनी उपाधिभूत अन्तःकरण ही अखण्डाकारा वृत्ति का विनाश होने से प्रत्यागात्माभिन्न परब्रह्म हो जाता है।

इस प्रकार ब्रह्म को ही परमनित्य स्वरूप एक ही कहा है। वह ब्रह्म सम्पूर्ण चराचर विश्व में स्थित है – य आत्मा सर्वान्तरः।

**वह ब्रह्म ही पूर्ण रूप है–अउम् पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेंवावशिष्यते।। (वही 5–1–1)**

वह परब्रह्म परमात्मा सब प्रकार से परिपूर्ण है, वह चराचर एवं जगत सृष्टि विश्व दृश्य प्रपञ्चपूर्ण है। पूर्ण ब्रह्म से पूर्ण जगत् की उत्पत्ति होती है। ब्रह्म से पूर्ण जगत् को पृथक कर देने पर भी पूर्ण ही शेष रहता है अर्थात् पूर्ण जगत् के उत्पन्न हो जाने पर भी ब्रह्म पूर्ण रूप ही रहता है।

वह प्राण है– प्राण इति स ब्रह्म।

ब्रह्म आनन्द स्वरूप है– ब्रह्म को आनन्दस्वरूप भी कहा है –

आनन्दो ब्रह्मेति।

वह ब्रह्म निश्चित रूप से रस ही है, इस रस को प्राप्त करके पुरुष आनन्द में निमग्न हो जाता है – रसो वै सः।

ब्रह्म को ही आनन्द तथा ज्योतिरूप माना है– **यतदेव ज्योतिषां ज्योतिः। (वृ.उ. 4–4–16)**

**आनन्दो ब्रह्योति व्यजानात्ङ्क। (तै.उ. 3–6–1)**

वह ब्रह्म न तो वाणी और ना मन तथा ना ही नेत्रों द्वारा प्राप्त किया जा सकता है – नैव वाचा न मनसा प्राप्तुं शक्यो न चक्षुसा।

वह ब्रह्म ही परमानन्द है – एषः परमानन्दः।

ब्रह्म ही अक्षर, परिणाम रहित, ओङ्कारस्वरूप तथा सर्वव्यापक है। वह विज्ञान एवं आनन्द स्वरूप है – विज्ञानमानन्दं ब्रह्म।

आत्मा आनन्दरूप है, आनन्द का अर्थ है 'आ–समन्तात्–चतुरस्त्रम् नन्दति–समृद्ध्यति' – जो सब प्रकार से समृद्ध हो, जिसमें कोई कमी न हो, जो सर्वथा पूर्ण हो, वह आनन्द है। आनन्द को सुख कहा गया है। सुख का अर्थ है– 'सुष्ठु खं यस्मात् तत् सुखम्'। 'ख' का अर्थ है आकाश। यह अन्य सभी भूतो का उपलक्षण है। अतः सुख का अर्थ होता है वह तत्व जिसमें आकाशादि सभी भौतिक पदार्थ सुष्ठु सुन्दर आनन्दानुभावक हो जाते है वह तत्व है आत्मा। आत्मा की आनन्दरूपता में सबसे प्रबल प्रमाण है अनेको श्रुतिवचन जैसे–

**विज्ञानमानन्दं ब्रह्म। आनन्दरूपममृतं यद् विभाति। (वही 3–9–28)**

अनिर्वचनीय है–वह ब्रह्म न तो वाणी और ना मन तथा ना ही नेत्रों द्वारा प्राप्त किया जा सकता है – नैव वाचा न मनसा प्राप्तुं शक्यो न चक्षुसा। केनोपनिषद् में ब्रह्म को कहा है –ब्रह्म अवाङ्मनसगोचरम् है। वाक् च मनञ्च वाङ्मनसे, तयो गोचरः वाङ्मनसगोचरः, न वाङ्मनसगोचरः अवाङ्मनसगोचरः। इस व्युत्पति से इस शब्द का अर्थ है जो वाणी और मन का विषय न हो , जिसका वाणी से वर्णन और मन से चिन्तन न हो सके। इस प्रकार इस शब्द से आत्मा को वाणी और मन की पहूँच से दूर बताया है। श्रुतियो में स्पष्ट है – यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह। नैव वाचा न मनसा प्राप्तुं शक्यो न चक्षुसा।

अप्राणः और अमनाः पदो से ब्रह्म की सूक्ष्म देह से भिन्नता कही गई है। ब्रह्म में पञ्चवृत्यात्मक, क्रियाशक्तिमान और चलनात्मक वायु नहीं रहता, इसलिए वह अप्राण है। उसमें सङ्ल्पविकल्पात्मक मन नहीं है इसलिए वह अमना कहा गया है। भाष्यकार के मत में इन दोनों विशेषणों से ब्रह्म में प्राणादि वायुभेद, कर्मेन्द्रियाँ और उनके विषय तथा बुष), मन, ज्ञानेन्द्रियाँ और उनके विषय प्रतिषि) हो जाते है। अतः वह सभी इन्द्रियो से रहित भी है। प्राणादिवर्जित होने के कारण ब्रह्म सर्वथा विशु) है।

इस प्रकार वह वेदान्त में वर्णित ब्रह्म सम्पूर्ण चराचर जगत् का आधार है जो कुछ भी इस सृष्टिमें विद्यमान है वह उस परमतत्त्व ब्रह्म का ही विवर्त है। मूलरूप में विद्यमान वह ब्रह्म ही परमात्मतत्त्व है।

**संस्कृत दर्शन एवं वैदिक अध्ययन विभाग,**

**वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान**

# राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी भाषा का प्रचार प्रसार

**रश्मि कंवर**

**भूमिका:** हिंदी के प्रसार का इतिहास संघर्ष और विरोधों का इतिहास है। शायद ही किसी भाषा के प्रसार में इतनी बाधाएं उपस्थित हुई हो, जितनी हिंदी के मार्ग में हुई है । फिर भी हिंदी में अंतर्निहित शक्ति ने उन सभी बाधाओं पर विजय पाई है। प्रचार प्रसार का माध्यम है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि प्रसार साध्य है और प्रचार साधन। किसी वस्तु के प्रसार के लिए ही प्रचार की आवश्यकता पड़ती है । प्रचार के साधन इतने समुन्नत हो गए हैं कि वह एक कला बन गया है। वस्तुतः विज्ञान नेप्रचार को बहुत महत्वपूर्ण साधन का रूप दे रखा है।

अब तक अब तक हिंदी का जो प्रसार हुआ है, और जो पर्याप्त संतोष जनक है, वह प्रचार से अधिक दूसरे साधनों के द्वारा ।अब ऐसा समय आ गया है जब प्रचार की भी आवश्यकता है, कारण कि हिंदी के विरोध में बहुत सारी गलत, भ्रामक, मिथ्या यहां तक के अनुचित बातें भी कहीं जाने लगी है। हिंदी का प्रसार है, इसका अर्थ हुआ कि हिंदी का व्यवहार किया जाता है। हिंदी जहां तक पहुंची है, वह किसी की कृपा या अनुकंपा के कारण नहीं बल्कि अपनी उपयोगिता के कारण। यदि हिंदी नहीं होती तो केवल दो प्रतिशत लोगों तक सीमित अंग्रेजी इस देश के अंतः प्रांतीय व्यवहार को संभव नहीं बना पाती।

**भारतवर्ष में हिंदी का स्थान:** हिंदी संपूर्ण भारत को एकता के सूत्र में बांधने वाली भाषा रही है। भारत की भाषाओं में हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक तथा कामाख्या से कच्छ तक समझी और बोली जाती है ।गुजरात के महात्मा गांधी, महर्षि दयानंद, बंगाल के क्षिति मोहन सेन, शारदा चरण मित्र, रवींद्रनाथ ठाकुर, महाराष्ट्र के बाल गंगाधर तिलक ,गोपाल कृष्ण गोखले, पंजाब के लाला लाजपत राय, दक्षिण के चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य तथा मोट्टरी सत्यनारायण ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में संबोधित किया। जिसके फल स्वरूप हिंदी ही स्वाधीनता आंदोलन में शंखनाद की भाषा बनी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में तथा भारत पुनर्जागरण में ,हिंदी को सांस्कृतिक एकता की कड़ी माना गया था दरअसल इस काल में हिंदी जन-जन की भाषा बन गई। यह वह दौर था जब आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी और इस दौरान हिंदी का संपर्क भाषा के रूप में प्रचलन खूब बढ़ा। भारत की जनगणना 2011 में 57.1% भारतीय जनसंख्या हिंदी जानती है। जिसमें से 43.63% भारतीय लोगों ने हिंदी को अपनी मूल भाषा या मातृभाषा घोषित किया था। भारत में हिंदी विभिन्न भारतीय राज्यों की 14 आधिकारिक भाषाओं और क्षेत्र की बोलियों का उपयोग करने वाले लगभग एक अरब लोगों में से अधिकांश की दूसरी भाषा है। हिंदी भारत में संपर्क भाषा का कार्य करती है। और कुछ हद तक पूरे भारत में सामान्यतः सरल रूप में समझी जाने वाली भाषा है। बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर (2020 से), उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली ऐसे राज्य है जहां कि आधिकारिक भाषा हिंदी है और हिंदी भाषी बहुमत है ।हिंदी विश्व के तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।

**क्यों नहीं है हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा:** यदि राष्ट्रभाषा और राजभाषा के अंतर की बात की जाए तो इनमें दो प्रमुख अंतर है ।एक अंतर इन्हें बोलने वालों की संख्या से है और दूसरा अंतर इनके प्रयोग का है। राष्ट्रभाषा जहां जनसाधारण की भाषा होती है और लोग इससे भावात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़े होते हैं तो वहीं राजभाषा का सीमित प्रयोग होता है। राजभाषा का प्रयोग अक्सर सरकारी कार्यालयों और सरकारी कार्मिकों के द्वारा किया जाता है। मगर बहुभाषी देशों के साथ यह समस्या है यहां राष्ट्रभाषा और राजभाषा अलग-अलग होती हैं। राष्ट्रभाषा किसी देश को एक करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होती है। यही कारण है कि महात्मा गांधी ने वर्ष 1917 में गुजरात के भरूच में हुए गुजरात शैक्षिक सम्मेलन में हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाए जाने की वकालत की थी-

''भारतीय भाषाओं में केवल हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है क्योंकि यह अधिकांश भारतीयों द्वारा बोली जाती है। यह समस्त भारत में आर्थिक,धार्मिक और राजनीतिक संपर्क माध्यम के रूप में प्रयोग के लिए सक्षम है तथा इसे सारे देश के लिए सीखना आवश्यक है।'

हालांकि आजादी के बाद इसे लेकर तमाम तरह के विवाद हुए और अंततः अंग्रेजी के साथ इसे राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया ।शुरुआत में तो यह प्रावधान 15 वर्षों के लिए ही था और साथ ही संसद को भी ये शक्ति दी गई थी कि वह अंग्रेजी के प्रयोग को

बढ़ा सकता हैं । वर्ष 1965 में हिंदी को एक मात्र राजभाषा बनाए जाने के समय के पूर्व ही अहिंदी भाषी राज्यों का विरोध इस कदर तीव्र हो गया कि अंततः प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अहिंदी भाषी राज्यों को यह आश्वासन देना पड़ा कि आपकी सहमति के बिना हिंदी को एकमात्र राजभाषा नहीं बनाया जाएगा।इसलिए वर्ष 1963 में राजभाषा अधिनियम पारित किया गया। वर्ष 1967 में इसे संशोधित किया गया। इसमें किए गए प्रावधानों से अहिंदी भाषी राज्यों की तो चिंता खत्म हो गई मगर हिंदी को राष्ट्रीय एकता का प्रमुख तत्व मानने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ गई ।सरकार ने इन चिंताओं को संबोधित करते हुए त्रिभाषा सूत्र दिया। इसके अंतर्गत पहली भाषा मातृभाषा होगी जिसमें प्रारंभिक शिक्षा दी जाएगी। दूसरी भाषा गैर हिंदी भाषियों के लिए हिंदी और हिंदी भाषियों के लिए आठवीं अनुसूची में शामिल कोई भी भाषा होगी। तीसरी भाषा अंतरराष्ट्रीय भाषा यानि अंग्रेजी होगी ताकि शिक्षित भारतीय विश्व से भी आसानी से जुड़ सके।

हालांकि विभिन्न राज्यों की सहमति के अभाव में इसे लागू नहीं किया जा सका। इसी क्रम वर्ष 1976 में राजभाषा अधिनियम लाया गया और इसके अंतर्गत राजभाषा विभाग की स्थापना की गई । यह विभाग हिंदी के प्रचार प्रसार से संबंधित विभिन्न समारोहों जैसे हिंदी दिवस, हिंदी पखवाड़ाऔर हिंदी सप्ताह का आयोजन करता है। इसी के तत्वाधान में 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस दिवस भी मनाया जाता है।

**हिंदी भाषा का प्रचार प्रसार:** हिंदी के प्रचार को दो भागों में बांटा जा सकता है-1. सरकारी और 2. गैर सरकारी।

शासन, न्याय, शिक्षा, वैदेशिक संपर्क आदि ऐसे क्षेत्र है, जिनमें हिंदी का प्रवेश और प्रसार सरकारी स्तर पर ही हो सकता है। इन सभी स्तरों पर अब तक अंग्रेजी रही है और आज भी है। हिंदी के प्रसार में सबसे बड़ी बाधा इस कारण है कि शासन, न्याय आदि का सूत्र संचालन जिनके हाथों में है, वे अंग्रेजी के माध्यम से ही कार्य करने के आदी रहे हैं।

हिंदी के प्रचार के लिए गैर सरकारी माध्यम है हिंदी संस्थान, सिनेमा, समाचार पत्र, रेडियो, पत्र पत्रिकाएं, पुस्तक, वाणिज्य व्यवसाय आदि। इनमें हिंदी संस्थाओं का महत्व और उत्तरदायित्व सबसे अधिक है क्योंकि उनका उद्देश्य ही है हिंदी का प्रचार। नागरी प्रचारिणी सभा, हिंदी साहित्य सम्मेलन, हिंदुस्तानी अकादमी, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, बंगीय हिंदी परिषद, बंगीय हिंदी मंडल आदि संस्थाएं ऐसी हैं जो हिंदी के प्रचार को ही लेकर खड़ी हुई है। किंतु यह मानना होगा कि इनके द्वारा आशानुरूप कार्य नहीं हो सका है। इनमें यदि सबसे अधिक ठोस काम किसी संस्था ने किया है तो वह नागरी प्रचारिणी सभा ने।

हिंदी साहित्य सम्मेलन चाहे प्रांतीय हो, चाहे भारतीय राजनीति का अखाड़ा बनकर रह गया है। अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन कर्तव्य की इति विभिन्न परीक्षाओं की व्यवस्था में ही हो जाती है। और हिंदी के प्रसार या प्रचार के लिए कोई ठोस काम नहीं हो पाया है।

हिंदी के प्रचार में सिनेमा का बहुत बड़ा योगदान है। यों तस्वीरें तो बांग्ला, तमिल, तेलुगू आदि भाषाओं में भी तैयार हुई है किंतु वे तत् क्षेत्रों तक ही सीमित है। एक हिंदी की ही तस्वीरें ऐसी है जो अखिल भारतीय स्तर पर चलती है। तमिल, तेलुगू, कन्नड़ या मलयालम बोलने वाले भी बड़े चाव से हिंदी तस्वीरों को देखते हैं। सच पूछिए तो सिनेमा ने हिंदी के प्रचार में जितना बड़ा काम किया है उतना कोई अन्य माध्यम अभी तक नहीं कर सका है।

सिनेमा के बाद समाचार पत्रों का स्थान आता है। हिंदी के समाचार पत्र हिंदी क्षेत्र में तो प्रकाशित होते ही हैं कोलकाता और मुंबई जैसे नगरों में भी प्रकाशित होते हैं और उनकी खपत सार्वदेशिक है। यह एक ऐसा समर्थ माध्यम है जिससे किसी भाषा के प्रचार में और लोग रुचि के निर्माण में बहुत बड़ी सहायता मिल सकती है। समाचार पत्रों की सबसे बड़ी विशेषता है कि उनकी आवश्यकता प्रतिदिन है। समाचार पत्रों का दैनिक रूप और उनमें प्रकाशित खबरों की सार्वजनिक सुलभता उन्हें जो व्यापकता प्रदान करती है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। कहने की आवश्यकता नहीं है कि संख्या की सुविधा जो हिंदी को है अन्य किसी भारतीय भाषा को नहीं।

किसी भाषा के प्रचार में आजकल रेडियो का बहुत बड़ा हाथ है। समाचार पत्रों, पत्रिकाओं या पुस्तकों से रेडियो में यह वशिष्टय है कि वह जीवित भाषा को सामने लाता है। जीवित भाषा से मेरा तात्पर्य उच्चरित भाषा से है। अर्थात भाषा जिस रूप में बोली जाती है उसे रेडियो उसी रूप में प्रस्तुत करता है। इस प्रकार उसे भाषा संबंधी संस्कार और अभ्यास के निर्माण में जो सहायता मिलती है, वह मुद्रित साधनों से नहीं मिल सकती।

हिंदी में पत्रिकाओं की स्थिति जितनी संतोष प्रद होनी चाहिए, उतनी नहीं है। यह संभवतः इसलिए कि शिक्षा का प्रसार हिंदी क्षेत्र

में उतना नहीं है जितना अनेक अहिंदी क्षेत्रों में। कुछ दिन पहले तक हिंदी में बाल साहित्य की न्यूनता खटकती थी किंतु पिछले कुछ वर्षों में उस दिशा में आशातीत प्रगति हुई है। और बालकों की रुचि और आवश्यकता को ध्यान में रखकर बहुत सारी पुस्तकें निकली है। पत्रिकाओं के गुण और परिमाण में भी प्रशंसनीय प्रगति हुई है। आज अनेक पत्र पत्रिकाएं ऐसी निकल रही है जिनकी अच्छी खासी मांग और खपत है। उपयोगी साहित्य के प्रकाशन की ओर कुछ अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, पर उसका अनिवार्य संबंध शिक्षा के माध्यम से है। इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान आदि के पुस्तक निकली है और इससे भी अधिक और अच्छी निकली होती यदि शिक्षा का माध्यम हिंदी बन गई होती परंतु आज तक माध्यम का प्रश्न निश्चित रूप से निर्णीत नहीं हो पाया और इसलिए प्रकाशक पूर्ण मनो योग से इस ओर उन्मुख नहीं हो पा रहे हैं।

भाषा के प्रसार में धर्म का बहुत बड़ा महत्व है। अंग्रेजी, फ्रेंच आदि का जो प्रसार हुआ है उसमें ईसाई मिशनरियों के धार्मिक प्रचार का बहुत श्रेय रहा है। गीता प्रेस गोरखपुर की सेवाएं इस दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जाएगी और हिंदी के प्रचार में उसका योग निश्चय ही अभिनंदनीय है। कम से कम कीमत में अच्छे से अच्छी पुस्तकें जनसाधारण तक पहुंचा कर गीता प्रेस ने वस्तुतः हिंदी के प्रचार कार्य में बहुत बड़ा योगदान किया है।

